# हरिभूमि

नई दिल्ली
मंगलवार, 22 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी/त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 98
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 32.0
न्यून. 27.0

**बाजार का हाल**



| मार्केट | बंद | बढ़ौतरी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,200.34 | 442.61 ▲ |
| निफ्टी | 25,090.70 | 122.30 ▲ |



| धातु | कीमत | उछाल |
|---|---|---|
| सोना | 99,020/- | 250/- ▲ |
| चांदी | 1,11,000/- | 500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)



| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.31 | 15 पैसे ▼ |
| कूड ऑयल 68.93 बैरल | | 0.48% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने किया स्वीकार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ ने संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन कामकाज निपटाने के बाद अप्रत्याशित कदम उठाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। आखिर ये फैसला क्यों हुआ? फैसला हुआ तो बीच सत्र में इस्तीफा क्यों हुआ? कयासों के बीच इस खबर ने देश के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। उच्च सदन की कार्यवाही के लिए आमतौर पर बंद गले का कोट पहनने वाले सभापति सत्र के पहले दिन सिलवट वाली आधे बाजू की कमीज पहन कर आसंदी पर आये तब भी कुछ सदस्यों के बीच कानआफूसी हुई थी। शायद उसका असर हुआ दूसरी बार सभापति आसंदी पर आये तो कमीज बेहतर थी। कमीज पर बहस अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि देर शाम उनके इस्तीफे की खबर आ गई। धनखड़, जो 11 अगस्त 2022 से उपराष्ट्रपति के रूप में कार्यरत थे, ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंपा। राष्ट्रपति ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है, और अब नए उपराष्ट्रपति की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## जगदीप धनखड़ का राजनीतिक सफर



जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले के किठाना गांव में एक हिंदू राजस्थानी जाट परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ से पूरी की और फिर राजस्थान विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री हासिल की। 1979 में राजस्थान बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकृत होने के बाद, उन्होंने 1990 में राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्राप्त किया। धनखड़ का राजनीतिक करियर 1989 में शुरू हुआ, जब वे झुंझुनू से लोकसभा के लिए चुने गए और 1990-91 तक चंद्रशेखर सरकार में संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे। इसके बाद, वे 1993 से 1998 तक राजस्थान विधानसभा के सदस्य रहे। धनखड़ ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और जनता दल जैसे विभिन्न दलों के साथ काम किया, जिसने उन्हें एक बहुमुखी राजनीतिक व्यक्तित्व बनाया। 2019 में, धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई विवादास्पद ▸▸ शेष पेज 5 पर

***इस्तीफे का प्रभाव:*** *जगदीप धनखड़ का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब भारत की संसद में कई महत्वपूर्ण विधेयक विचाराधीन हैं। उनकी अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक नए सभापति की नियुक्ति आवश्यक होगी। इसके अलावा, उपराष्ट्रपति के पद के लिए जल्द ही नए उम्मीदवार की घोषणा की उम्मीद है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि धनखड़ का इस्तीफा बीजेपी के लिए एक झटका हो सकता है, क्योंकि वे पार्टी के एक वरिष्ठ और अनुभवी नेता थे। हालांकि, यह सरकार के लिए एक अवसर भी हो सकता है कि वह किसी नए चेहरे को इस महत्वपूर्ण पद पर लाए। विपक्ष ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन माना जा रहा है कि वे इस अवसर का उपयोग सरकार पर दबाव बनाने के लिए कर सकते हैं।*

### भविष्य की संभावनाएं

उपराष्ट्रपति के पद के लिए नए उम्मीदवार की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होने की उम्मीद है। संविधान के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों द्वारा किया जाता है। बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के पास संसद में बहुमत होने के कारण, यह संभावना है कि नया उपराष्ट्रपति सत्तारूढ़ गठबंधन का कोई करीबी नेता होगा। इस बीच, जगदीप धनखड़ ने अपने इस्तीफे के पत्र में देश की सेवा करने के अपने अनुभव को सम्मानजनक बताया और कहा कि वे भविष्य में भी समाज सेवा में योगदान देना चाहेंगे। उनके समर्थकों ने उनके निर्णय का सम्मान करते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

### इस्तीफे का कारण

जगदीप धनखड़ ने अपने इस्तीफे के पत्र में स्वास्थ्य समस्याओं को प्रमुख कारण बताया। हाल के महीनों में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर कई अटकलें थीं, और सूत्रों के अनुसार, उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का फैसला किया। हालांकि, कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस इस्तीफे के पीछे अन्य कारक भी हो सकते हैं, जैसे कि केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच बढ़ता तनाव या संसद में हाल के घटनाक्रम। धनखड़, जो राज्यसभा के सभापति भी थे, ने अपने कार्यकाल में कई बार विपक्षी नेताओं के साथ तीखी बहस और विवादों का सामना किया था। फिर भी, उनके इस्तीफे का आधिकारिक कारण स्वास्थ्य ही बताया गया है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन का निधन



**तिरुवनंतपुरम।** भारत के सबसे सम्मानित कम्युनिस्ट नेताओं में से एक और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी. एस. अच्युतानंदन का सोमवार को 101 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। माकपा के प्रदेश सचिव एम. वी. गोविंदन ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग एक महीने पहले एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गए वरिष्ठ नेता का निधन हो गया।

### मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस के सभी 12 आरोपी बरी



**मुंबई।** मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है। इसलिए उन्हें बरी किया जाता है।

### 'रामप्रस्थ ग्रुप' के दो निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने 'रामप्रस्थ ग्रुप' के प्रवर्तकों संदीप यादव और अरविंद वालिया को 1,100 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत सोमवार को गिरफ्तार किया।संघीय जांच एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने निदेशकों के परिसरों और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ अन्य परिसरों पर सुबह छापेमारी की, जिसके बाद ये गिरफ्तारियां हुईं। दोनों रामप्रस्थ प्रमोटर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (आरपीडीपीएल) के निदेशक और अधिकतर शेयरों के धारक हैं।

# विपक्ष के सवाल पर नड्डा का जवाब, हर सवाल का देंगे जवाब, लेंडिंग बिल पास

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



संसदीय मॉनसून सत्र के पहले दिन ही राज्यसभा में विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति ने आसंदी से विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को जब तय परिपाटी के मुताबिक उनके पांच दशक के संसदीय जीवन के बारे में संक्षिप्त में बताते हुए जन्मदिन की शुभकामनायें दी फिर बाद में समूचे सदन ने मेज थपथपाकर विपक्ष के नेता को हैप्पी बर्थडे विश किया तो माना जा रहा कि विपक्षी तेवर अपेक्षाकृत नरम रहेंगे।

लेकिन हुआ उल्टा। कार्यवाही शुरू होते ही खरगे ने नियम 267 के तहत ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला और रेणुका चौधरी ने नियम 267 के तहत कार्य स्थगन नोटिस देकर पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग की थी। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान संबंधों, पहलगाम हमले में आंतरिक सुरक्षा की चूक, और बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की पारदर्शिता पर सवाल उठाए। इस पर सदन के नेता केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगतप्रकाश नड्डा ने विपक्षी दलों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हर वाजिब सवालों का जवाब देने को, विस्तार से चर्चा करने को तैयार है। सभापति को समय तय करने दीजिये। इस पर विपक्षी दल नहीं माने। भारी हंगामा, नारेबाजी और शोरगुल शुरू हो गया। उसके बाद कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सरकार इन मुद्दों पर चर्चा से बच रही है और मॉनसून सत्र की तारीखों की घोषणा डेढ़ महीने पहले कर विशेष सत्र से बचने की कोशिश की गई। हंगामे ▸▸ शेष पेज 5 पर

### चर्चा के बाद लेंडिंग बिल पास

21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में कई अहम विधेयकों पर चर्चा और हंगामे की संभावना पहले से ही जताई जा रही थी, और पहले दिन की कार्यवाही ने इसकी पुष्टि कर दी। पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे मुद्दों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी की थी। वो तैयारी सदन में दिखी। ट्रेजरी बेंच की तैयारी भी दिखी तभी हंगामें के बाद भी प्रश्नकाल चला। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल द्वारा पेश किये गये लेडिंग बिल पर चर्चा के बाद से पास करा लिया गया।

# राज्यसभा में खरगे-पहलगाम हमले के आतंकी न पकड़े गए न मारे गए, जवाब दें प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता वाले बयानों को लेकर सदन में विस्तृत बहस की मांग की है और इसपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा है। सोमवार से शुरू हुए मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा में बोलते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने नियम 267 के तहत चर्चा की मांग की। खरगे ने कहा कि उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न तो पकड़े गए हैं और न ही मारे गए हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के उस बयान का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने खुद पहलगाम में खुफिया और सुरक्षा चूक होने की बात स्वीकार की थी। राज्यसभा में नेता विपक्ष ने याद दिलाया कि देश में एकता बनाए रखने और सेना को मजबूती देने के लिए विपक्ष ने बिना किसी शर्त के सरकार को समर्थन दिया था। ऐसे में सरकार को पूरी स्थिति के बारे में बताना चाहिए।

खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, उप सेना प्रमुख और एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी द्वारा किए गए खुलासों पर भी मोदी सरकार से स्पष्टीकरण मांगा। इसके अलावा, उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 24 बार दिए गए उन बयानों पर भी सरकार से अपना रुख स्पष्ट करने को कहा, जिनमें ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने व्यापार न करने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम करवाया। उन्होंने इसे देश के लिए अपमानजनक करार दिया। खरगे ने इस बात का भी

### राहुल ने उठाया संसद में विपक्ष के साथ भेदभाव का मुद्दा

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने संसद में विपक्ष के साथ भेदभाव का मुद्दा उठाया। संसद भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सदन में किसी मुद्दे पर रक्षा मंत्री और सत्ताधारी दल के लोगों को बोलने दिया जाता है, लेकिन अगर विपक्ष का कोई नेता कुछ कहना चाहता है तो उसे अनुमति नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें बोलने का अधिकार है, लेकिन उनको बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार अगर सरकार के पक्ष से मंत्री कुछ बोलें तो विपक्ष को भी अपनी बात कहने का अवसर दिया जाना चाहिए। हम बोलना चाहते थे, लेकिन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मानसून सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्यवाही

# तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित की गई सदन की कार्यवाही

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई। कुल तीन बार के स्थगन के बाद शाम चार बजे सदन की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

विपक्ष के हंगामे में मुख्य रूप से पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं की कार्यवाही यानी ऑपरेशन सिंदूर समेत अन्य मामलों पर सदन में विस्तृत चर्चा की मांग शामिल रही। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही की शुरुआत के साथ ही कांग्रेस के साथ ही अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने लोकसभा ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मारे गए 100 से ज्यादा आतंकवादी

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्यवाही की थी। जिसमें सीमा पार पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद कुल 9 आतंकी ठिकानों को पलक झपकते ही मटियामेट कर दिया था। भारत की ये सैन्य कार्यवाही इतनी सटीक थी कि उसमें पाकिस्तान के पाले-पोसे हुए 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आतंकी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संपूर्ण सदन की तरफ से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा आतंकवाद को लेकर बनी हुई भारत की शून्य सहिष्णुता की नीति को लेकर मजबूती के साथ देश की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने निर्दोष लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी। यह सभी मृतकों के प्रति गहरा शोक प्रकट करती है। आतंकी हमले की इस घटना ने पूरे देश ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व की चेतना को गहरा आघात पहुंचाया था। भारत सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर हमेशा काम ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 22 मिनट में नेस्तनाबूद किए आतंकी ठिकाने

संसद की कार्यवाही की शुरुआत से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस सैन्य अभियान में भारतीय सेना ने 22 मिनट के भीतर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट कर अपनी क्षमता का परिचय दिया था। यह अभियान पूरी तरह से देश के अंदर निर्मित स्वदेशी हथियारों की मदद से लड़ा गया था। जिसने समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। संसद का मानसून सत्र हमारी सैन्य शक्ति के इसी उत्सव ▸▸ शेष पेज 5 पर

### जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू

# लोकसभा में 145, राज्यसभा में 63 सांसदों ने दिया नोटिस

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



संसद के दोनों सदनों में जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए सांसदों ने नोटिस दिया है। जिसमें लोकसभा के 145 सांसद और राज्यसभा के 63 सांसद शामिल हैं। घर से अधजले नोटों की बरामदगी के बाद जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने की सिफारिश की गई है। यशवंत वर्मा को इस विवाद के बाद दिल्ली हाई कोर्ट से वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया गया है। न्यायाधीश को हटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत प्रक्रिया तय की गई है। लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। अगर ▸▸ शेष पेज 4 पर

### अनुभवी राजनेता घोष राज्य के 19वें राज्यपाल बने

# प्रो. अशीम कुमार घोष ने हरियाणा के राज्यपाल के रूप में ली शपथ

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



हरियाणा के नव नियुक्त राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने सोमवार को राज्य के 19वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में आयोजित समारोह में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू ने प्रो. अशीम कुमार घोष को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष, एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद और अनुभवी राजनेता हैं, जो लगभग चार दशकों तक कोलकाता के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अकादमिक शोध और राजनीतिक विमर्श में ▸▸ शेष पेज 5 पर

# भाजपा सांसदों ने राज्यसभा में जब अपनी सरकार को घेरा, हर सवालों का नागरिक उड्डयन मंत्री ने दिया तार्किक जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप

- अक्टूबर तक 190 पदों पर होगी बहाली, पटना से अंतर्राष्ट्रीय उडान संभव नहीं

राज्यसभा में मॉनसनू सत्र के पहले ही दिन नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू रामोहन नायडू सदन की कसौटी पर थे। प्रश्नकाल चल रहा था। पहला सवाल बिहार के भाजपा सांसद भीम सिंह ने पूछा। भीम सिंह भाजपा से हैं लेकिन सवाल उनके विपक्ष से भी थे। उन्होंने मंत्री से पूछा कि जब पटना हवाई अड्डा से कोई अंतर्राष्ट्रीय उडान नहीं है तो हवाई अड्डे का नाम पटना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा क्यों रखा गया है? जवाब में नागरिक उड्डयन मंत्री ने माना कि पटना हवाई अड्डा से अंतर्राष्ट्रीय उडान संभव नहीं क्यों कि वहां की हवाईपट्टी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं है। तकरीबन एक हजार मीटर छोटी है। उन्होंने दो टूक कहा कि पटना हवाई अडडे का विस्तार भौगोलिक कारणों से नहीं किया जा सकता। एक तरफ रेलवे लाइन है। दूसरी तरफ क्लॉक टावर है। तीसरी तरफ जूलॉजिकल पार्क है। इसीलिए नये हवाई अड्डे पर विचार चल रहा है। उसके बाद भी सांसद को समझाने के लिए मंत्री ने कहा कि आशियान देशों की उडान पटना हवाई अड्डे से की जा सकती है अगर संबंधित देशों की हवाई कंपनियां भारत सरकार ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ढाका में हुए विमान हादसे पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख

# एक्स पोस्ट में बोले पीएम, बांग्लादेश के साथ पूरी एकजुटता से खड़ा भारत, सहयोग के लिए तैयार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हुए बांग्लादेश की वायुसेना के एफ-7 विमान हादसे पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं प्रकट की हैं। साथ ही कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत पूरी एकजुटता के साथ बांग्लादेश के साथ खड़ा है और उसे हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

घटना के तुरंत बाद एक्स पर एक पोस्ट के जरिए पीएम ने यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा, 'ढाका में एक दुखद हवाई दुर्घटना में हुए जानमाल के नुकसान से हम अत्यंत स्तब्ध और दुखी हैं। जिसमें कई युवा छात्र भी थे। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इसके अलावा हम घायलों के जल्द से जल्द ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हादसे में 19 लोग मारे गए

बांग्लादेश के मीडिया के मुताबिक, 21 जुलाई की दोपहर करीब 1 बजकर 30 मिनट की यह घटना है। जिसमें बांग्लादेश की वायुसेना का चीन में निर्मित एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान माइलस्टोन कॉलेज क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई है। विमान ने हादसे का शिकार होने से 25 मिनट पहले ही उड़ान भरी थी। माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज के प्रवक्ता ने बताया कि यह विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। जिस वक्त यह घटना हुई। उस दौरान स्कूल के परिसर में कक्षाएं चल रही थीं। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एफ-7 नामक यह विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से ठीक पहले अचानक तेज आवाज के साथ स्कूल की इमारत के साथ जा टकराया। जिससे छात्रों और कर्मचारियों में दहशत फैल गई और स्कूल परिसर में अफरातफरी मच गई।

### कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने स्वदेश में डिजाइन के साथ किया युद्धपोत का निर्माण

# उथले पानी में पनडुब्बी रोधी युद्ध में मददगार 'अजय' युद्धपोत का हुआ जलावतरण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा स्वदेश में डिजाइन के साथ निर्मित 'यार्ड 3034 यानी अजय' युद्धपोत का सोमवार को जलावतरण (लांच) किया गया। जो उथले जल में पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल (एएसडब्ल्यू एसडब्ल्यूसी) में बेहद मददगार साबित होगा। यही इसकी मूल श्रेणी भी है। जानकारों का कहना है कि जलावतरण के बाद भविष्य में इस युद्धपोत को विभिन्न प्रकार के परीक्षणों (समुद्री परीक्षण भी शामिल) से गुजरना ▸▸ शेष पेज 5 पर

### दूसरा युद्धपोत अगस्त में आएगा




पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल की उक्त श्रेणी से जुड़ा पहला युद्धपोत अर्नाला था। जिसे पिछले महीने 18 जून को नौसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन किया गया था। अब इसी श्रेणी के दूसरे युद्धपोत को अगले अगस्त महीने में बल के जंगी बेड़े में कमीशन किए जाने की संभावना है। इन युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से उसकी पानी के अंदर दुश्मन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### युद्धपोत में 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री

नौसेना ने कहा कि यह युद्धपोत पनडुब्बी रोधी युद्ध कौशल से जुड़ी हुई श्रेणी का आठवां और अंतिम युद्धपोत है। जिसे स्वदेशी ढंग से डिजाइन के साथ जीआरएसई ने बनाया है। अजय युद्धपोत के जलावतरण का यह क्षण भारतीय नौसेना के जहाज निर्माण, हथियार, सेंसर और उन्नत संचार-इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बनी हुई प्रतिबद्धता का साक्षात प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसमें 80 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री लगाई गई है। जिससे यह सरकार के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान की भी पूरी तरह से पूर्ति करता हुआ नजर आ रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में युद्धपोत की एक बार तैनाती के बाद से देश के राष्ट्रीय समुद्री हितों को सराहनीय रूप से सुरक्षित रखा जा सकेगा।



# कांवड़ यात्रा : दिल्ली में 23 जुलाई तक प्रमुख सड़कें बंद, यातायात पुलिस ने जारी किया परामर्श

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांवड़ यात्रा के अंतिम चरण में तीर्थयात्रियों की भीड़ के कारण राष्ट्रीय राजधानी की कई प्रमुख सड़कें 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक बंद रहेंगी। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा सोमवार को जारी विस्तृत परामर्श में यह जानकारी दी गई। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कांवड़ियों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करने के लिए केशव चौक गोलचक्कर से युधिष्ठिर सेतु (आईएसबीटी) तक सड़क का बायां मार्ग 21 जुलाई को सुबह आठ बजे से 23 जुलाई को सुबह आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा जारी एक अलग परामर्श में कहा गया कि अप्सरा बॉर्डर से शाहदरा तक जीटी रोड, सीमापुरी से अप्सरा बॉर्डर और आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर सहित कई प्रमुख मार्ग भी इस अवधि के दौरान बंद रहेंगे।

इसने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि स्वामी दयानंद मार्ग से केशव चौक (जीटी रोड की ओर) और पुस्ता रोड से शास्त्री पार्क तक यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे इन मार्गों से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। यातायात पुलिस ने रास्तों के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि केशव चौक और युधिष्ठिर सेतु (आईएसबीटी) के बीच का मार्ग वाहनों के लिए बंद है और सीमापुरी से अप्सरा बॉर्डर तक का मार्ग यातायात के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

परामर्श के अनुसार, आनंद विहार से अप्सरा बॉर्डर तक के मार्ग पर 23 जुलाई सुबह आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। जीटी रोड से विवेक विहार अंडरपास तक यातायात बंद रहेगा। स्वामी दयानंद मार्ग से केशव चौक (जीटी रोड की ओर) तक भी यातायात पर प्रतिबंध रहेगा। पुस्ता रोड से शास्त्री पार्क तक भी यातायात पर रोक रहेगी। पुलिस ने यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों को अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि स्वामी दयानंद मार्ग से आईएसबीटी की ओर जाने वाले यात्रियों को या तो केशव चौक अंडरपास से मौजपुर जाना चाहिए या श्याम चौक से यू-टर्न लेकर विकास मार्ग या मास्टर प्लान रोड होते हुए आईएसबीटी पहुंचना चाहिए। इसने बताया कि सीलमपुर टी-प्वाइंट से आने वाले वाहनों को रोड नंबर 66 के जरिये वजीराबाद रोड की ओर जाना चाहिए।

## डीटीसी सुरक्षा कर्मियों को दी अग्निशमन की ट्रेनिंग



**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने सोमवार को हरि नगर डिपो-2 में सुरक्षा कर्मियों के लिए एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षा कर्मियों को आग बुझाने और जान-माल की रक्षा हेतु सतर्क, सक्षम और सजग बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा कर्मियों को आग लगने की विभिन्न परिस्थितियों, प्राथमिक बचाव तकनीकों, फायर एक्सटिंग्विशर के उपयोग, और भीड़ नियंत्रण जैसी महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई। व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों को यह भी सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में तुरंत क्या कदम उठाने चाहिए।

प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व अनुभवी अग्निशमन अधिकारियों द्वारा किया गया, जिन्होंने उदाहरणों और लाइव डेमो के ज़रिए प्रशिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाया। कार्यक्रम में डिपो प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और सुरक्षा कर्मियों के उत्साह की सराहना की।

### लोगों को उमस से मिली राहत

# दिल्ली में हुई झमाझम बारिश, येलो अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार शाम को कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे पहले आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवा भी चली। बारिश के बाद लोग इधर-उधर छिपते नजर आए। हालांकि इस बारिश से दिल्ली के लोगों को उमस से राहत मिली। वहीं मौसम विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली में अगले कुछ घंटों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।मौसम विभाग ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में कहा कि अगले कुछ घंटों में दिल्ली के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इससे पहले दिन में बादल छाए रहने के बीच शहर में न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह 8:30 बजे आर्द्रता का स्तर 83 प्रतिशत रहा। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, पंजाबी बाग, कश्मीरी गेट, वेलकम, कनॉट प्लेस आदि में तेज बारिश हुई। हालांकि इस बारिश में भी मिंटो ब्रिज के नीचे पानी नहीं भरा। गाड़ियों की आवाजाही सामान्य बनी रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार सोमवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 77 दर्ज किया गया जो संतोषजनक श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बहुत खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है।



## हरियाली तीज हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव : प्रवेश

**नई दिल्ली।** हरियाली तीज हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। जो परिवार, परंपरा और महिलाओं की भूमिका को सम्मान देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने दिल्ली स्ट्डी ग्रुप द्वारा आयोजित हरियाली तीज उत्सव के 16वें संस्करण के भव्य आयोजन के अवसर पर यह संबोधन दिया। वहीं, कार्यक्रम के शुभारंभ पर दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मंजिंदर सिह सिरसा ने और प्रवेश साहिब सिंह ने 'एक पेड़ माँ के नाम' सभी लगायें जाने का आग्रह किया। दिल्ली स्ट्डी ग्रुप अध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं वैश्विक भारत ब्रांड एंबेस्डर डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में इस आयोजन में न केवल भारतीय संस्कृति का गौरवशाली प्रदर्शन किया बल्कि जन-जन के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रोत्साहित किया। रंग बिरंगी साड़ियां, चुड़ियां और मेहंदी से सजी महिलाओं ने गुजराती डांडिया और बॉलीवुड गीतों की धूनों पर थिरकना शुरू किया तो वातावरण पूरी तरह हरियाली तीजमय हो गया। बताया गया कि उत्सव में भारतीय संस्कृति की छटा दिखी।

## विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेवा सेवा केंद्र का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विजेंद्र गुप्ता ने नेतृत्व में सोमवार को दिल्ली के विधायको ने एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) की कार्यप्रणाली को समझा। पहले बैच के विधायकों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए एप्लिकेशन की कार्यप्रणाली में गहरी रुचि दिखाई। इस बात की जानकारी दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दी। गौरतलब है कि विधायी कार्यों के डिजिटलीकरण और पारदर्शिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा परिसर में नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) सेवा केंद्र का उद्घाटन किया और नेवा के पहले चरण की सफलता को रेखांकित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में गुप्ता ने कहा कि नेवा सेवा केंद्र का उद्घाटन और नेवा के पहले चरण की सफलता एक डिजिटल और पारदर्शी विधायिका की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया, कागज रहित शासन और 'वन नेशन, वन एप्लिकेशन' के विजन के अनुरूप है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया। नेवा के माध्यम से अब हम उस कमी को पूरा कर रहे हैं और एक उत्तरदायी एवं आधुनिक विधायी व्यवस्था की ओर अग्रसर हैं। गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक सदस्य को नेवा एप्लिकेशन से युक्त स्मार्टफोन प्रदान किया गया, जिससे वे कार्यसूची, प्रश्न, दस्तावेज़ और सत्र संबंधी जानकारी तक आसानी से पहुंच सकें। सदस्यों ने इस पहल की सराहना की और इसे विधायी कार्यों की दक्षता में सुधार हेतु एक उपयोगी कदम बताया।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **गुलाम मुस्तफा, पुत्रः** मो0 अजूब, **पताः** जे–250, सेक्टर 01, डीएसआईआईडीसी, बवाना, दिल्ली, **FIR No. 377/2018, U/s 33 Delhi Ex. Act, थानाः** बवाना, दिल्ली, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलाम मुस्तफा**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **गुलाम मुस्तफा**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 377/2018, U/s 33 Delhi Ex Act, थानाः** बवाना, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **गुलाम मुस्तफा**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05,
जिला पश्चिम, कमरा न.114
रोहिणी कार्ट, दिल्ली

DP/9607/ON/2025
(Court Matter)

## दिल्ली में बच्चों के खेलने के लिए नहीं बचे मैदान : मालीवाल

**हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।** सांसद स्वाति मालीवाल ने सोमवार को राज्यसभा में दिल्ली और अन्य बड़े शहरों में बच्चों के खेलने के लिए मैदानों कमी का मामला राज्यसभा में उठाया। इस बात की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी। स्वाति एक्स पर लिखा कि दिल्ली और बड़े शहरों में नहीं बचे बच्चों के लिए खेलने के लिए प्लेग्राउंड और मैदान। बच्चों का बचपन मोबाइल स्क्रीन तक सिमट रहा है। खेल कूद बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी। दिल्ली समेत बड़े शहरों में बच्चों के खेलने की जगह खत्म हो गई है। जहां कभी बच्चे पैसे जोड़कर बैट-बॉल लाकर मैदान में क्रिकेट खेलते थे, अब बच्चे ग्राउंड्स के अभाव में स्क्रीन पर वर्चुअल गेम्स खेल रहे हैं। खेलकूद बच्चों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, आज ये मुद्दा संसद में उठाया।

## ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सीएम को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली में धार्मिक स्थलों जैसे मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों पर लाउडस्पीकरों के अनियंत्रित और अनावश्यक उपयोग से उत्पन्न हो रहे बढ़ते ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए, नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) में मनोनीत निगम पार्षद एवं सहयोग दिल्ली के अध्यक्ष मनोज कुमार जैन ने दिल्ली सरकार से ध्वनि प्रदूषण की दिशा में सख्त कदम उठाने की अपील की है। जैन ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा को एक औपचारिक पत्र लिखकर आग्रह किया है कि महाराष्ट्र सरकार की तरह दिल्ली में भी ध्वनि प्रदूषण के अंतर्गत अधिसूचना जारी की जाए। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने जुलाई 2025 में एक प्रभावी अधिसूचना जारी कर धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के उपयोग को नियंत्रित करने की दिशा में सराहनीय पहल की है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **(1) बलबीर सिंह (2) गुरनाम सिंह पुत्रगण गुरबचन सिंह निवासीगण म. नं. 28/122, कस्तूरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 98/2013 अन्तर्गत धारा 498ए/406/34 आईपीसी दिनांक 16.06.2013 थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण **(1) बलबीर सिंह (2) गुरनाम सिंह** मिल नही रहे हैं, और मुझे सामाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्तगण **(1) बलबीर सिंह (2) गुरनाम सिंह** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 98/2013 अन्तर्गत धारा 498ए/406/34 आईपीसी दिनांक 16.06.2013 थाना हर्ष विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्तगण **(1) बलबीर सिंह (2) गुरनाम सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**निधि बाला**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
महिला कोर्ट–03, कमरा नं. 08
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/9410/NE/2025
(Court Matter)

# एबीवीपी ने डीयू प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने छात्र हितों से जुड़ी कई अहम मांगों को लेकर सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्रों ने 'छात्र अधिकार मार्च' निकाला एवं मार्च के समापन के बाद एबीवीपी और एबीवीपी समर्थित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) पदाधिकारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए।

एबीवीपी दिल्ली प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा, डूसू सचिव मित्रविंदा कर्णवाल, डूसू उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छात्रों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। हम हॉस्टल, फीस और सुरक्षा जैसे मूलभूत मुद्दों को लेकर वर्षों से आवाज़ उठा रहे हैं, लेकिन समाधान के नाम पर केवल औपचारिकता की जाती है। यह 'छात्र अधिकार मार्च' एक चेतावनी है। अब यदि प्रशासन ने संवाद और समाधान नहीं किया, तो हमारा धरना और आंदोलन और व्यापक रूप लेगा। साथ ही हम प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि जब तक हमारी मांगें मानी नहीं जाती तब तक हम धरने पर से हटेंगे नहीं। डूसू पदाधिकारियों ने बताया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस शांतिपूर्ण आंदोलन को हल्के में लिया, तो यह संघर्ष हर कॉलेज और हर छात्र तक पहुंचेगा तथा हम इन मांगों को मनवाकर ही दम लेंगे।

### अपनी मांगों को लेकर बैठ गए धरने पर

एबीवीपी ने यह मार्च दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) से आरंभ किया और मेट्रो की मुख्य सड़क से होते हुए कला संकाय (आर्ट्स फैकल्टी) पर पहुंचकर संपन्न किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया और अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए और संघर्ष तेज करने का ऐलान किया।

## भाजपा सरकार में यमुना मैया और हो गईं मैली : संजीव झा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने सोमवार को कहा कि यमुना को प्रदूषण मुक्त बनाने के भाजपा सरकार के दावों की पोल खुद उसकी ही एजेंसी डीपीसीसी ने खोल दी है। डीपीसीसी की रिपोर्ट कह रही है कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद यमुना मैया और मैली हो गई हैं। जिन इलाकों में यमुना बिल्कुल साफ थीं, अब वहां भी दो-तीन गुना प्रदूषण बढ़ गया और जलीय जीव मर रहे हैं। भाजपा सरकार ने तो 90 दिनों में यमुना को साफ करने का दावा किया था, लेकिन अब तो छह महीने हो चुके हैं। प्रैसवार्ता में संजीव ने कहा कि डीपीसीसी ने एक जुलाई को यमुना के कई जगहों से पानी का सैंपल लिया था और 18 जुलाई को अपनी रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट बता रही है कि भाजपा सरकार के आने के बाद यमुना में प्रदूषण की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यमुना के जिन हिस्सों में प्रदूषण नहीं था और पानी बिल्कुल साफ था। आज उन सभी जगहों पर पानी की गुणवत्ता खराब हो गई है। पानी में प्रदूषण बढ़ा है। पल्ला से लेकर वजीराबाद तक यमुना की लंबाई 22 किलोमीटर की है। इतनी दूरी में यमुना के पानी में बीओडी, एफसी खराब नहीं होते थे। एक जुलाई को लिए गए सैंपल की रिपोर्ट कहती है कि अब यहां के पानी में दो-तीन गुना प्रदूषण बढ़ गया है।

## दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड के पेंशनभोगियों के लिए ग्रेच्युटी सीमा में की पांच लाख की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने दिल्ली विद्युत बोर्ड-कर्मचारी टर्मिनल लाभ निधि (2002) के पेंशनभोगियों के लिए ग्रेच्युटी की सीमा में 5 लाख की बढ़ोतरी की मंजूरी दी है। उल्लेखनीय है कि अब पेंशनभोगियों की ग्रेच्युटी 20 से बढ़ाकर 25 लाख रुपए होगी। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली विद्युत बोर्ड-कर्मचारी टर्मिनल लाभ निधि (2002) के पेंशनभोगियों की यह काफी समय से लंबित मांग थी, जिसे अब दिल्ली सरकार ने मंजूरी दी। इस निर्णय से लगभग 500 पेंशन भोगियों को तत्काल लाभ होगा। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पेंशन ट्रस्ट के अंतर्गत दिल्ली विद्युत बोर्ड- कर्मचारी टर्मिनल लाभ निधि (2002) के पेंशनभोगियों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिसके अंतर्गत ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए करने का प्रस्ताव रखा गया है। प्रस्ताव पर ऊर्जा विभाग द्वारा विस्तार से चर्चा की गई और इसे बोर्ड ऑफ ट्रस्टी के विचार एवं अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है। ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने बताया है कि दिल्ली सरकार अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके सभी मामलों का समय पर समाधान भी सुनिश्चित करती है।

## विपक्ष को खत्म करने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भाजपा सरकार : आतिशी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को ईडी पर की गई तल्ख टिप्पणी के बाद सोमवार को आम आदमी पार्टी ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग पर दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में एक बार फिर ईडी एक्सपोज हो गई। भाजपा सरकार विपक्ष को खत्म करने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कर्नाटक के एक केस की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर कड़ी टिप्पणी कर कहा है कि क्यों ईडी राजनीतिक हथियार बन रही है? इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को पिंजरे में बंद तोता बताया था।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरूग्राम | नगर निगम गुरूग्राम के तहत बंधवारी लैंडफिल से लीचेट की शिफ्टिंग / परिवहन हेतु आकलन + 8 कार्य। | 19.07.2025 28.07.2025 | 2,20,96,484/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरूग्राम | एसएलएफ साइट बंधवारी में व्यू कटर के साथ-साथ सीसी रोड का निर्माण। | 18.07.2025 28.07.2025 | 2,07,69,816/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996702244 ee7@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/36783/I/88/7 दि. 21.07.25

## डीटीसी पेंशन धारियों ने दी प्रदर्शन की चेतावनी

**नई दिल्ली।** डीटीसी से सेवानिवृत्त कर्मियों ने पेंशन की मांग को लेकर दिल्ली सरकार को चेताया है। सोमवार को डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुखवीर सैनी ने बताया कि यदि सरकार द्वारा समाधान नहीं किया गया तो आगामी मानसून सत्र में सेवानिवृत पेंशनधारी धरना प्रदर्शन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि डीटीसी के 19 हजार पेंशनधारी सोमवार तक भी जून माह की पेंशन का एक-एक दिन इंतजार कर रहे हैं। किंतु मंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक खाली हाथ बैठे हैं। संघ के महामंत्री बाला दत्त ने बताया कि परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने 12 जुलाई 2025 को डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी संघ को बताया था कि दो-तीन दिन में पेंशन आ जाएगी किंतु 10 दिन बाद भी पेंशन नहीं मिली है।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में गांव इंताल कलां में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी (जीवीडी) का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 25.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में नीलोखेड़ी निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0 से 760 (एलएचएस) तक जीटी रोड से आरओबी तरावड़ी (रोड आईडी 7462) पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग करनाल द्वारा सीवर लाइन बिछाने के लिए पुनरोद्धार कार्य। | 18.07.2025 24.07.2025 | 80.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में एमएनएसएस राई के परिसर में सीवर लाइन बिछाना + 1 कार्य। | 17.07.2025 28.07.2025 | 606.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हांसी में नये अतिरिक्त लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (डीजी सैट सहित सम्बद्ध सामग्री का प्रावधान केवल)। | 17.07.2025 28.07.2025 | 12.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | निदेशक मत्स्य पालन हरियाणा पंचकूला | मत्स्य पालन विभाग, हरियाणा के लिए किसान प्रशिक्षण, एडवाइजरी और चैटबॉट समेत मोबाइल एप्लीकेशन सहित यूनिफाइड सिस्टम की डिजाइनिंग, विकास और क्रियान्वयन। | 19.07.2025 02.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 8222099090 fisheries@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | वर्कशॉप सब-डिवीजन नं. 1, करनाल में एसवाईएल टेल, एनबीके और बुड़शाम माइनर गेट्स एवं गियरिंग पेंटिंग। | 21.07.2025 28.07.2025 | ईएमडी 3434/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 7 | स्वास्थ्य विभाग, जीन्द | फूड कैटरिंग सेवा मदों की सर्विसिंग हेतु ई-निविदा सूचना। | बंद होने की तिथि 27.07.2025 | 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 8 | महिला एवं बाल विकास, पंचकूला | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी और अन्य आपूर्ति के परिवहन कार्य हेतु निविदा। | 22.07.2025 12.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 9 | सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रोनिक्स एवं संचार विभाग सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | हरियाणा के सभी 22 जिलों के जिला लघु सचिवालय में स्ट्रक्चर्ड लोकल एरिया नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना, कन्फीग्रेशन परीक्षण एवं प्रचालन। | 18.07.2025 18.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/180/36825/I/88/7 दि. 21.07.25

समाज कल्याण विभाग व अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग की कल्याणकारी योजनाओं पर सीएम ने की समीक्षा बैठक

# सभी कल्याणकारी योजनाओं को परखा जाएगा दोबाराः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

### अधिक से अधिक गरीबों, बुजुर्गों और वंचित वर्गों की आर्थिक मदद करेगी सरकार



दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग और अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग द्वारा चलाई जा रहीं सभी मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं को दोबारा से परखा जाएगा, ताकि ताकि योग्य लाभार्थियों तक सहायता पहुंचे और अपात्र व्यक्तियों को योजनाओं से बाहर किया जा सके। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों, बुजुर्गों और सरकारी आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले लोगों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। मुख्यमंत्री का कहना है कि विकलांगों को डिजिटल कार्ड देने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री का कहना है पिछली सरकार ने इस वर्ग के साथ धोखाधड़ी की है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। इस बैठक में सामाजिक कल्याण विभाग और अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार केवल आर्थिक सहायता ही नहीं बल्कि पुनर्वास, कौशल विकास, शैक्षिक सहायता और अन्य सामाजिक सेवाएं भी प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि गरीब, बुजुर्ग व अन्य वर्ग के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं जिनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आर्थिक सहायता योजना शामिल है। यह योजना 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/जनजाति समुदायों या आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आने वालों को मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पात्र व्यक्तियों को उनकी आयु के अनुसार 2 हजार रुपये से 2 हजार 500 रुपये तक की राशि दी जाती है। इस योजना के तहत चार लाख से अधिक बुजुर्गों को यह राशि प्रदान की गई। इसका उद्देश्य यह है कि सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि विकलांग व्यक्तियों के लिए सहायता योजना (पीडब्ल्यूडी) भी चला रहा है। इसके अंतर्गत गंभीर दिव्यांगता वाले और आत्मनिर्भर नहीं हो सकने वाले व्यक्तियों को 2 हजार 500 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता दी जाती है।

### पिछली सरकार ने वंचित लोगों के साथ गंभीर स्तर पर की धोखाधड़ी

मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने दिल्ली के इन वंचित लोगों के साथ गंभीर स्तर पर लगातार धोखाधड़ी की, जिसका परिणाम यह हुआ कि असली वंचितों के बजाय फर्जी लोग भी इसका लाभ उठा ले गए। उन्होंने जानकारी दी कि पिछली सरकार के कार्यकाल में विधवा महिलाओं को पेंशन देने में भारी गड़बड़ियां पाई गई थी। पिछली सरकार के कार्यकाल में जो पात्र नहीं थे, उन्हें भी पेंशन दी जा रही थी। लेकिन हमारी सरकार अब ऐसा नहीं होने देगी। जो पात्र होंगे, उन्हें हर हाल में आर्थिक मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपात्र को ऐसी योजनाओं से बाहर किया जाएगा।

## इसी माह समर्पित किए जाएंगे 30 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर : डॉ. पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों को इसी माह 30 और नए आरोग्य मंदिरों की सौगात मिल जाएगी। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी। गौरतलब है कि दिल्ली के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इस उच्चस्तरीय बैठक में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए, एनडीएमसी के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि अगस्त महीने के अंत तक 75 और नए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' बनाकर दिल्ली के नागरिकों को समर्पित कर दिए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमसीडी के खाली पड़े समुदायिक केंद्रों, बारात घर, मार्केट में खाली पड़ी दुकानों, कम्युनिटी सेंटर, पॉली क्लिनिक, रेसिडेंशियल साइट के खाली पड़े स्थानों की पहचान कर दिल्ली सरकार 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' की स्थापना करने जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि दिल्ली के ग्रामीण इलाके के बस्ती विकास केंद्रों में भी 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' खोलने के लिए दिल्ली सरकार ने पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के निर्माण के लिए एमसीडी के कुल 429 स्थानों की पहचान चिन्हित की गई है, जिनमें से 98 जगहों के लिए एनओसी भी मिल चुकी है।

### पीपीपी मॉडल पर दिल्ली को 'ग्लोबल इवेंट हब' बनाया जाएगा : कपिल मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के आधार पर दिल्ली को ग्लोबल इवेंट हब बनाएगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यटन, कला, संस्कृति और भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने सोमवार को विभाग के अधिकारियों और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों' के दिग्गजों के साथ सचिवालय में बैठक करने के बाद दी। बैठक में दिल्ली में इवेंट इंडस्ट्री को और अधिक सशक्त व संगठित करने के लिए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें डिजिटल सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम की शुरुआत का प्रस्ताव रखा गया जिससे आयोजकों को सभी प्रकार की अनुमतियाँ और लाइसेंस एक ही डिजिटल मंच पर शीघ्रता से प्राप्त हो सकें। साथ ही मल्टी-प्लेटफॉर्म स्पॉन्सरशिप मॉडल, रणनीतिक पूंजी सब्सिडी कार्यक्रम और एमआईसीई सेक्टर को प्रोत्साहन देने हेतु वित्तीय और विपणन (मार्केटिंग) सहयोग जैसे कदमों पर भी चर्चा हुई। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली को वैश्विक स्तर पर एक आकर्षक आयोजन गंतव्य के रूप में उभारना है। बैठक में एक और अहम सुझाव पर भी चर्चा हुई जिसमें डेस्टिनेशन वेडिंग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी छूट संबंधी नीतियों पर विचार करना था। इवेंट उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने यह भी प्रस्ताव रखा कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर स्थलों पर आयोजनों के लिए अनुमति देने की व्यवस्था सरल की जाए ताकि दिल्ली की समृद्ध विरासत को देशी-विदेशी आयोजनों के लिए वैश्विक मंच मिले। बैठक में मंत्री के समक्ष इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई कि दिल्ली में वेन्यू रेंट अत्यधिक ऊंचे हैं और कई बार आयोजकों से अव्यवहारिक दरों की मांग की जाती है।

### बिधूड़ी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की भेंट

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट करके अपने संसदीय क्षेत्र की कुछ परियोजनाओं पर चर्चा की। गडकरी ने इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। गडकरी से उनके निवास पर भेंट करते हुए बिधूड़ी ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के मांडी रोड को एनएचएआई के अंतर्गत लाने के कार्य को शीघ्रता से करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस रोड की चौड़ाई कम है और नया ड्रेनेज सिस्टम भी बनना है। चौड़ाई कम होने और बारिश में जलभराव होने के कारण यहां जाम की स्थिति बनी रहती है और लोगों को बहुत अधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।
बिधूड़ी ने गडकरी को बताया कि बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में मीठापुर चौक से शुरू हुए बड़ौदा - मुंबई हाईवे पर मीठापुर विस्तार के पास शिव पुरी के पास उतरने के लिए एग्जिट प्वाइंट देने का काम भी जल्दी ही करने की आवश्यकता है। अभी यहां एलिवेटिड रोड से चढ़ने की तो व्यवस्था है लेकिन हाईवे पर उतरने का प्रावधान नहीं है।

### धार्मिक गुरुओं और काउंसिल अध्यक्ष ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में लिया हिस्सा

**नई दिल्ली।** वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत सोमवार को दिल्ली में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें धार्मिक गुरुओं और सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल के सदस्यों ने भाग लिया। यह आयोजन दिल्ली रिज स्थित पीबीजी ग्राउंड पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि यह अभियान इस समय दिल्ली के 70 स्थानों पर एक साथ चल रहा है, जिसमें सभी धर्मों, वर्गों और समुदायों के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सिरसा ने बताया कि सोमवार को वाल्मीकि मंदिर के ज्ञानी, कालकाजी मंदिर से सिद्धार्थ भारद्वाज, बिड़ला मंदिर से विनोद मिश्रा, अक्षरधाम मंदिर से डॉ. ज्योजिंद्र एम.दवे और डॉ. मदन मोहन पांडे, बंगला साहिब गुरुद्वारा से ज्ञानी रंजीत सिंह, शीशगंज साहिब गुरुद्वारा से हरनाम सिंह खालसा के साथ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास सिंह, बार एसोसिएशन की सचिव प्रज्ञा बघेल और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक धीर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने एक पेड़ अपनी मां के नाम पौधरोपण किया। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि धार्मिक गुरु हों या न्यायिक अधिकारी, सेलिब्रिटी हो या आम नागरिक, हर वर्ग से लोग स्वेच्छा से आगे आ रहे हैं। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं और हर दिल्लीवासी से अपील करता हूं कि एक पौधा जरूर लगाएं। तभी हम मिलकर दिल्ली को हरा-भरा बना सकते हैं और अपने आस पास की हवा को साफ रख सकते हैं। सिरसा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का उद्देश्य है कि यह अभियान एक भावनात्मक और जन-सहभागिता वाला आंदोलन बने।

### स्कूल निर्माण के लिए बांकनेर में महापंचायत का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा के गांव बांकनेर की चौपाल में एक महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य था कि गांव में लंबे समय से लंबित स्कूल निर्माण कार्य को फिर से शुरू करवाना। महापंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और एक स्वर में स्कूल के निर्माण के लिए आवाज बुलंद की। महापंचायत में गणमान्य लोगों ने बताया कि स्कूल का निर्माण कार्य पिछले 9 वर्षों से प्रयासों के बाद आरंभ हुआ था, लेकिन कुछ भूमाफियाओं की कथित दखलअंदाजी के कारण यह कार्य रुक गया था। अब गांववाले दोबारा एकजुट होकर इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए कटिबद्ध हैं। इस महापंचायत में रविवार को गांव के प्रतिष्ठित व्यक्तियों और जनप्रतिनिधियों जैसे रणबीर खत्री (प्रधान), क्षेत्रीय निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, निगम में स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष व स्थानीय पूर्व पार्षद मोहन भारद्वाज, जितेंद्र खत्री, गजे सिंह खत्री, सौरभ खत्री, आनंद खत्री, बसंत पवार, होशियार सिंह, राजेश शर्मा, प्रदीप सोलंकी आदि ने प्रमुख रूप से शामिल थे।

### उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं गरीब बच्चे : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत कॉलेजों और सीटों की कमी के कारण गरीब, वंचित, पिछड़े वर्ग के परिवार के छात्र अत्यधिक फीस देकर निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए मजबूर हैं, जिसके कारण गरीब परिवारों के बच्चे गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने सोमवार को यह बयान जारी किया और आरोप लगाते हुए पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की सरकार और वर्तमान भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। यादव ने कहा कि भाजपा की दिल्ली सरकार को ग्रामीण, दिल्ली देहात और ट्रांस यमुना क्षेत्रों में और अधिक नए कॉलेज स्थापित करने की जरुरत है ताकि गरीब, वंचित, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के छात्र भी गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें।




## खबर संक्षेप

### बर्फ फैक्ट्री पर नगर निगम ने ठोका जुर्माना



**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर 87 स्थित हरी नगर में एक अवैध रूप से संचालित बर्फ फैक्ट्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 25 हजार का जुर्माना लगाया है। नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देशानुसार शहरवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई। इसी कड़ी में निरीक्षण के दौरान यह फैक्ट्री बिना अनुमति के संचालित पाई गई।

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर 2.85 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम ऐप पर टास्क के बहाने ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान के झुंझुनूं निवासी एक आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गर्ग कॉलोनी बल्लभगढ़ निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि पैसे कमाने का लालच दिया गया। महिला की सहमति के बाद उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया, जहां प्रारंभिक टास्क के बाद उसे कुछ लाभ के साथ पैसे लौटाए गए।

### लड़ाई-झगड़े के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** संजय कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम ने लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जीवन नगर गौच्छी निवासी इसलाम खान ने शिकायत दी थी कि 18 जुलाई की रात जब वह काम से लौट रहा था, तो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना मुजेसर में मामला दर्ज किया गया। राहुल, अजित (दोनों निवासी जीवन नगर) और प्रकाश (निवासी पर्वतीय कॉलोनी) को गिरफ्तार कर लिया।

सावन माह में सभी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की

# श्री संकट मोचन हनुमान मंडल ने कैलीधाम में भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

श्री संकट मोचन हनुमान मंडल के तत्वावधान में कैलीधाम मंदिर परिसर में भव्य रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्रद्धालु दंपतियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मिट्टी से शिवलिंग निर्माण किया और गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी एवं पुष्पों से भगवान शिव का पूजन व रुद्राभिषेक किया। कार्यक्रम में लगभग सभी श्रद्धालु अपने-अपने जीवनसाथी के साथ सम्मिलित हुए और संयुक्त रूप से भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। दंपतियों ने एक साथ बैठकर रुद्राभिषेक किया और सुख-शांति, समृद्धि एवं संतान सुख की कामना करते हुए शिव परिवार से आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, पारिवारिक एकता और आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा देना था।

### मिट्टी से शिवलिंग निर्माण कर शिव परिवार से आशीर्वाद प्राप्त किया



पूरे आयोजन का संचालन मुख्य आचार्य महावीर प्रसाद वशिष्ठ के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ रुद्रपाठ करवाया और श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा के बारे में विस्तार से बताया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि भगवान शिव केवल विनाश के देवता नहीं, बल्कि सृजन, संतुलन और आत्मशांति के प्रतीक हैं। जब व्यक्ति मानसिक तनाव, पारिवारिक कलह और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है, तब शिव तत्व को समझना और उसका अनुसरण करना बेहद आवश्यक है।

### धर्म व संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया

इस अवसर पर उद्योगपति एवं समाजसेवी अरुण बजाज, वीएस चौधरी, पारसमल, पवन वशिष्ठ, राजेंद्र मुंद्रा, मुकेश वर्मा, ललित गर्ग, अशोक राव, कन्हैया लाल शर्मा, पवन शर्मा, प्रोफेसर वर्षा शर्मा, मदन गोपाल बंसल, दीपक राठौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रुद्राभिषेक में भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया और धर्म व संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया।

### ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर व अन्य मंदिरों पर जलाभिषेक के लिए लगी लंबी लाइन

# सावन के दूसरे सोमवार को बम-बम भोले के उदघोष के साथ शिव मय हुआ गाजियाबाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सावन के दूसरे सोमवार को दिल्ली से सटे गाजियाबाद के ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मंदिर पर भगवान के जलाभिषेक व पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी लाइन लगी हुई है।

श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए कड़े बंदोबस्त के गए हैं और चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल तैनात है। अधिकारी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। चारों ओर बम-बम भोले का उद्घोष हो रहा है। एक तरह से पूरा गाजियाबाद आज शिव में नजर आ रहा है। इससे पहले निर्धारित समय पर श्रद्धालुओं ने पूजा आसन शुरू की मंदिर के महंत नारायण गिरी ने भगवान शिव के जलाभिषेक व पूजा अर्चना शुरू कराई। इसके बाद लगातार पूजा अर्चना की जा रही है।



### कांवड़ सेवा शिविर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के पलवली गांव की ओर से आयोजित कांवड़ सेवा शिविर में श्रद्धालु कांवड़ियों का निरंतर आना-जाना बना हुआ है। शिविर में पहुंचने वाले कांवड़ियों की सेवा में ग्रामीण पूरी श्रद्धा और उत्साह से जुटे हुए हैं। इस विशेष सेवा शिविर में गांव की ओर से संत श्री किशोरी शरण बाबा सूरदास महाराज की मूर्ति भेंट कर कांवड़ियों का सम्मान किया जा रहा है।

### जिलाधिकारी, पुलिस उपायुक्त व नगर आयुक्त ने की पुष्पवर्षा



**गाजियाबाद।** एक तरफ जहां सावन के दूसरे सोमवार को लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने कावड़ियों पर पुष्पवर्षा की। वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा व एडीसीपी आलोक प्रियदर्शन ने मेरठ रोड पर हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही कावड़ियों व श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की। हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के दौरान कावड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया। उन्होंने बम-बम भोले का उद्घोष किया। कावड़ियों ने प्रदेश की योगी सरकार का इस स्वागत के लिए प्रशंसा की। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ऐतिहासिक पीठ दुधेश्वर नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया था तथा पूजा अर्चना की थी। इसके बाद मेरठ जिले में कावड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की थी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि वे कावड़ियों की सुरक्षा में कोई खामी न छोड़े।

# सीईटी परीक्षा का निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करें: एडीसी सतबीर मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में आगामी 26 व 27 जुलाई को होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट -ग्रुप परीक्षा की तैयारियों को लेकर लघु सचिवालय के सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी संचालन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

एडीसी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों में सिर्फ ड्यूटीधारी कर्मचारियों को वैध पहचान पत्र के साथ प्रवेश मिलेगा। मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।



परीक्षा की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, जैमर और बायोमेट्रिक उपस्थिति की व्यवस्था एनटीए द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद में 163 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां चार शिफ्टों में लगभग 45,000 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

# फरीदाबाद में शौर्य चक्र विजेता शहीद की प्रतिमा खंडित, गांव में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अटाली गांव में रविवार रात एक शर्मनाक घटना सामने आई जब पुलवामा में शहीद हुए शौर्य चक्र से सम्मानित नायक संदीप सिंह कालीरमण की प्रतिमा को अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया। सोमवार सुबह जब ग्रामीण स्मारक स्थल पहुंचे तो उन्होंने प्रतिमा की नाक टूटी पाई और उसके चारों ओर लगे कांच के घेरे को भी चकनाचूर पाया।

यह दृश्य देखकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यह घिनौनी हरकत शराबियों द्वारा की गई है, जो अक्सर स्मारक स्थल के पास मौजूद स्टेडियम में नशा करते हैं और माहौल को खराब करते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि स्मारक की गरिमा बनाए रखने के लिए वहां स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की जाए और नशेड़ियों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। शहीद संदीप सिंह कालीरमण 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान 10 पैरा स्पेशल फोर्स में तैनात रहते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनकी बहादुरी के लिए उन्हें मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था। यह प्रतिमा उन्हीं की याद में गांव में स्थापित की गई थी, जिसे आज हर ग्रामीण सम्मान और श्रद्धा की भावना से देखता है।

शहीद के भाई सोनू कालीरमण ने मीडिया से बातचीत में कहा, संदीप केवल हमारे गांव के नहीं, पूरे देश के शहीद हैं। उनकी प्रतिमा के साथ यह अमानवीय व्यवहार पूरे देश की भावनाओं को आहत करता है। हम चाहते हैं कि दोषियों की पहचान की जाए और उन्हें सख्त सजा मिले। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आस-पास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा। यह घटना केवल अटाली गांव के लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए शर्म की बात है।

# सीएल जैन लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के चुने गए प्रधान, हुआ स्वागत



**फरीदाबाद।** लायंस क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की ओर से रविवार को होटल पार्क प्लाजा में मेंबर्स फैमिली ब्रेकफास्ट मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नवनियुक्त प्रेसिडेंट सीएल जैन को प्रधान बनने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एनके गुप्ता नई टीम सदस्यों का स्वागत करने के लिए उपस्थित हुए। नवनियुक्त प्रेसिडेंट सीएल जैन, सैक्रेटरी अजय शर्मा, ट्रेजरार संदीप गोयल का एन के गुप्ता, आर के गुप्ता ने पटका और मोमेंटो द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम में नई टीम द्वारा पिछले कार्यकाल में प्रेसिडेंट लायन उमा वेष, सैक्रेटरी लायन सरिता अग्रवाल, ट्रेजरार लायन निर्मल बंसल का समाज के उत्थान के लिए बेहतरीन कार्य करने पर स्वागत किया।

### अध्यापक संघ ने विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है: प्रधान गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सरकार एवं विभाग की वादाखिलाफी और तुगलकी फरमानों के खिलाफ हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के शिष्टमंडल ने खंड फरीदाबाद शिक्षा अधिकारी कमल सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल में जिला प्रधान मुकेश गर्ग, उप प्रधान वीरेंद्र जाखड़, खंड प्रधान माया राम, उपकार फौगाट, सतीश चंद, विकास शर्मा इत्यादि पदाधिकारी शामिल रहे।

### 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की व्यूह रचना रची जा रही है



यह जानकारी देते हुए जिला प्रधान मुकेश गर्ग बताया कि शिक्षा नीति 2020 की आड़ में केंद्र व राज्य सरकार लगातार सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को सिकोड़ रही है और बैठकों में मानी गई मांगों को लागू न करके बार-बार वादाखिलाफी कर रही है। उन्होंने बताया कि मई मास में सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया था। परंतु जुलाई माह के शुरू में ही इन समितियों के रद्द करने का पत्र जारी हो जाता है। जिसमें अटैच प्राथमिक और विद्यालयों की विद्यालय प्रबंधन समितियों को रद्द करके माध्यमिक उच्च या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के साथ एक ही समिति बनाने के आदेश दे दिए गए। जो एक तो मई मास में बनाई गई समितियों के सदस्यों की प्रतिष्ठा का सवाल खड़ा करता है और दूसरा प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की समस्याएं व जरूरतें बड़े बच्चों से भिन्न प्रकार की होती हैं। इसलिए प्राथमिक विद्यालय को अलग इकाई के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि एसएमसी की एक यूनिट बनाने के बहाने लगभग 5 हजार सरकारी स्कूलों के मर्जर की व्यूह रचना रची जा रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रॉकी उर्फ इब्राहिम पुत्र महेंद्र सिंह निवासी डब्ल्यू-170, चंद्रशेखर गली, बाबरपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 123/2018 भा.द.सं. की धारा 323/341/506/34 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रॉकी उर्फ इब्राहिम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रॉकी उर्फ इब्राहिम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 123/2018 भा.द.सं. की धारा 323/341/506/34 के तहत, थाना वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रॉकी उर्फ इब्राहिम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 21.08.2025 को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, कमरा नं. 19, प्रथम तल
शाहदरा जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/9278/NE/2025

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी

मुकदमा न. 335 दि.17.11.2024/u/s-127 (6) BNS थाना कोसली जिला रेवाड़ी

**गुमशुदा की पहचान:-**



नाम-पुजा यादव पत्नी पुनीत कुमार निवासी कोसली थाना कोसली जिला रेवाड़ी
उम्र-27 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया-रंग गोरा, गोल चेहरा, पतला हस्ट पुस्ट शरीर जिसने नीले रंग की साड़ी वा पैरों मे चप्पल पहने हुये है। दिनांक 01.09.2024 से घर से लापता है जिस संबध मे FIR NO.335 दि. 17.11.2024 U/S -127(6) BNS थाना कोसली दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सुचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नबंरो पर फोन करके सूचित करे।

संपर्क नं. -
1. अनुसंधानकर्ता -9050045683
2. प्रबंधक अफसर कोसली-7056666129
3. थाना कोसली जिला रेवाड़ी-01259-275109
4. पुलिस कट्रोल रुम रेवाड़ी-01274-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3653/2026/36774/88/7 दि. 21.07.25

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 202 दिनांक 12.07.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सैक्टर 27 जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- दीपक।
पिता का नाम - बिजेन्द्र।
पता गाव चिडाना तहसील गोहाना हाल जीवन गली नं. 3 विहार सोनीपत।
उम्र लगभग 25 वर्ष।
कद 5 फुट 8 ईन्च।
हुलियाः- रंग गोरा, गोल चेहरा, सामान्य शरीर।
पहनावा - काले रंग की पजामा, सफेद लाल रंग की कमीज व पैरों में जुते पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक लगभग एक महीना पहले दीपक पुत्र बिजेन्द्र वासी गांव चिडाना तहसील गोहाना हाल जीवन गली नं. 3 विहार सोनीपत जो अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया हैं। जो अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो. नं.-7419410535
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-9466009965
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3658/2026/36796/88/7 दि. 21.07.25

## पुलिस उपायुक्त कार्यालय,

दक्षिण पूर्व जिला, सरिता विहार, दिल्ली–110076
दूरभाष संख्या: 011–26825544, ईमेल: dcpsed@gmail.com

**धारा 67 डी.पी. अधिनियम, 1978 के अंतर्गत उद्घोषणा**

नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वाहन और सामान दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली के पुलिस थानों द्वारा धारा 66 डी.पी. अधिनियम, 1978 के अंतर्गत जब्त किए गए हैं।

अब, दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 की धारा 67(1) के तहत, जैसा कि दिल्ली पुलिस आयुक्त द्वारा मुझे प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत परिकल्पित है, नीचे दी गई सूची में उल्लिखित वाहन और सामान इस उद्घोषणा के माध्यम से आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति जिसका इस पर दावा हो, वह इस घोषणा के जारी होने के छह महीने के भीतर अपना दावा स्थापित करने के लिए स्वामित्व के प्रमाण के साथ दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली के संबंधित एसीपी/उप प्रभाग के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

धारा 66 डी.पी. एक्ट के तहत ज़ब्त किए गए लावारिस वाहनों की सूची

| क्रम सं. | डीडी संख्या और तिथि | पंजीकरण संख्या | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|
| | पुलिस स्टेशन, सनलाइट कॉलोनी | | |
| 1. | 33 B, 11/02/14 | MNO5B7220 | HONDA CBR WHITE & RED COLOR |
| 2. | 35 B, 01/04/18 | DL3SDF7477 | SUZUKI GIXER WHITE & BLUE COLOR |
| 3. | 11 B, 28/05/16 | UK07AQ4843 | BAJAJ PULSAR BLACK COLOR |
| 4. | 54 B, 08/09/16 | DL7SAJ7839 | YAMAHA FZS RED & WHITE |
| 5. | 11 A, 26/12/21 | UP16DA8043 | HERO SPLENDOR + BLACK COLOR |
| 6. | 36 A, 02/04/20 | DL3SAY1796 | BAJAJ DISCOVER BLACK & BLUE COLOR |
| 7. | 102 A, 14/10/22 | DL3SDB1899 | HONDA SHINE BLACK COLOR |
| 8. | 34 A, 01/04/22 | HR01M4877 | LML SCOOTER SILVER COLOR |
| 9. | 54 B, 27/02/18 | DL3SAH9953 | M/C YAMAHA RED COLOR |
| 10. | 37 A, 01/04/20 | DL13SH9233 | YAMAHA RED COLOR M/C |
| 11. | 45 B, 17/03/18 | DL14SH3720 | HERO SPLENDER, I SMART RED SILVER COLOR |
| 12. | 37 B, 18/07/18 | DL8SND9035 | TVS WEGO WHITE SCOOTY |
| 13. | 45 PP, 27/02/18 | DL8SBE1994 | YAMAHA R15 WHITE RED COLOR |
| 14. | 48 A, 05/10/18 | DL2SQ1724 | TVS JUPITER |
| 15. | 6 B, 29/05/18 | DL3SD-2280 | HONDA ACTIVA SCOOTY |
| 16. | 47 B, 08/12/17 | DL7SBX2312 | HERO PASSION XPRO BLACK COLOR |
| 17. | 54 B, 27/02/18 | DL7SB2425 | HONDA AVIATOR BLACK |
| 18. | 33 B, 11/07/18 | DL8SAE4959 | HONDA HONDA ETERNO SCOOTER BLACK |
| 19. | 57 B, 30/03/18 | UP14AQ8771 | TVS STAR M/C BLACK & BLUE COLOR |
| 20. | 51 B, 30/05/18 | DL7S6984 | HONDA ETERNO SILVER |
| 21. | 362/21, 31/07/21 | DL3SCB8827 | HERO HONDA SPLENDER + RED |
| 22. | 36 PP, 05/05/16 | DL3SBK1694 | BAJAJ PULSAR 180 BLACK |
| 23. | 41, 29/06/18 | UP14DF2956 | SPLENDER + |
| 24. | 95 A, 02/04/22 | DL5SAE5397 | BAJAJ DISCOVER RED BLACK |
| 25. | 45 B, 09/12/17 | UK08AF3354 | HONDA CB TWISTER M/C BLACK COLOR |
| 26. | 34 B, 15/11/11 | DL4SK5785 | SUZUKI M/C RED COLOR |
| 27. | 23 PP, 24/10/17 | DL14SF0394 | HONDA SHINE BLACK COLOR |
| 28. | 69 B, 11/05/18 | UP14CC3228 | BAJAJ PLATINA BLACK COLOR |
| 29. | 69 B, 01/03/18 | DL3SBF8172 | BAJAJ PULSAR BLACK COLOR |
| 30. | 61 B, 27/06/16 | DL10SR0859 | PULSAR RED COLOR |
| 31. | 71 B, 18/06/18 | DL7SAM1499 | HERO HONDA CD 100 BLACK |
| 32. | 11 B, 28/05/16 | DL3SBC8406 | TVS SCOOTY PINK COLOR |
| 33. | 33 B, 12/08/18 | HR26AU5823 | HERO HONDA CD DELUXE BLACK |
| 34. | 51 B, 09/04/18 | HR26AT5579 | PASSION PLUS SILVER COLOR |
| 35. | 33 B, 05/07/18 | DL3SBX5157 | SCOOTY WHITE |
| 36. | 44 B, 12/07/18 | DL6SM3744 | HONDA SHINE BLACK COLOR (UNICORN BLACK) |
| 37. | 50, 17/03/18 | HR51N8430 | LML FREEDOM M/C BLACK |
| 38. | 36 B, 28/06/18 | DL9SAM1537 | AVIATOR SCOOTY WHITE |
| 39. | 27 PP, 10/05/16 | DL7SBA5081 | BAJAJ XCD GREY COLOR |
| 40. | 28 PP, 10/03/18 | DL4SCB3159 | PASSION PRO BLACK |
| 41. | 44 B, 06/02/16 | DL3SBN8750 | PASSION PRO BLUE COLOR |
| 42. | 10 PP, 02/05/15 | DL5SAL7977 | PASSION PRO BLACK |
| 43. | 36 A, 18/09/19 | DL9SAH1593 | PLEASURE SCOOTY PURPLE COLOR |
| 44. | 55 B, 20/02/18 | DL3SCC2817 | BAJAJ PULSAR BLACK |
| 45. | 36 PP, 09/08/17 | DL3SDJ8205 | HERO HONDA SPLENDER |
| 46. | 61 B, 19/06/18 | DL3SX9082 | SCOOTER BAJAJ |
| 47. | 44 PP, 23/05/16 | DL9SAD3496 | HERO HONDA CD 100 |
| 48. | 54 B, 08/12/17 | DL3SCN0940 | ACTIVA SCOOTY WHITE COLOR |
| 49. | 63 B, 04/07/18 | DL3SCY2552 | HERO MAESTRO WHITE SCOOTY |
| 50. | 66 B, 18/06/18 | DL3SDC5470 | HERO SPLENDER NXG RED SILVER |
| 51. | 57 B, 12/04/18 | DL3SDT4803 | PASSION PRO RED COLOR |
| 52. | 42 B, 18/06/18 | DL4SB-3352 | M/C TVS FLAME BLACK |
| 53. | 47 B, 18/07/18 | DL3SAV7331 | HERO GLAMOR |
| 54. | 5 B, 22/12/17 | DL3SCH3966 | PULSAR RED COLOR |
| 55. | 35 B, 28/07/17 | DL3SAY7293 | BAJAJ DISCOVER |
| 56. | 10 B, 25/05/16 | DL3SCG8220 | SPLENDER M/C |
| 57. | 72 B, 25/02/16 | DL6ST4998 | HONDA ACTIVA SCOOTY GRAY COLOR |
| 58. | 59 B, 29/12/17 | DL2SN6928 | SCOOTY RED COLOR |
| 59. | 36 A, 14/01/19 | DL7SPL7123 | BAJAJ XCD RED COLOR |
| 60. | 32 PP, 14/02/18 | HR19C8168 | HERO HONDA SPLENDER BLACK COLOR |
| 61. | 22 PP, 02/03/18 | DL11SD6258 | ACTIVA SCOOTY WHITE COLOR |
| 62. | 20 PP, 04/07/18 | (HR29P7942) -------942 | KARIZMA HERO HONDA YELLOW COLOR (HR29P7942) |
| 63. | 16 PP, 23/12/17 | DL8SBX7902 | TVS JUPITER GREY COLOR |
| 64. | 15 PP, 14/02/15 | DL4CH3246 | MARUTI 800 WHITE COLOR CAR |
| 65. | 72 B, 27/12/16 | DL7CA8613 | SANTRO GREY OLD CAR |
| 66. | 33, 09/07/14 | UP16T0449 | TATA INDICA CAR |
| 67. | 33, 09/07/14 | DL8CR2546 | MARUTI 800 WHITE WITHOUT TYRE CAR |
| 68. | 27 PP, 24/09/15 | DL3CAP2062 | SANTRO CAR |
| 69. | 51 B, 31/10/17 | DL1CL2810 | ZEN CAR RED COLOR |
| 70. | 108 A, 29/01/25 | DL3SBS7884 | YAMAHA FZ |
| 71. | 19 A, 31/03/25 | DL7SAC1761 | BAJAJ PULSAR RED COLOR 200 CC |
| 72. | 21 A, 03/05/25 | DL3SDE0919 | SCOOTY ACTIVA |
| 73. | 99 A, 11/05/25 | DL1CU3484 | CAR |
| 74. | 10, 07/06/25 | DL3SFX5597 | SCOOTY ACTIVA |
| 75. | 92, 06/10/24 | PB02DX7318 | M/C HERO DELUXE |
| 76. | 55, 15/09/24 | DL3SBP1512 | YAMAHA FZ M/C |

| क्रम सं. | एमयूडी सं. | डीडी संख्या और तिथि | ज़ब्त की गई वस्तुएँ |
|---|---|---|---|
| 1. | 287/11 | 40 B DT. 02/09/11 | CASH RS.1500/- |
| 2. | 554/13 | 15 A DT. 12/11/13 | 01 MOBILE PHONE BLACK BERRY |
| 3. | 44/15 | 13 B DT. 07/02/15 | LAPTOP COMPAQ BLACK & PRINTER HP WHITE COLOR |
| 4. | 110/16 | 10 B DT. 01/03/16 | 01 MOBILE PHONE FORME WITH AIRTEL SIM |
| 5. | 118/18 | 61 B DT. 27/02/18 | BAG (RED COLOUR AMERICAN TOURISTER WITH CLOTHES AND OTHER ARTICLES) |
| 6. | 499/23 | 59 A DT. 11/11/23 | FRUIT PLASTIC TREY |
| 7. | 122/23 | 33 A DT. 23/03/23 | FAWDA, TASLA, FATTI, KARNGI, SUT |
| 8. | 222/24 | 16 A DT. 06/05/24 | (04 IRON PIECES BLUE COLOR LENGTH 18-20 FEET, ONE LONG IRON ANGLE BLUE COLOR LENGTH 25-30 FEET) |
| 9. | 23/25 | 85 A DT. 11/01/25 | SPEAKER |
| 10. | 35/25 | 15 A DT. 17/01/25 | SPEAKER SMALL 2 |
| 11. | 50/25 | 03 A DT. 22/01/25 | MOBILE PHONE |
| 12. | 65/25 | 99/90A DT. 28/01/25 | SPEAKER 2 |
| 13. | 69/25 | 03 A DT. 31/01/25 | SPEAKER |
| 14. | 80/25 | 04 A DT. 04/02/25 | BLUE COLOR SPEAKER PORTRONICS |
| 15. | 107/25 | 93 A DT. 19/02/25 | SPEAKER MULTIMEDIA |
| 16. | 132/25 | 02 A DT. 01/03/25 | SPEAKER BLACK COLOR EDIFIE 10 |
| 17. | 284/25 | 29 A DT. 10/05/25 | SPEAKER BRAND SHIVANI CUBE 28 NS AMPLIFIER MIKE |

| क्रम सं. | डीडी संख्या और तिथि | पंजीकरण संख्या | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|
| | पुलिस स्टेशन, हज़रत निज़ामुद्दीन | | |
| 1. | 5A, DT 07.01.24 | HR35K1804 | SCOOTY |
| 2. | 61A, DT 14.3.24 | DL9SBW1246 | M/CYCLE |
| 3. | 6A, DT 07.04.24 | UP16AJ8052 | M/CYCLE |
| 4. | 77A, DT 04.06.24 | DL5SAZ9237 | SCOOTY |
| 5. | 55A, DT 29.06.24 | DL3SDR8374 | SCOOTY |
| 6. | 72A, DT 08.12.23 | GJ06NH3497 | SCOOTY |
| 7. | 28A, DT 26.06.21 | DL3SBE4670 | M/CYCLE |
| | पुलिस स्टेशन, पुल प्रहलादपुर | | |
| 1. | 73A, DT.-06.08.22 | HR41BH8292 | APACHE |
| 2. | 82A, DT.-16.08.24 | DL3SCE6507 | BAJAJ PULSAR |
| 3. | 57A, DT.-22.08.24 | DL3SDE3229 | TVS APACHE |
| 4. | 52A, DT.-25.08.23 | W/NP | TVS JUPITOR SALETI COLOUR |
| 5. | 50A, DT.-03.01.22 | DL3SED9894 | HERO SPLENDER PLUS |
| 6. | 34A, DT.-20.09.22 | DL3SAT3214 | HERO SPLENDER PLUS |
| 7. | 27A, DT.-26.09.22 | DL3SCB6594 | HERO SPLENDER PLUS |
| 8. | 62A, DT.-19.08.21 | DL3SAV2937 | HERO GLAMOUR |
| 9. | 63A, DT.-22.02.21 | DL10SC7946 | BAJAJ PULSAR |
| 10. | 26A, DT.-09.11.21 | DL4SNB2520 | TVS APPACHE |
| 11. | 46A, DT.-10.05.24 | DL3SCL6195 | HERO PASSION XPRO |
| 12. | 14A, DT.-22.03.25 | DL3SBG0741 | BAJAJ DISCOVER |
| 13. | 27A, DT.-01.03.25 | W/NP | BAJAJ PULSAR RED COLOUR |
| 14. | 63A, DT.-03.05.25 | W/NP EB179342189 (COMPANAY NO.) | E-SCOOTY COLOUR GREEN ZPPY |
| 15. | 63A, DT.-22.02.21 | DL10SC 7946 | PULSER |

| क्रम सं. | डीडी संख्या और तिथि | ज़ब्त की गई वस्तुएँ |
|---|---|---|
| 1. | 38A DT 12.02.25 | GAS CYLINDER |
| 2. | 40A DT 14.06.25 | TASLA & FAWDA |
| 3. | 02A DT19.02.25 | DJ MACHINE(AMPLIFIRE MACHINE) |

हस्ताक्षर/–
अतिरिक्त पुलिस उप आयुक्त,
दक्षिण पूर्व जिला, नई दिल्ली।

DP/9787/SE/2025

## खबर संक्षेप

### 24 कमरों वाला लग्जरी क्रूज जल्द पहुंचेगा काशी



**वाराणसी।** अलकनंदा क्रूजलाइन के जलयान के बेड़े में आधुनिक सुविधाओं से लैस लग्जरी क्रूज 28 जुलाई को वाराणसी पहुंचेगा। 24 कमरों वाला क्रूज पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से बिहार के जल क्षेत्र में प्रवेश कर गया है।अलकनंदा क्रूज लाइन के चार तल वाले गंगोत्री क्रूज में जिम, स्पा, रेस्टोरेंट व सनडेक जैसी सुविधाएं हैं। यह आवासीय क्रूज फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

### झारखंड सरकार ने शुरू की माइनिंग टूरिज्म



**रांची।** झारखंड सरकार ने देश में पहली बार माइनिंग टूरिज्म की शुरुआत की है। अब खदानों की रहस्यमयी दुनिया को करीब से देखने का मौका मिलेगा। हेमंत सोरेन सरकार ने कोल इंडिया की ब्रांच सीसीएल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया है। हेमंत सोरेन द्वारा हाल ही में बार्सिलोना स्थित गावा संग्रहालय में प्राचीन खनन तकनीकों और नवपाषाण युग के अवशेषों को देखने के बाद उठाया गया है।

### 13 साल की लड़की का किडनैप कर 3 दिन तक रेप

**सिमडेगा।** 13 साल की लड़की का अपहरण कर उसके साथ तीन दिन तक दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आई है। आरोपी ने पीड़िता का वीडियो भी बनाया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस घटना ने पूरे झारखंड को शर्मसार किया है।

# सड़क पर गड्ढे न हों, हरियाणा में प्रवेश वाले सभी रास्ते चकाचक होने चाहिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सैनी ने प्रदेश में सड़क तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अंतर्राज्यीय सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि हरियाणा में प्रवेश करने वाली सभी सड़कें दुरुस्त होनी चाहिए, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री यहां प्रदेश में सड़कों के नवीनीकरण व मरम्मत से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की मरम्मत एवं विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए और गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- **समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री सैनी ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

### मरम्मत और विकास कार्यों को समयबद्ध से पूरा करें, गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं: सैनी



### एप से कर सकेंगे सड़क संबंधी शिकायत



बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा-मुक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित की जा रही मोबाइल ऐप की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि हर विभाग अपनी सभी सड़कों को शत-प्रतिशत चिह्नित कर जल्द से जल्द ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि मोबाइल ऐप सरल होनी चाहिए ताकि आमजन उसका आसानी से उपयोग कर सके। इस एप्लीकेशन में आमजन प्रदेश में क्षतिग्रस्त सड़कों या सड़कों में गड्ढों की शिकायत दर्ज कर सकेंगे, इससे त्वरित निपटान सुनिश्चित करते हुए सड़कों का सुधार किया जाएगा।

### ये मौजूद रहे

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक यश गर्ग और मुकेश कुमार आहुजा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### कुछ लोगों के पास कब्जा है लेकिन वैध दस्तावेज नहीं

# पूर्वी पाकिस्तान से आए हिंदुओं को योगी सरकार का बड़ा तोहफा, यूपी में मिलेगा जमीन का हक

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भूस्वामित्व अधिकार देने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। पीलीभीत, लखीमपुर, बिजनौर और रामपुर में बसे 10,000 से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। सरकार भूमिहीन परिवारों को वैकल्पिक भूमि प्रदान करेगी और राजस्व रिकॉर्ड में उनके नाम दर्ज कराएगी, जिससे उन्हें न्याय और सम्मान मिलेगा।

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) से विस्थापित होकर राज्य के विभिन्न जिलों में बसाए गए परिवारों को विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार देने की दिशा में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भूमि के हस्तांतरण का मामला नहीं है, बल्कि उन हजारों परिवारों के जीवन संघर्ष को सम्मान देने का अवसर है, जिन्होंने देश की सीमाओं के उस पार से भारत में शरण ली और दशकों से पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परिवारों के साथ संवेदना के साथ यथोचित सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए। यह शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने बताया कि विभाजन के पश्चात 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए हजारों परिवारों को यूपी के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर और रामपुर जनपदों में पुनर्वासित किया गया था।

**खास बातें**

- 1960 से 1975 के बीच पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए
- जमीनें तो दी गईं, मगर कागज अधूरे रहे

### कानूनी जटिलताओं के चलते अब तक भूस्वामित्व प्राप्त नहीं हुआ

सीएम को अवगत कराया गया कि पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बिजनौर सहित कई जिलों में पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए परिवारों को वर्षों पूर्व बसाया गया था, उन्हें कृषि भूमि भी आवंटित की गई थी। हालांकि, समय के साथ अभिलेखीय त्रुटियां, भूमि का वन विभाग के नाम दर्ज होना, नामांतरण की प्रक्रिया लंबित रहना अथवा भूमि पर वास्तविक कब्जा न होने जैसी प्रशासनिक व कानूनी जटिलताओं के चलते इन परिवारों को अब तक विधिसम्मत भूस्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सके हैं। कुछ स्थानों पर अन्य राज्यों से आए विस्थापित भी बसाए गए हैं, जो भूमि स्वामित्व से वंचित हैं। अद्यतन स्थिति के अनुसार जहां कई गांवों में वर्षों से खेती कर रहे परिवारों ने भूमि पर स्थाई आवास बना लिए हैं। वहीं राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज नहीं हैं।



### वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

# हंगामे के बीच 57946 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र का पहला दिन हंगामेदार रहा। इस बीच 57946 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया गया है। विधानसभा की कार्यवाही को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं राज्य में जारी वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए चर्चा की मांग की। इस बीच एनडीए विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधायकों को कई टास्क दिए।

### विधायकों से लंबित योजनाओं को पूरा कराने के निर्देश

बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र की लंबित योजनाओं को पूरा कराने को कहा, साथ ही विधायकों से क्षेत्र के विकास को लेकर काम करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा का ये अंतिम सत्र है। ऐसे में सभी अधूरे कार्य पूरे कर लें। सरकार के बेहतर कार्यों का संदेश लोगों के बीच पहुंचाने का भी टास्क विधायकों को दिया । वहीं 125 यूनिट फ्री बिजली और दिव्यांग, विधवा और बुजुर्ग पेंशन 400 से 1100 रुपए किए जाने के सरकार के फैसले की विधायकों ने प्रशंसा की।

## पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का ...

मुद्दों पर तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ टकराव का सामना किया। फिर भी, उनकी निष्पक्षता और संवैधानिक जिम्मेदारियों के प्रति समर्पण की सराहना भी की गई। 2022 में, उन्हें भारत का उपराष्ट्रपति चुना गया, और उन्होंने इस भूमिका में राज्यसभा के सभापति के रूप में भी कार्य किया।

### विपक्ष के सवाल पर...

के कारण कार्यवाही स्थगितविपक्ष के जोरदार हंगामे और नारेबाजी के बीच राज्यसभा की कार्यवाही में बार-बार व्यवधान उत्पन्न हुआ। सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों से शांति बनाए रखने और रचनात्मक बहस की अपील की, लेकिन विपक्षी सांसदों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। नतीजतन, कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पडा

### राज्यसभा में खरगे...

उल्लेख किया कि दो महीने पहले भी विपक्ष ने विशेष सत्र की मांग की थी। उन्होंने कहा कि अब हम चाहते हैं कि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, सुरक्षा चूकों और विदेश नीति पर दो दिन की बहस होनी चाहिए। प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

### राहुल ने उठाया ...

इसकी अनुमति नहीं दी गई। एक प्रश्न के जवाब में राहुल गांधी ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दौड़कर एक सेंकड में संसद से निकल गए; यह संसद की नई परंपरा है-न विपक्ष को बोलने देना, न ही सुनना।

### तीन बार के स्थगन...

अध्यक्ष ओम बिरला के आसन के समीप आकर जोरदार अंदाज में नारेबाजी के साथ हंगामा करना शुरू दिया। जिस पर सख्त नाराजगी जताते हुए बिरला ने कहा कि अगर आप ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करना चाहते हैं। तो मैं आपको प्रश्नकाल के बाद इसकी अनुमति दूंगा। सरकार हर मुद्दे पर जवाब देने के लिए तैयार है। अभी प्रश्नकाल का समय है और हमें हमेशा उच्च-स्तरीय संसदीय मानकों को स्थापित करने और इसके अलावा जिस आम जनता ने हमें चुना है। उसकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सदन में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और परिचर्चा करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सदस्य नोटिस देंगे तो वह प्रत्येक सांसद को संबंधित मामलों को उठाने का भरपूर मौका देंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने एक्स पोस्ट में भी सभी दलों के नेताओं और सदस्यों से सदन के सुचारू संचालन, रचनात्मक विमर्श और स्वस्थ लोकतांत्रिक संवाद में सहयोग का आग्रह किया। साथ ही कहा कि मानसूत्र सत्र तभी सार्थक व सफल होगा। जब हम सब मिलकर लोकतांत्रिक चेतना, विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सशक्त करने की दिशा में योगदान देंगे।

**इसरो को दी बधाई:** बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के पहले सफल मिशन के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को सदन की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सदन के सदस्यों की भावनाओं के अनुरूप इस विषय पर लोकसभा में व्यापक चर्चा भी होगी।

### मारे गए 100 से...

ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी शून्य सहिष्णुता के नीति के भविष्य में भी पुरजोर अंदाज में बने रहने का ऐलान किया है। पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यह साफ कर चुके हैं कि आगामी वक्त में देश पर किया जाने वाला कोई भी हमला युद्ध के समान ही माना जाएगा और उसका उसी अंदाज में करारा जवाब दिया जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है।

### आतंकी घटनाओं को ...

करती रही है। यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। देश में आतंकवाद से जुड़ी हुई घटनाओं को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 22 मिनट में नेस्तनाबूद ...

को समर्पित है। जो देशवासियों और सशस्त्र बलों को प्रेरित करेगा।

### लोकसभा में 145...

लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा सभापति दोनों नोटिस को स्वीकार करते हैं, तो एक जांच समिति बनाई जाती है। इस समिति में एक वरिष्ठ सुप्रीम कोर्ट जज, एक हाई कोर्ट के मौजूदा मुख्य न्यायाधीश और एक प्रख्यात कानून विशेषज्ञ शामिल होते हैं। यह समिति तीन महीने के भीतर जांच रिपोर्ट संसद को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर संसद में चर्चा होगी और फिर मतदान के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### प्रो. अशीम कुमार...

सक्रिय योगदान सहित यूजीसी और आईसीएसएसआर परियोजनाओं पर भी काम किया है और उनके कई लेख प्रमुख प्रकाशनों में प्रकाशित हुए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति रही। इनके अलावा, राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी सहित राज्यपाल के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। समारोह में हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रीमती श्रुति चौधरी, राज्य मंत्री राजेश नागर और गौरव गौतम, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी, विधायकगण, विश्वविद्यालयों के कुलपति और वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने शपथ ग्रहण समारोह में आए महानुभावों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी बधाई स्वीकार की। इस दौरान हरियाणा आर्म्ड पुलिस की स्पेशल टुकड़ी ने राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

### भाजपा सांसदों ने...

से बातचीत करें तो उनकी मांगों के अनुरूप पटना हवाई अड्डे को कैसे आकार दिया जा सकता है इस पर विचार किया जा सकता है। विदित हो कि पटना हवाई अड्डे का रन-वे महज 1670 मीटर का है जब कि अंतर्राष्ट्रीय उडानों के लिए रन-वे की लंबाई 2500 मीटर होनी चाहिए। एक सांसद ने मंत्री से पूछा कि गत दिनों पटना हवाई अड्डा पर एक जहाज हवाई पट्टी के बाहर जाकर रुका था। बडी दुर्घटना टली थी। जब नागरिक उड्डयन मंत्री से उनके अपने ही तीखे सवालों से घेर रहे थे तब विपक्षी दलों के सांसद नियम 267 के तहत ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग सभापति द्वारा खारिज कर दिये जाने के कारण वॉकआउट कर गये थे। फिर भी सवालों की तीक्ष्णता मंत्री पर कम नहीं हो रही थी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा सांसद अशोक चव्हाण ने पूछा, डीजीसीए में पचास फीसदी पद खाली हैं ऐसे में भारतीय हवाई सेवाओं को कैसे दुरुस्त रखा जा सकता है? नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राममोहन नायडू ने बेहद तार्किक जवाब दिया, उन्होंने कहा, आप जिन पदों के खाली होने की बात कह रहे हैं ये पद मोदी सरकार के समय बनाये गये हैं। बेहतर और सुरक्षित हवाई सेवा के लिए बेहतरीन तकनीकी दिमाग हमारे पास हो इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पदों का सृजन किया गया है। यूपीएससी के माध्यम से इन विशेष पदों पर भर्ती होनी है। इसी साल अक्टूबर तक 190 तकनीकी पदों पर नियुक्तियां हो जाएंगी। उन्होंने कहा, विशेष रूप से प्रशिक्षित बेहद प्रोफेशनल लोगों को नियुक्त करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना। कई कसौटियों पर उसको प्रोसेस करना फिर परीक्षा और अन्य प्रतियोगिता के लिए यूपीएससी से संपर्क कर उसका रास्ता बनाने में समय लगता है। उसके बाद भी मंत्री ने सदन को आंकडों के हवाले से आश्वस्त करने की कोशिश करते हुए कहा कि देश से अभी रोजाना 3500 हवाई जहाज देश के विभिन्न हिस्सों के लिए विदेशों के लिए उड रहे हैं। रोजाना हवाई यातायात से हम 5 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचा रहे हैं। बीच में दुखद हादसा हुआ उसी जांच चल रही है। देश और विदेश की तमाम एजेंसियां जांच में जुटी हैं। ब्लैक बॉक्स पहली बार देश ने अपनी दक्षता से ही डीकोड करने में सफलता पाई है। हवाई यातायात को और कैसे सुरक्षित किया जा सकता है इस पर गृहसचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय कमेटी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हवाई सेवा देने को प्रतिबद्ध हैं।

### एक्स पोस्ट में बोले पीएम...

स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। इस मुश्किल वक्त में भारत एकजुटता के साथ बांग्लादेश के साथ खड़ा है और उसे हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है'। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस एक्स पोस्ट को री-ट्वीट किया।

### उथले पानी में पनडुब्बी...

पड़ेगा। जिनके बाद ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह युद्धपोत नौसेना में पूरी तरह से रणनीतिक संचालन के लिए तैयार है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर भारत-पाकिस्तान के मध्य बने हुए तनावपूर्ण हालात और चीन की चुनौती के बीच अजय युद्धपोत के जरिए आगामी वक्त में नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। नौसेना ने 21 जुलाई को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि युद्धपोत के जलावतरण समारोह में नौसेना के वाइस एडमिरल (चीफ ऑफ मटेरियल) किरन देशमुख, उनकी पत्नी प्रिया देशमुख और नौसेना व जीआरएसई के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### दूसरा युद्धपोत...

की किसी भी गतिविधि के खिलाफ दबदबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। अजय युद्धपोत आधुनिक सेंसर (हल माउंटेड सोनार एंड लो फ्रीक्वेंसी वेरिएबल डेप्थ सोनार), स्टेट ऑफ द आर्ट टारपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट, एनएसजी-30 गन एंड 12.7 एमएम एसआरसीजी से लैस है। यह पूरी तरह से डीजल चालित इंजनों और वाटर जेट्स की मदद से समुद्र में अपनी तमाम गतिविधियों को आगे बढ़ाएगा।


## यात्रीगण कृपया ध्यान दें

**राजेन्द्र नगर टर्मिनल एवं नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी एवं आनंद विहार (ट), मालदा टाउन एवं गोमती नगर तथा दरभंगा एवं गोमती नगर रेलवे स्टेशनों के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा नई **अमृत भारत** ट्रेन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया है। ये रेल सेवाएँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार अपनी नियमित सेवाएं आरंभ करेंगी:–

**13435/13436 मालदा टाउन – गोमती नगर – मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 13435 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 13436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:25 | मालदा टाउन | 16:40 | --- |
| 19:47 | 19:49 | न्यू फरक्का | 15:18 | 15:20 |
| 20:13 | 20:15 | बड़हरवा जं. | 14:54 | 14:56 |
| 21:05 | 21:07 | साहिबगंज | 13:46 | 13:48 |
| 21:44 | 21:46 | कहलगाँव | 12:58 | 13:00 |
| 22:40 | 22:50 | भागलपुर | 12:30 | 12:40 |
| 23:05 | 23:07 | सुलतानगंज | 11:48 | 11:50 |
| 00:15 | 00:20 | जमालपुर | 11:15 | 11:20 |
| 00:40 | 00:42 | अभयपुर | 10:50 | 10:52 |
| 02:05 | 02:10 | किऊल जं. | 10:25 | 10:30 |
| 02:31 | 02:33 | शेखपुरा | 09:13 | 09:15 |
| 02:52 | 02:54 | वारिसलीगंज | 08:45 | 08:47 |
| 03:08 | 03:10 | नवादा | 08:28 | 08:30 |
| 03:26 | 03:28 | तिलैया जं. | 08:01 | 08:03 |
| 05:20 | 05:25 | गया जं. | 06:50 | 06:55 |
| 06:25 | 06:27 | डेहरी ऑनसोन | 05:20 | 05:22 |
| 06:44 | 06:46 | सासाराम | 05:02 | 05:04 |
| 07:16 | 07:18 | भभुआ रोड | 04:18 | 04:20 |
| 08:35 | 08:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 03:00 | 03:10 |
| 09:27 | 09:32 | **वाराणसी** | 01:45 | 01:50 |
| 10:26 | 10:28 | जौनपुर | 22:56 | 22:58 |
| 11:01 | 11:03 | शाहगंज | 22:21 | 22:23 |
| 12:28 | 12:30 | **अयोध्या धाम जं.** | 20:51 | 20:53 |
| 12:48 | 12:50 | **अयोध्या कैंट** | 20:31 | 20:33 |
| 15:40 | --- | गोमती नगर | --- | 18:40 |

चलने के दिन : 13435 मालदा टाउन से 24.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक गुरुवार) तथा 13436 गोमती नगर से 25.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शुक्रवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**22361/22362 राजेन्द्र नगर टर्मिनल – नई दिल्ली – राजेन्द्र नगर टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन)**

| गाड़ी सं. 22361 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22362 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:45 | राजेन्द्र नगर टर्मिनल | 11:45 | --- |
| 20:00 | 20:10 | पटना जं. | 10:50 | 11:00 |
| 20:23 | 20:25 | दानापुर | 10:28 | 10:30 |
| 20:54 | 20:56 | आरा जं. | 09:55 | 09:57 |
| 21:38 | 21:40 | बक्सर | 08:58 | 09:00 |
| 23:35 | 23:45 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 07:40 | 07:50 |
| 02:00 | 02:05 | सूबेदारगंज | 03:00 | 03:05 |
| 04:25 | 04:30 | गोविंदपुरी | 00:25 | 00:30 |
| 12:23 | 12:25 | गाजियाबाद | 19:46 | 19:48 |
| 13:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 19:10 |

चलने के दिन : 22361 राजेन्द्र नगर टर्मिनल से 31.07.2025 से अगले आदेश तक तथा 22362 नई दिल्ली से 01.08.2025 से अगले आदेश तक।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15561/15562 दरभंगा – गोमती नगर – दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 15561 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15562 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:00 | दरभंगा जं. | 00:40 | --- |
| 15:22 | 15:24 | कमतौल | 22:45 | 22:47 |
| 15:40 | 15:42 | जनकपुर रोड | 22:30 | 22:32 |
| 16:10 | 16:15 | सीतामढ़ी | 22:00 | 22:05 |
| 16:38 | 16:40 | बैरगनियां | 21:08 | 21:10 |
| 17:01 | 17:03 | घोड़ासहन | 20:40 | 20:42 |
| 17:45 | 17:50 | रक्सौल जं. | 19:50 | 19:55 |
| 18:11 | 18:13 | सिकटा | 19:15 | 19:17 |
| 19:25 | 19:30 | नरकटियागंज जं. | 18:45 | 18:50 |
| 19:47 | 19:49 | हरिनगर | 18:08 | 18:10 |
| 20:15 | 20:17 | बगहा | 17:50 | 17:52 |
| 22:00 | 22:02 | कप्तानगंज जं. | 16:17 | 16:22 |
| 23:10 | 23:25 | गोरखपुर जं. | 15:15 | 15:25 |
| 00:31 | 00:34 | बस्ती | 13:08 | 13:11 |
| 01:28 | 01:30 | मनकापुर जं. | 12:14 | 12:16 |
| 02:30 | 02:35 | **अयोध्या धाम जं.** | 11:00 | 11:05 |
| 02:55 | 03:00 | **अयोध्या कैंट** | 10:25 | 10:30 |
| 05:30 | --- | गोमती नगर | --- | 08:15 |

चलने के दिन : 15561 दरभंगा से 26.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक शनिवार) तथा 15562 गोमती नगर से 27.07.25 से अगले आदेश तक (प्रत्येक रविवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

**15567/15568 बापूधाम मोतिहारी – आनंद विहार (ट) – बापूधाम मोतिहारी अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)**

| गाड़ी सं. 15567 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 15568 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:00 | बापूधाम मोतिहारी | 10:40 | --- |
| 08:18 | 08:20 | सगौली जं. | 09:40 | 09:42 |
| 08:38 | 08:40 | बेतिया | 09:13 | 09:15 |
| 08:53 | 08:55 | चनपटिया | 08:11 | 08:13 |
| 09:30 | 09:35 | नरकटियागंज जं. | 07:45 | 07:50 |
| 09:50 | 09:52 | हरिनगर | 07:24 | 07:26 |
| 10:20 | 10:22 | बगहा | 07:00 | 07:02 |
| 12:06 | 12:08 | सिसवा बाज़ार | 05:25 | 05:27 |
| 12:40 | 12:45 | कप्तानगंज जं. | 04:55 | 05:00 |
| 14:50 | 15:00 | गोरखपुर जं. | 04:00 | 04:10 |
| 15:57 | 16:00 | बस्ती | 02:17 | 02:20 |
| 16:54 | 16:56 | मनकापुर जं. | 01:05 | 01:07 |
| 17:35 | 17:40 | गोंडा जं. | 00:37 | 00:42 |
| 21:00 | 21:10 | **लखनऊ** | 22:20 | 22:30 |
| 01:10 | 01:12 | **बरेली जं.** | 18:17 | 18:19 |
| 02:55 | 03:05 | **मुरादाबाद जं.** | 16:50 | 16:58 |
| 05:18 | 05:20 | गाजियाबाद जं. | 14:33 | 14:35 |
| 06:10 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 15567 बापूधाम मोतिहारी से 29.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार) तथा 15568 आनंद विहार (ट) से 30.07.2025 से अगले आदेश तक (प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार)।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# हरियाली तीज स्त्रीत्व का उत्सव

सावन के महीने में मनाए जाने वाले हरियाली तीज पर्व का धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व तो है ही, इसे स्त्रीत्व का उत्सव भी माना जाता है। इससे जुड़े रीति-रिवाजों और परंपराओं में परिवार और रिश्तों की मंगलकामनाएं भी निहित होती हैं। इसीलिए आज के दौर में भी इस पर्व की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है।

पर्व
यशोधरा भटनागर



हरियाली तीज आते ही बीती यादें आंखों के सामने नाचने लगती हैं। कितने दिन पहले से मां तीज की तैयारी में लग जाती थीं। मनिहारिन काकी चूड़ी, टिकुली, मेहंदी, महावर का टोकरा सिर पर रखे आंगन में जम जातीं। दादी, चाची, हम सब उनके आस-पास बैठ जाते। हमारी आंखें काकी के टोकरे को स्कैन कर लेने में कोई कसर नहीं छोड़तीं। सावन के सेहरों संग उत्सव के हरे, लाल, पीले खुशियों के रंग चारों ओर बिखर जाते। दादी बताती थीं कि सावन का महीना शिव पूजा का पवित्र माह है। शिव जी के प्रिय श्रावण मास में सबसे ज्यादा वर्षा होती है। अधिक वर्षा शिवजी के विष से गर्म शरीर को ठंडक प्रदान करती है। भारतीय लोकजीवन में सावन प्रेम, सौंदर्य और श्रद्धा का माह है। इस माह में आया हरियाली तीज का पर्व, भारतीय स्त्री के जीवन, उसकी संवेदनाएं और उसके संकल्पों का सुंदर भावनात्मक प्रस्तुतिकरण है।

### तीज का मूलार्थ और स्वरूप



'तीज' शब्द संस्कृत के 'तृतीया' से लिया गया है, जिसका अर्थ है हिंदू पंचांग की शुक्ल या कृष्ण पक्ष की तीसरी तिथि। सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को 'श्रावण तीज' या 'हरियाली तीज' कहा जाता है। मुख्य रूप से यह पर्व उत्तर भारत में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा आदि राज्यों में महिलाओं द्वारा श्रद्धा, प्रेम और उल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है। मान्यता है, देवी पार्वती ने शिव जी को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। देवी पार्वती ने सावन में मृतिका से शिवलिंग का निर्माण करके भक्ति भाव से शिवजी का पूजन किया और तपस्या में लीन हो गईं। उनकी तपस्या से अंत में प्रसन्न होकर हरियाली तीज पर भगवान शिव प्रकट हुए और देवी पार्वती को वरदान दिया कि तुम मेरी अर्धांगिनी बनोगी। इस प्रकार भोलेनाथ सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को विवाह के लिए तैयार हुए थे। इसीलिए हर साल हरियाली तीज के दिन कुंवारी लड़कियां मनचाहे वर के लिए और विवाहित स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत करती हैं।

### तीज का सामाजिक-सांस्कृतिक और भावनात्मक पक्ष



सावन की तीज नारी जीवन के उस पहलू को सजीव करती है, जहां वह एक उपासिका, एक सृजनशील शक्ति और एक भावनात्मक केंद्र बन जाती है। विवाहित स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए व्रत रखती हैं। यह उपवास केवल दैविक आस्था नहीं, बल्कि एक मानसिक और आत्मिक शक्ति का प्रदर्शन भी है। मायके और ससुराल के बीच भावनाओं का पुल बनती है तीज। विवाहित बेटियों को मायके बुलाया जाता है। गोटा लगी हरी-लाल लहरिया लहराती साड़ी में सजी बहू-बेटियों के हाथों में मेहंदी, कलाई में चूड़ियां, पांवों में महावर, बिछिए, पायल के स्वर पूरे माहौल को झंकृत करते आशीष देते हैं। गीतों, हंसी, झूलों और श्रंगार से सजी यह बेला उन्हें अपने स्त्रीत्व का उत्सव मनाने का अवसर देती है। तीज जैसे पर्व भारतीय स्त्री को मानसिक और सामाजिक रूप से सशक्त करते हैं। सहेलियों, बहनों, पड़ोसियों के साथ त्योहार मनाने से आपसी संबंध मजबूत होते हैं।

### व्रत, पूजा और अनुष्ठान

तीज के दिन महिलाएं सूर्योदय से पूर्व स्नान कर सुंदर-स्वच्छ वस्त्र धारण करती हैं। व्रत रखती हैं और दिनभर शिव-पार्वती की पूजा करती हैं। शिव-पार्वती की कथा से उन्हें प्रेम, समर्पण और आत्मबल का आदर्श मिलता है। सौभाग्यवती स्त्रियां सोलह श्रंगार, मेहंदी, चूड़ियां, बिंदिया, पायल, साड़ी आदि में सजकर देवी पार्वती की भांति स्वयं को नववधु के रूप में अलंकृत करती हैं। तीज के पारंपरिक लोकगीतों के साथ यह व्रत संपन्न होता है।

### झूले, गीत और नारी की अभिव्यक्ति

सावन और तीज के गीत भारतीय स्त्रियों की भावनाओं, पीड़ा, प्रतीक्षा, प्रेम और सामाजिक स्थिति के स्वरों को पिरोते हैं। 'कजरियां', 'सावन के झूले', 'मायके बुलावे' जैसे गीत न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि स्त्री के भीतर छिपे भावलोक की सुंदर झलक भी हैं।


### आधुनिक संदर्भ में तीज

समय के साथ तीज का स्वरूप बदला है, पर इसका आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है। आज की नारी भी इस पर्व को केवल रीति नहीं, एक उत्सव के रूप में मनाती है, जहां वह अपने अस्तित्व, विश्वास और संबंधों को फिर से सजीव कर आनंदित होती है। सावन की तीज केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, यह भारतीय स्त्री के आंतरिक सौंदर्य, उसकी सहनशीलता, उसकी आस्था और उसके आत्मबल का प्रतीक है। यह पर्व उसे अपनी जड़ों से जोड़ता है, प्रकृति के साथ उसका संवाद कराता है। हरियाली तीज नारी का उत्सव है। उत्सव है भावों का, विश्वास का और उसकी अपनी पहचान का।

# हाथों पर रचवाएं आकर्षक मेहंदी

हरियाली तीज पर आप ट्रेडिशनल ड्रेसअप, मेकअप और ज्वेलरी कैरी करने के साथ हाथों पर मेहंदी भी जरूर लगवाएंगी। हम आपको यहां बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी डिजाइन इन दिनों ट्रेंड हैं, जिन्हें आप रचवा सकती हैं।

श्रंगार
निधि गोयल



तीज का त्यौहार विवाहित महिलाओं के लिए बहुत मायने रखता है। ऐसे में महिलाएं सोलह श्रंगार करती हैं। सोलह श्रंगार को पूरा करती है हाथों में रची प्यारी-प्यारी मेहंदी। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह के मेहंदी के डिजाइन आप अपने हाथों में लगाकर इस तीज पर डिफरेंट नजर आ सकती हैं। इनमें से कुछ मेहंदी डिजाइंस पर एक नजर।

### भरवा मेहंदी डिजाइन

तीज जैसे मौके पर भरे-भरे डिजाइन वाली मेहंदी पसंद की जाती हैं। इनके अलावा जालीदार, फूल पत्तियों के डिजाइन काफी पसंद किए जाते हैं। साथ ही इनमें फूलों के डिजाइन भी काफी सुंदर लगते हैं। जब आप इस तरह की मेहंदी लगवाती हैं, तो हाथों की खूबसूरती और बढ़ जाती है।

### अरेबिक मेहंदी डिजाइंस



अरेबियन मेहंदी के डिजाइन अधिकतर महिलाओं को पसंद आते हैं। इनमें आजकल कई तरह के डिजाइन ट्रेंड में चल रहे हैं। इस डिजाइन से आपके हाथों को बेहद सुंदर लुक मिलता है। अरेबिक मेहंदी डिजाइन में हाथों में भरकर मेहंदी नहीं लगाई जाती है। बल्कि इसमें बेल टाइप मेहंदी डिजाइन ज्यादा पसंद की जाती है। साथ ही आपकी लगी हुई मेहंदी हैवी भी नजर आती है। इनमें बहुत सारे डिजाइन आजकल ट्रेंड में हैं, इनमें से आप कुछ अलग हट कर डिजाइन अपने हाथों पर लगवा सकती हैं।

इस डिजाइन में हथेली को पूरी तरह भर कर बनाया जाता है। यह डिजाइन बहुत खिलता हुआ नजर आता है।

### पोर्ट्रेट मेहंदी डिजाइंस



आजकल इस तरह की मेहंदी डिजाइन भी काफी ज्यादा पसंद की जा रही है। इसमें अपने किसी खास व्यक्ति की मुखाकृति को बनाया जाता है। शादी और तीज जैसे त्यौहारों पर तो खासकर इस मेहंदी डिजाइन को काफी पसंद किया जाता है। खासकर ब्राइडल के हाथों पर इन मेहंदी को आपने लगा देखा होगा। इसमें दूल्हा और दुल्हन की आकृति को हाथों पर बनाया जाता है। जिससे ब्राइडल के हाथ बेहद सुंदर नजर आते हैं। तीज जैसे त्यौहारों पर भी इस मेहंदी डिजाइन का काफी क्रेज देखा जा रहा है।

### टैटू मेहंदी डिजाइंस



अगर आपके पास कम समय है और आप कुछ घंटे बैठकर मेहंदी कहीं लगवा नहीं पाती हैं तो ऐसे में टैटू मेहंदी लगा सकती हैं। इसके लिए बाजार में मिलने वाले मेहंदी के टैटू आप स्वयं लेकर आसानी से हाथों पर लगा सकती हैं। टैटू मेहंदी में आप काफी सारे डिजाइन, जो काफी ट्रेंडी और यूनिक हैं, उन्हें खरीद के इस तीज पर अपने हाथों पर लगा सकती हैं।

### ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस

त्यौहारों पर यह मेहंदी डिजाइन भी बेहद सुंदर नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी के डिजाइन इस तरह के लगाए जाते हैं कि आपके हाथों पर लगाई गई मेहंदी गहनों की तरह नजर आती है। ज्वेलरी मेहंदी डिजाइंस आमतौर पर पूरे हाथ, बाजू और पैरों को कवर करते हैं और बहुत विस्तृत और कलात्मक होते हैं। इन्हें अगर सफाई से नहीं लगवाया जाए तो फिर ज्यादा सुंदर नहीं लगते हैं। ऐसे में मेहंदी लगाने वाले का एक्सपर्ट होना जरूरी है।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

बच्चे और आप
नीलम अरोड़ा

छोटे बच्चे अपने पापा-मम्मी के पास ज्यादा से ज्यादा रहना चाहते हैं। पैरेंट्स भी यही चाहते हैं। सवाल यह है कि बच्चे रात में अकेले सोएं या अपने पापा-मम्मी के साथ? इस बारे में आपके लिए जरूरी सलाह।

# बच्चों को अपने साथ सुलाना कितना सही-कितना गलत



हमारे देश में ही नहीं, दुनिया के कई और देशों में भी बच्चों को काफी उम्र तक माता-पिता अपने साथ सुलाते हैं। उनका मानना होता है कि इससे बच्चों की माता-पिता के साथ बॉन्डिंग ज्यादा गहरी होती है। बच्चे स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। पैरेंट्स भी उनकी सुरक्षा के विषय में सुनिश्चित रहते हैं। कई माता-पिता अपने बेडरूम में ही बच्चों को एक ही पलंग पर सुलाते हैं, तो कई अपने बेड पर न सुलाकर उन्हें उनके लिए अलग बेड की व्यवस्था करते हैं। पश्चिमी देशों में इसके विपरीत बच्चों को शुरू से ही अलग सुलाया जाता है, जिसमें सबसे बड़ी वजह बच्चों को बेहतर नींद आए और माता-पिता की प्राइवेसी में कोई खलल न पड़े।

**साथ सुलाने के फायदे:** बच्चों को साथ सुलाने के कई फायदे होते हैं। इससे उनको भावनात्मक सुरक्षा तो मिलती ही है, जब वो साथ सोते हैं तो कम रोते हैं और कम तनावग्रस्त होते हैं। उनका शारीरिक विकास भी बेहतर होता है, क्योंकि अलग सोने वाले बच्चों की तुलना में वे खुश रहते हैं, उनकी कम तनाव होने और स्वस्थ रहने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी इजाफा होता है। माता-पिता जब बच्चों को अपने साथ सुलाते हैं तो चूंकि वे उनकी सुरक्षा के प्रति आश्वस्त होते हैं, उन्हें भी अच्छी नींद आती है। बच्चों के साथ उनके रिश्ते मजबूत होते हैं। एक-दूसरे के करीब होने के कारण वे एक-दूसरे की शारीरिक और मानसिक जरूरतों को ज्यादा अच्छी तरह से समझ सकते हैं। साथ में सुलाने से बच्चों की देखभाल करना, उनकी किसी भी तरह की जरूरत को समझना उनके लिए ज्यादा सुविधाजनक होता है।



**बच्चों को अलग कब सुलाएं:** इस विषय में कोई सटीक जवाब नहीं मिलता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों को छह महीने के बाद अलग सुलाना चाहिए। जबकि कुछ का मानना है कि बच्चे जब दो या तीन साल के हो जाते हैं तो पैरेंट्स को अपनी प्राइवेसी मेंटेन करने के लिए उन्हें अपने से अलग सुलाना चाहिए। कुछ बालरोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के साथ लंबे समय तक बेड शेयरिंग नहीं करनी चाहिए। खासतौर पर बच्चे जब छोटे हों। क्योंकि नींद में बच्चों की स्थिति का पता नहीं चलता। ऐसे में यदि माता-पिता को कोई संक्रामक रोग है तो इसका असर बच्चे पर पड़ सकता है।

**कुछ और जरूरी सुझाव:** यदि बच्चा प्री-मैच्योर है तो उसे मां को अपने साथ सुलाना चाहिए। बच्चे को एक ही बिस्तर पर सुलाने से जगह कम होने के कारण उनके गिरने की भी आशंका रहती है।

- यदि बच्चे को लंबे समय तक अपने साथ सुलाया जाए तो एक समय के बाद उसे अकेले सोने में डर लगता है। बाद में उनकी आदत बदलना कठिन होता है।
- अगर आप भी अपने बच्चों को अपने साथ सुलाती हैं तो इस बात का खास ख्याल रखें कि आपका बिस्तर कितना लंबा चौड़ा है। अगर इसमें पर्याप्त स्थान नहीं है तो बच्चे के गिरने या दबने की भी आशंका रहती है।
- अगर बच्चे का माता-पिता के साथ ज्यादा भावनात्मक जुड़ाव हो तो उसे धीरे-धीरे अपने से अलग सुलाने की आदत डालनी चाहिए। साथ सुलाने में माता-पिता की ही नहीं बच्चे की नींद भी बाधित होती है।
- बच्चा अगर बहुत छोटा नहीं है तो उसके लिए अपने ही कमरे में अलग बेड की व्यवस्था करें। धीरे-धीरे उसे अलग कमरे में सुलाएं, लेकिन उसका कमरा आपके बेडरूम से ज्यादा दूर नहीं होना चाहिए। ताकि रात के समय जब उसे आपकी जरूरत हो तो आप उसके लिए तुरंत वहां हाजिर हो सकें।

मेंटल हेल्थ
अंजू जैन

# क्या आप हमेशा सोचती हैं नेगेटिव

कुछ लोगों का मन हमेशा उदासी में डूबा रहता है। उन्हें लगता है, कोई उनको पसंद नहीं करता। अपने आपको हर काम में असक्षम मान लेते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आप नेगेटिवटी से घिरी हुई हैं, मानसिक रोग से ग्रस्त हो सकती हैं। इससे जल्द से जल्द उबरिए। सबसे पहले अपने आपको पहचानें कि क्या आप मानसिक रोग से ग्रस्त हैं, फिर अपनी सोच बदलने का प्रयास करें।

**मुझे कोई चाहता नहीं:** 'मेरी किसी को परवाह नहीं।', 'हर कोई खुद में ही मस्त है, मुझे कोई नहीं चाहता।' अगर अकेले में आप ऐसा बार-बार सोचती हैं तो समझ लें कि आपका दिमाग वास्तविकता की बजाय भावनाओं में बह रहा है, बहका हुआ है। ऐसे में कई बार आप अचानक अपराधबोध की शिकार हो जाती हैं, सोचती हैं कि मैंने कुछ गलत किया है।



**क्या करें:** 'द हैप्पीनेस ट्रैप' पुस्तक में मनोविज्ञानी रस हैरिस ने लिखा है कि इस स्थिति में आपको अपनी अनुभूतियों को कंट्रोल में लाना होगा, सच्चे मन से वास्तविकता को पहचानना होगा। 'मैं अकेली हूं, मुझे कोई नहीं चाहता।' ऐसा कुछ सोचना, अस्थाई मानसिक स्थिति के इमोशंस हैं। इन्हें आपको हवा में उड़ाना सीख लेना चाहिए। अपने इमोशंस को कंट्रोल सकती हैं।

**कोशिश करना बेकार है:** आपको अपनी पसंदीदा जॉब की वैकेंसी की खबर मिलती है। आप पल भर के लिए उत्साहित होती हैं। लेकिन अगले ही पल आपका मन बुझ जाता है, आप अपनी क्वालिफिकेशन से ज्यादा अपनी कमियां गिनने लगती हैं। फिर सोचती हैं कि मुझे यह जॉब नहीं मिलेगी।



**क्या करें:** यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना की पॉजिटिव इमोशंस एंड साइको-फिजियोलॉजिकल लैब में डायरेक्टर बारबरा फ्रेड्रिक्शन कहती हैं, 'हमारी ज्यादातर नेगेटिविटी मेंटल टाइम ट्रैवल से आती है। नेगेटिविटी से उबरने के लिए आप धीरे-धीरे अपनी पॉजिटिव बातों पर फोकस करिए। एक-एक कर आपको अपनी क्षमताओं का अनुभव होने लगेगा, उसी वक्त संकल्प लें कि आपको पूरी ऊर्जा के साथ यह काम करना है। हर शाम दिनभर की अच्छी बातें, घटनाएं और उपलब्धियां लिखें और इसके लिए ऊपर वाले का शुक्रिया अदा करें। मेडिटेशन करें। आपको निराशा से उबरने में मदद मिलेगी।'

**हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानना:** कई बार आप अपने आस-पास होने वाली हर बुरी बात के लिए खुद को जिम्मेदार मानने लगती हैं। कोई किसी मीटिंग या किसी पार्टी में आपके जाते ही निकल जाता है तो आपको लगता है कि वह आपके व्यवहार से नाराज है।

**क्या करें:** सबसे पहले आपको इस बात पर विश्वास करना होगा कि दुनिया में या आपके इर्द-गिर्द हो रही हर बात के लिए आप जिम्मेदार नहीं हैं। मनोचिकित्सक और 'यू आर नॉट युअर ब्रेन' की लेखिका रेबेका ग्लेडिंग कहती हैं, 'आपको स्वीकार कर लेना चाहिए कि दूसरों के मूड पर आपका कोई नियंत्रण नहीं है। इससे उबरने में मदद मिलेगी।'

फिटनेस
शिखर चंद जैन

# घरेलू कामों से भी होती है एक्सरसाइज

फिट रहने के लिए हमेशा जरूरी नहीं कि जिम में जाकर वर्कआउट ही करें। आप बहुत से घरेलू काम करते हुए भी एक्सरसाइज के फायदे उठा सकती हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकती हैं। इस बारे में जानिए।

रवीना अपने बढ़ते वजन और कमर के बढ़ते घेरे से परेशान थी। मोटापे के कारण न सिर्फ उसका शरीर बेडौल होने लगा बल्कि उसे गैस और अपच जैसी समस्याएं भी सताने लगीं। फैमिली डॉक्टर उसे कई बार सुबह-शाम वर्कआउट करने के लिए या जिम ज्वाइन करने के लिए कह चुके थे। लेकिन रवीना को वक्त ही नहीं मिलता था। सुबह बेटे-बेटी को स्कूल भेजती, फिर पति के साथ ब्रेकफास्ट करती। ग्यारह बजे हाउसमेड आ जाती, उससे लंच बनवाने, कपड़े धुलवाने, बर्तन मंजवाने और पूरे घर की साफ-सफाई करवाने में एक बज जाता। उसके जाने पर वह खाना खाती, टीवी देखती और दो घंटे सो जाती। शाम को सोसायटी की कुछ महिलाएं आ जातीं, उनसे गप-शप करने में 6 बज जाते, फिर डिनर की तैयारी करती। इस तरह न तो उसे जिम जाने की फुर्सत मिलती और न वर्कआउट करने की। एक दिन उसने अपनी सहेली शैलजा से अपनी समस्या बताई और पूछा, 'तू भी तो जिम नहीं जाती फिर कैसे फिट दिखती है?' इस पर शैलजा बोली, 'घर की साफ-सफाई से लेकर बर्तन, कपड़े धोने, गार्डनिंग और खाना बनाने तक का काम मैं ही करती हूं। यही तो है मेरी फिटनेस और हेल्दी रहने का राज। तुझे पता है, घर के काम-काज करने का फायदा भी जिम जाने जितना ही मिलता है।' शैलजा ने बिल्कुल ठीक कहा।



**क्या कहती हैं स्टडीज:** हाल ही में एक अध्ययन के नतीजे में कहा गया है कि घरेलू काम-काज का फायदा जिम जाने या रोजाना वर्कआउट जितना ही मिलता है। पोंछा लगाने, घर साफ करने, बागवानी करने और बाजार से साग-सब्जी या घरेलू सामान लाने से भी काफी कैलोरी बर्न होती है, क्योंकि इन कामों में फिजिकल मूवमेंट्स भी काफी होती हैं। आप वर्किंग वूमेन हों या होममेकर, अगर वर्कआउट के लिए समय नहीं निकाल पातीं, तो अपनी दिनचर्या में से वो पल या काम ढूंढ़ लें, जिससे आप फिजिकल मूवमेंट्स में इंवॉल्व रह सकती हैं। आपको किसी तरह की हेल्थ प्रॉब्लम है, तो डॉक्टर से कंसल्ट कर वर्कआउट कर सकती हैं।



**ये भी हैं तरीके:** एक्सरसाइज का टाइम नहीं मिलता तो फिजिकल एक्टिविटी के लिए घर से ऑफिस जाते समय बस से एक स्टॉपेज पहले उतर कर पैदल जा सकती हैं। इसी प्रकार आते समय भी घर से एक स्टॉपेज पहले उतर सकती हैं। चौथी मंजिल पर स्थित ऑफिस और तीसरी मंजिल पर मौजूद फ्लैट में जाने के लिए लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों को यूज कर सकती हैं। इसी प्रकार बागवानी करने से भी तन और मन दोनों फिट रहते हैं। बागवानी के लिए काफी चलना-फिरना पड़ता है, हाथों की मूवमेंट्स करनी पड़ती है। इससे भी एक्सरसाइज होती है।

**इस बात का रखें ध्यान:** अगर किसी को फ्रोजन शोल्डर या टेनिस एल्बो की परेशानी नहीं है, तो उसके लिए स्वीमिंग एक अच्छी एक्सरसाइज हो सकती है। इससे कंधों और भुजाओं की अच्छी एक्सरसाइज हो जाती है। साथ ही कोर मसल्स को मजबूती भी मिलती है। बैठकर पोंछा लगाना भी एक अच्छी एक्सरसाइज है, जिन्हें घुटनों में तकलीफ हो उन्हें खड़े-खड़े पोंछा लगाना चाहिए।

**(फिटनेस ट्रेनर चिन्मय राय से बातचीत पर आधारित)**

# शासकीय भवनों की छतों पर बिना निवेश के लगेंगे सोलर रूफटॉप संयंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। वर्ष 2030 तक 500 गीगा वॉट नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मप्र निरंतर आगे बढ़ रहा है।

इसी क्रम में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश के सभी शासकीय भवनों को दिसम्बर-2025 तक सौर ऊर्जीकृत किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। आरईएससीओ (रेस्को) की ओर से जिलों में पृथक-पृथक निविदाएं जारी कर दर आमंत्रित की गई है।

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में रेस्को पद्धति से लगेंगे सोलर सिस्टम
- प्रदेश के सभी शासकीय भवन दिसम्बर-2025 तक किए जाने हैं सौर ऊर्जीकृत
- सभी जिलों के लिए अलग-अलग निविदाएं जारी कर मांगी गई दरें

## शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा



नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में प्रदेश में राज्य शासन के भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति के तहत सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने हैं। शासकीय विभागों को इन सौर परियोजनाओं में कोई निवेश नहीं करना होगा। शासकीय कार्यालयों की ओर से ऊर्जा के उपयोग के लिए रेस्को विकासक को प्रति यूनिट भुगतान करना होगा। रेस्को द्वारा लगाए गए संयंत्र की प्रति यूनिट दर विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निर्धारित व्यवसायिक दर (जिसमें शासकीय कार्यालय भी शामिल हैं) से काफी कम होगी। इस प्रकार शासकीय कार्यालय शून्य निवेश, पहले दिन से बचत, नेट जीरो के सिद्धांत पर कार्य कर सकेंगे।

### न्यूनतम दर के आधार रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी

रेस्को परियोजना अंतर्गत मप्र ऊर्जा विकास निगम ने प्रत्येक जिले के लिए पृथक-पृथक निविदा जारी की गई है। इसमें रेस्को विकासकों से प्रत्येक जिले के लिए पृथक–पृथक दर मांगी गई है। प्रत्येक जिले की न्यूनतम दर के आधार उस जिले में रेस्को परियोजनाएं स्थापित होंगी। भोपाल जिले में अधिकतम 15.6 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, जबकि ग्वालियर जिले में 5.26 मेगावाट, इंदौर जिले में 3.12 मेगावाट, छिंदवाड़ा जिले में 1.43 मेगावाट, दतिया जिले में 1.4 मेगावाट, धार जिले में 1.34 मेगावाट की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं।

**25 वर्ष के लिए संयंत्र स्थापित किए जाएंगे**

शासकीय विभागों, संस्थाओं के भवन पर रेस्को इकाई की ओर से 25 वर्ष की अवधि के लिए सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। इस पूरी अवधि तक सोलर रूफटॉप संयंत्र का रख-रखाव रेस्को इकाई की ओर से किया जाएगा। रेस्को की आय पूरी तरह से 25 वर्ष तक सौर ऊर्जा के उत्पादन पर आधारित है।

### 133 शासकीय कार्यालयों में रेस्को पद्धति से संयंत्र लगाए गएः शुक्ला

नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2018 से 2020 के बीच मप्र ऊर्जा विकास निगम की ओर से राज्य में 133 शासकीय कार्यालयों में सफलतापूर्वक रेस्को पद्धति से सोलर रूफ़टॉप संयंत्र लगाए, जो सफलतापूर्वक संचालित हैं। इसमें आईआईएम इंदौर, सीएपीटी भोपाल, शासकीय मेडिकल कॉलेज (रीवा, शिवपुरी, खण्डवा, दतिया, विदिशा), एनएलआईयू भोपाल, एजी कार्यालय ग्वालियर, एसएआई भोपाल, भारत सरकार का पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन आदि शामिल हैं। नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल एवं दक्षतापूर्ण क्रियान्वयन से निश्चित ही प्रदेश सौर ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में होगा।

सीएम ने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया

# अब तक की सबसे सफलतम विदेश यात्रा रही दुबई और स्पेन की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 7 दिन की दुबई और स्पेन की विदेश यात्रा से रविवार को स्वदेश लौट आए। वैश्विक संबंधों को नई ऊर्जा देने वाली दुबई और स्पेन की इस यात्रा को मुख्यमंत्री ने सफलतम यात्रा निरूपित किया है। उन्होंने यात्रा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर-दृष्टि और कुशल नेतृत्व को दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश में अलग-अलग सेक्टर में काफी निवेश की संभावनाएं हैं। दुबई और स्पेन के 7 दिन के प्रवास से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं बनी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान कई विदेशी कंपनियों से मध्यप्रदेश में निवेश और नॉलेज शेयरिंग के लिए करार भी हुए हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 7 दिन की विदेश यात्रा से स्वदेश लौटे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इससे पहले मप्र में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से लगभग 30.77 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। निवेश धीरे-धीरे धरातल पर भी उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विदेश यात्रा से मप्र में कृषि, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, उद्योग और पर्यटन विकास के क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं निकलकर सामने आईं हैं, जिससे रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अब बड़ी तेजी से निवेश के लिए एक आदर्श राज्य के रूप में उभर रहा है।

### मुख्यमंत्री ने स्व. ब्रम्हानंद यादव को अर्पित की पुष्पांजलि



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद नई दिल्ली से सीधे रीवा पहुंचकर अपने ससुर स्व. ब्रम्हानंद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रीवा में संजय नगर में स्व. ब्रम्हानंद यादव के आवास पर पहुंचकर परिजन से भेंटकर सांत्वना दी तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

### स्टेट हैंगर भोपाल पर स्वागत



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दुबई और स्पेन की यात्रा से रविवार की शाम भोपाल लौटे। यहां मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। विमानतल पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और विभिन्न मंत्री, विधायक रामेश्वर शर्मा समेत जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

### सीएम आज करेंगे नवीन विधायक विश्राम-गृह का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य एवं विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार, 21 जुलाई को सुबह 10.30 बजे विधायक विश्राम गृह खण्ड-क्रमांक-1 के सामने, विधायक विश्राम गृह परिसर भोपाल में नवीन विधायक विश्राम गृह निर्माण कार्य का भूमिपूजन होगा। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी शामिल होंगे। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को भूमिपूजन स्थल का निरीक्षण किया और भूमिपूजन कार्यक्रम की उत्कृष्ट तैयारियों के अधिकारियों को निर्देश दिए। यह नवीन विधायक विश्राम गृह लगभग 160 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा और इसमें सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ 102 फ्लैट्स का निर्माण प्रस्तावित है।

### मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी दुबई और स्पेन की यात्राः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनकी दुबई और स्पेन की यात्रा मध्यप्रदेश में विकास के नए द्वार खोलेगी। दुबई और स्पेन के निवेशक मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल में सात बार दुबई की यात्रा कर दो तरफा व्यापारिक और औद्योगिक साझेदारी को बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का अनुसरण करते हुए उद्योग एवं व्यापार वर्ष 2025 में देश-विदेश से निवेश लाने के प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में दुबई और स्पेन की यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने के लिए इस यात्रा को सार्थक बनाने का प्रयास किया गया।



## अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**नई दिल्ली।** अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच नई दिल्ली का प्रथम वार्षिकोत्सव 20 जुलाई रविवार 2025, डी - 21 स्टूडियो, पैसेफिक मॉल,द्वारका सेक्टर- 21 मेट्रो स्टेशन,द्वारका, नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठतम कवयित्री श्रीमती प्रमिला भारती ने की। मुख्य अतिथि थे राजधानी कॉलेज के प्राचार्य श्री दर्शन पाण्डेय जी, विशिष्ट अतिथि के आसन को सुशोभित किया हिन्दी अकादमी दिल्ली के सचिव श्री संजय गर्ग जी ने।सरस्वती पूजा से प्रारम्भ हुए इस आयोजन में श्रीमती रंजना भूषण ने स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा रचित सुमधुर सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। तत्पश्चात सामूहिक वन्देमातरम् गान कर देश के प्रति श्रद्धा प्रकट की गई।कार्यक्रम दो सत्रों मे सम्पन्न हुआ। पहले सत्र का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष हास्य कवि श्री ओम प्रकाश कल्याणे द्वारा एवं दूसरे सत्र का संचालन अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच की अध्यक्ष एवं कवयित्री ,लेखिका डॉ. कीर्ति काले द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।प्रथम सत्र में अपने स्वागत भाषण में संस्था की अध्यक्ष अन्तरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ. कीर्ति काले जी ने वर्ष भर में प्राप्त संस्था की आशातीत उपलब्धियों की जानकारी देते हुए आगामी लक्ष्य के विषय में बताया।भारतीय सेना के तीनों अंगों जल, थल, नभ सेना और सीमा सुरक्षा बल के पराक्रमी सैनिकों को "शौर्य सम्मान" से सम्मानित किया गया। यथा - रीयर एडमिरल खुर्रम शहज़ाद नूर (भारतीय जल सेना) ,कर्नल पुष्पेन्द्र कुमार यादव (भारतीय थल सेना) ,सार्जेंट डॉ. राजा राम यादव (भारतीय वायुसेना) ,इंस्पेक्टर विक्की कुमार (सीमा सुरक्षा बल)से सम्मानित किए गए। विशेष उल्लेखनीय बात ये रही कि सभी सम्मानित सेना अधिकारी सपत्नीक उपस्थित हुए।भारतीय सेना के शौर्य को समर्पित अन्तरराष्ट्रीय सकारात्मक साहित्य मंच के सदस्यों की कविताओं का साझा संकलन "ऑपरेशन सिन्दूर" का भव्य लोकार्पण सम्मानित सेना अधिकारियों द्वारा किया गया। शब्दांकुर प्रकाशन द्वारा प्रकाशित एवं डॉ.कीर्ति काले द्वारा सम्पादित इस साझा संकलन का आवरण चित्र प्रख्यात चित्रकार श्री संदीप राशिनकर जी ने बनाया है। तत्पश्चात स्व. सुधाकर रामकृष्ण भागवत स्मृति समाज- गौरव सम्मान समाज सेवी संस्था पहल को सम्मान राशि एवं अलंकरण के साथ प्रदान किया गया।

## जबलपुर में आईसीआईसीआई बैंक ने किया सिक्का वितरण मेले का आयोजन



**जबलपुर।** आईसीआईसीआई बैंक आईसीएमएसी जबलपुर द्वारा आईसीआईसीआई बैंक विजय नगर ब्रांच में बीते दिनों सिक्के वितरण के मेले का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जबलपुर आरएच नितिन भटनागर और करेंसी चेस्ट के हेड अश्विन विट्ठलपारा विजय नगर के ब्रांच मैनेजर प्रियल दुबे एवं करेंसी चेस्ट की टीम के सदस्य विनय बागरी, रंजीत त्रिपाठी, विनित वर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा , आकाश सिंह, और अनुराग पांडेय भी सम्मिलित रहे। इस मेले में विजय नगर ब्रांच में काफी संख्या में मंडी व्यापारी ओर अन्य व्यापारियों ने सिक्कों के मेले में भाग लिया और आईसीआईसीआई बैंक द्वारा आयोजित मेले का लाभ उठाया ।



# घर में आग लगने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

## महिला और उसके पति का कोर्ट में चल रहा था तलाक का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नंदिनी थाना क्षेत्र में सुबह घर में आग लगने से दो लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में मां बेटी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर विवेचना में जुट गई है।

नंदिनी थाना क्षेत्र के टाउनशिप में सुबह एक मकान में आग लगने से घर में मौजूद मां-बेटी कह जलकर मौत हो गई। मृतका महिला जागेश्वरी साहू 35 वर्ष और दिव्यांशी साहू 7 वर्ष के रूप में पहचान हुई है। महिला अपने मायके में कुछ दिनों से रहे रही थी। संभवना जताई जा रही है कि महिला ने सुबह जब घर पर कोई नहीं था तो अंदर से दरवाजा बंद पर खुद को आग के हवाले कर लिया जिसकी चपेट में आने से बेटी की भी मौत हो गई। मृतका ने एक दिन पूर्व घर में रखे आवश्यक दस्तावेजों को एक बैग में रखकर अपने पड़ोसी के घर में रखवा दिया था। मृतका का पति से तलाक का प्रकरण चल रहा था। बहरहाल पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है।



# पिता ने बेटे को मारी चाकू, घायल अस्पताल में भर्ती

## बेटे ने कहा, पिता शराब पीकर बेवजह करते हैं विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



बोधघाट थाना क्षेत्र के बहादुरगुड़ा में रहने वाले एक युवक ने अपने बेटे की पीठ में तीन चाकू मार उसे घायल कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही घायल को महारानी अस्पताल ले जाया गया। जहां से घायल को बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए घायल राहुल 29 वर्ष ने बताया कि वह पेशे से कारपेंटर का काम करता है और रविवार की रात को अपने कमरे में सो रहा था कि तभी पिता राकेश कमरे में आकर बेटे से बहसबाजी करने लगे। काफी देर तक चले विवाद के बाद पिता ने अपने हाथ में रखे चाकू से बेटे राहुल की पीठ में तीन अलग-अलग जगह चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद घायल को जहां बेहतर उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले गए। घायल राहुल का कहना था कि उसके पिता शराब का सेवन करते है, जिसके कारण किसी न किसी बात को लेकर हमेशा विवाद करते रहते हैं। रात को भी बिना किसी कारण शरीर के अलग अलग हिस्सो में चाकू मार कर घायल कर दिया है।

## नक्सलियों ने की दो ग्रामीणों की हत्या



**बीजापुर।** जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र में नक्सलियों की एक बार फिर कायराना करतूत सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम छुटवाई निवासी कवासी जोगा उम्र करीब 55 वर्ष और बड़ा तर्रेम निवासी मंगलू कुरसम उम्र करीब 50 वर्ष की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। यह दर्दनाक घटना 20 और 21 जुलाई की दरम्यानी रात की बताई जा रही है। 4-5 अज्ञात नक्सलियों ने धारदार हथियारों से लैस होकर दोनों ग्रामीणों की बेरहमी से हत्या कर दी। थाना तर्रेम द्वारा घटना की जांच कर रही है। विस्तृत जानकारी मिलने पर आगे की जानकारी दिए जाने की बात कही गई है। बीते दिन बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लाक के ग्राम कोण्डापडगु में आईईडी ब्लास्ट में 16 साल का एक नाबालिग गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद घायल हालत में नाबालिग को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना उस वक्त हुई जब कृष्णा गोटा पिता फकीर निवासी कोण्डापडगु के जंगल में मवेशी चराने गया था। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के मकसद से यहां आईईडी लगाया था।

## मैहर में छत्रपति साहू जी महाराज की 152वीं जयंती 26 को

**भोपाल।** प्रदेश के मैहर जिले में ओबीसी, एससी-एसटी महासभा के तत्वाधान में आरक्षण के जनक, राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज की 152वीं जयंती का भव्य आयोजन शनिवार 26 जुलाई को सुबह 11 बजे पटेल मैरिज गार्डन, कटनी रोड, मैहर में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता सतना जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल करेंगे, वहीं आयोजकों में देवदत्त सोनी और वीरेंद्र सिंह पटेल भी मुख्य भूमिका में रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल, देवराज सिंह, संध्या कुशवाहा, आर.डी. प्रजापति, उषा चौधरी, सीएल. वंशकार शामिल होंगे। इस अवसर पर सामाजिक समरसता और आरक्षण पर चर्चा होगी, साथ ही साहू जी महाराज के सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान को याद किया जाएगा।

अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 150 किमी की यात्रा करेंगी विधायक

# कांवड़ यात्रा में शामिल हुईं विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

प्रदेश की भाजपा महिला विधायक भावना बोहरा ने सावन माह के दूसरे सोमवार से अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 150 किमी की कांवड़ यात्रा शुरू कर दी है। वे कबीरधाम जिले के पंडरिया विधानसभा क्षेत्र की विधायक है।

उन्होंने बताया कि सावन माह के द्वितीय सोमवार के पावन अवसर पर मां नर्मदा मंदिर, अमरकंटक (मध्यप्रदेश) में माँ नर्मदा और नर्मदेश्वर महादेव जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना के साथ भोरमदेव मंदिर तक की कांवड़ यात्रा के लिए प्रस्थान किया। 151 किलोमीटर की यह कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। यह शिव भक्ति के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। सबके जीवन में सुख-समृद्धि का वास हो, हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो यही हमारी कामना है। मैं सभी श्रद्धालुओं, कांवड़ यात्रियों का आभार व्यक्त करती हूं जो आस्था, विश्वास और सनातन संस्कृति की इस महत्वपूर्ण यात्रा में मेरे साथ सहभागी बने हैं।



वहीं, इस यात्रा का 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर (कबीरधाम) में समापन होगा। इसी प्रकार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबीरधाम जिले से जल लेकर अमरकंटक प्रस्थान करने वाले कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए मेला मैदान, नया नगर पालिका परिसर, अमरकंटक, जिला अनुपपुर (एमपी) में निःशुल्क भोजन एवं विश्राम की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसे भावना बोहरा द्वारा संचालित की जा रही है।यह सेवा 11 जुलाई से 6 अगस्त तक जारी रहेगी।

स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा शाखा के निर्देश

# पॉक्सो एक्ट के मामलों में तय समय सीमा में कोर्ट में पेश करें आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण देने के लिए पॉक्सो एक्ट, प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्राम सेक्सुअल अफेंसेस एक्ट अधिनियम लागू है। इस प्रावधान में बच्चों के साथ यौन अपराधों को घटित करने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़े प्रावधान हैं। हालांकि इस तहत के मामलों में जब पुलिस तय सीमा में कोर्ट में चार्जशीट पेश नहीं करती तो कोर्ट में मामले प्रभावित होते हैं। कई बार आरोपियों को जमानत का लाभ भी मिल जाता है। हाल ही में महिला सुरक्षा शाखा ने भी इस तरह के मामलों की प्रदेश भर की समीक्षा की तो पाया गया कि 65 फीसदी मामलों में ही समय सीमा के अंदर चार्जशीट अदालत में पेश की गई है।

35 प्रतिशत मामलों में पुलिस समय सीमा के प्रावधान का पालन नहीं कर सकी, इसीलिए पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा के स्पेशल डीजी अनिल कुमार ने जिलों के लिए इस संबंध में निर्देश भी दिए हैं कि बच्चों से जुड़े अपराधों में तय समय में ही आरोप-पत्र अदालत में दाखिल कराया जाएं।

### चालान पेश नहीं होने पर होगी कार्रवाई




स्पेशल डीजी ने जिला के अफसरों को हिदायत भी दी है कि समय सीमा के अंदर पेश यदि अदालत में चालान पेश नहीं होने का मामला सामने आता है तो संबंधित अफसर को जिम्मेदार माना जाएगा। वहीं उसके खिलाफ एक्शन भी लिया जाएगा।

### पॉक्सो एक्ट में हैं सख्त सजा का प्रावधान

पाक्सो एक्ट में बच्चों के विरूद्ध घटित होने वाले विभिन्न अपराधों के लिए अलग-अलग सजा का प्रावधान है, जिसमें 3 साल से लेकर मृत्युदंड तक शामिल है। इस तरह के अपराध को गैर जमानती श्रेणी में रखा गया है। पॉक्सो एक्ट जो वर्ष 2012 में लागू किया गया, इस एक्ट में वर्ष 2020 में संशोधित कर अधिकतम सजा में मृत्युदंड तक का प्रावधान जोड़ा गया। वहीं विशेष न्यायालय में ही इस तरह के मामलों की सुनवाई हो रही है।

### 60 दिन के अंदर चालान प्रस्तुत करने का नियम

विधिक जानकारों की माने तो पॉक्सों एक्ट के मामलों में पुलिस द्वारा 60 दिन के अंदर अदालत में चार्जशीट दाखिल करने का प्रावधान है। किन्ही विशेष कारणों में ही इसे 90 दिन तक किया जा सकता है। हालांकि अधिकांश मामलों में पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही चालान प्रस्तुत करती है, ताकि पुलिस अपनी विवेचना को पूरा दिखा सके। आरोपी की फरार होने की स्थिति में चालान प्रस्तुत करने की स्थिति में पुलिस को ट्रायल में कई तरह की दिक्कत आती है। इसलिए ज्यादातर मामलों में पुलिस आरोपी को पकड़ने के बाद ही चालान पेश करती है।

## चिंतन

# मुंबई ट्रेन धमाके के पीड़ितों को 'इंसाफ' अब भी बाकी

मुंबई ट्रेन धमाके के सभी आरोपी बरी हो गए। ट्रायल कोर्ट ने फांसी और उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन बंबई उच्च न्यायलय ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी 12 आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है तथा यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है। यह फैसला शहर के पश्चिमी रेलवे नेटवर्क को हिला देने वाले आतंकवादी हमले के 19 साल बाद आया है। अदालत का यह फैसला महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) के लिए अत्यंत शर्मिंदगी की बात है, जिसने इस मामले की जांच की थी। एजेंसी ने दावा किया था कि आरोपी प्रतिबंधित संगठन 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के सदस्य थे और उन्होंने आतंकवादी समूह लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पाकिस्तानी सदस्यों के साथ मिलकर यह साजिश रची थी। इस केस में एक आरोपी 2015 में ही सबूतों के अभाव में बरी हो गया था। 11 जुलाई 2006 को मुंबई में कई ट्रेन में आतंकियों सिलसिलेबार सात बम धमाके किए थे। इस हमले में 180 से अधिक लोगों की जान चली गई थी और कई अन्य लोग घायल हुए थे। बंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों के सभी इकबालिया बयानों को 'नकल' करने का संकेत देते हुए अस्वीकार्य घोषित कर दिया। अदालत ने इकबालिया बयान की विश्वसनीयता को और अधिक कम करते हुए कहा कि अभियुक्तों ने सफलतापूर्वक यह स्थापित कर दिया है कि इन इकबालिया बयानों के लिए उन पर अत्याचार किया गया था। अदालत ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण सिंडिकेट (मकोका) के प्रावधान इस मामले में लागू नहीं होंगे और इसके लिए मंजूरी 'बिना सोचे-समझे यांत्रिक तरीके से' दी गई थी। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने कहा कि अभियोजन पक्ष अपराध में प्रयुक्त बमों के प्रकार को रिकार्ड में लाने में भी असफल रहा है तथा जिन साक्ष्यों पर उसने भरोसा किया वे आरोपियों को दोषी ठहराने में विफल रहे हैं। हाईकोर्ट का यह फैसला बताता है कि महाराष्ट्र एटीएस ट्रायल कोर्ट के फैसले के बाद सोता रहा और सबूतों को पुख्ता करने पर ध्यान नहीं दिया। उच्च न्यायालय ने 671 पन्नों के अपने निर्णय में साफ कहा है कि 'किसी अपराध के वास्तविक अपराधी को सजा देना, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश, कानून के राज को बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा व संरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम है। लेकिन किसी मामले को हल करने का झूठा दिखावा करना, यह दिखाना कि आरोपियों को न्याय के कठघरे में लाया गया है, केवल एक भ्रमपूर्ण समाधान की भावना पैदा करता है।' ऐसा भ्रामक निष्कर्ष न केवल जनता के विश्वास को कमजोर करता है, बल्कि समाज को झूठी तसल्ली देता है, जबकि असली खतरा अब भी आज़ाद घूम रहा होता है। यक्ष प्रश्न अब भी वहीं है कि आखिर मुंबई ट्रेन धमाके के असली गुनहगार कौन हैं? सैकड़ों पीड़ितों को इंसाफ कब मिलेगा? सच तो यही है कि धमाके किए गए थे, तो इस अपराध को किसी ने अंजाम दिया होगा, जिनको एटीएस ने पकड़ा, ट्रायल कोर्ट ने सजा दी, वे अगर हाई कोर्ट में बरी हो गए तो फिर असल अपराधी कहां हैं? क्या आतंकवादी घटना की जांच एटीएस इस लापरवाही से करेगी? महाराष्ट्र सरकार ने बेशक कहा है कि वह इस फैसले का अध्ययन कर आगे की कार्यवाही करेगी, लेकिन हाईकोर्ट के फैसले महाराष्ट्र एटीएस की पूरी जांच प्रक्रिया को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

## उम्मीद

अरविंद जयतिलक



# धन-धान्य योजना से संवरेगी कृषि

केंद्र सरकार की पीएम धन-धान्य योजना का शुभारंभ कृषि को लाभकारी और किसानों की आर्थिक सेहत सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। छह साल तक चलने वाली इस योजना के लिए प्रति वर्ष 24000 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित कर दी गई है जिसके तहत देश के सर्वाधिक पिछड़े 100 जिलों के 1.70 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। अच्छी बात यह है कि इसमें 36 मौजूदा योजनाओं को भी जोड़ा जाएगा जिससे कृषि क्षेत्र में आमूलचूल सुधार की संभावना प्रबल होगी। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने, पंचायत और खंड स्तर पर फसलों की कटाई के बाद भंडारण क्षमता में वृद्धि, सिंचाई सुविधाओं में सुधार, लचीली ग्रामीण आजीविका का निर्माण के अलावा लॉन्ग एवं शॉर्ट टर्म लोन उपलब्ध कराना है। निःसंदेह इस पहल से छोटे व सीमांत किसानों की आय बढ़ेगी तथा कृषि को भी आधुनिक तकनीकी से जोड़ने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि कृषि विकास औद्योगिक विकास की तुलना में दोगुनी तेजी से गरीबी को कम करता है। साथ ही विकास को भी रफ्तार देता है। उदाहरण के लिए कृषि उत्पादन में एक प्रतिशत की वृद्धि औद्योगिक उत्पादन में 0.5 प्रतिशत और राष्ट्रीय आय में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि करती है। इसे ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना करते समय ए2$ एफएल फॉर्मूला को अपनाया था। तब सरकार ने कृषि उत्पादन के नकद व अन्य सभी खर्चों समेत किसान परिवार के श्रम के मूल्य को भी जोड़ दिया। नतीजा सामने है। किसानों की आय में तेजी से वृद्धि हो रही है। वर्ष 2014 तक जो कृषि बजट 25000 करोड़ से भी कम हुआ करता था, वह आज बढ़कर 1.37 लाख करोड़ तक पहुंच गया है। वर्ष 2014 से पहले जो कृषि क्षेत्र संकटग्रस्त और घाटे का सौदा हुआ करता था वह आज मुनाफे के सौदे में तब्दील हो रहा है। सरकार कृषि बाजार को मजबूती देने के लिए कृषि बजट में लगातार वृद्धि कर रही है। उसी का नतीजा है कि फसलों का रिकार्ड उत्पादन और निर्यात हो रहा है। भारत का कृषि निर्यात 50 बिलियन डॉलर की ऐतिहासिक ऊंचाई छू चुका है। सरकार की कोशिश डिजिटल तकनीक के जरिये कृषि को बढ़ावा देकर किसानों की माली मालत में बेहतर बदलाव लाना है। इसके लिए सरकार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार कर रही है। इसके माध्यम से किसानों को फसलों के बारे में जानकारी देने, कौन-सी फसलें उगाई जाएं, फसलों की देखभाल कैसे हो, लोन एवं बीमा, फसल आकलन, बाजार की जानकारी और कृषि तकनीक उद्योग के विकास को समर्थन और स्टार्ट-अप्स को मदद के माध्यम से एक समावेशी विकास केंद्रित समाधान संभव हो पाना आसान होगा। सरकार ने इस योजना के लिए एक फंड भी तैयार किया है जिसका मकसद किसानों के सामने आ रही चुनौतियों को आधुनिक तकनीक से समाधान करना है। सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए हर वर्ष कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि कर रही है। वर्ष 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनी तो गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य तकरीबन 1200 रुपये प्रति क्विंटल था। आज बढ़कर 2425 रुपये हो गया है जो दोगुने से भी अधिक है। इसी तरह 2014-15 में धान का समर्थन मूल्य 1360 रुपये था जो आज बढ़कर 2389 हो गया है। सरकार ने देश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि बाजार को नया आयाम दिया है। इसके लिए किसानों के हित में कई दर्जन योजनाओं को मूर्त रूप दिया है। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिये 'हर खेत को पानी' योजना चल रही है जो किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसानों को सरकारी बैंकों से कम ब्याज दर पर ऋण मिल रहा है। सरकार ने किसान क्रेडिट कार्य योजना की सुविधा उपलब्ध कराकर किसानों की तात्कालिक पैसे की समस्या को खत्म कर दिया है। इस योजना के तहत किसानों को सस्ती ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध है। इसका असर यह हुआ है कि जो किसान पैसे के अभाव में अपनी खेती की शुरुआत नहीं कर पाते थे, वह आज किसान क्रेडिट कार्ड की मदद से एक वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन करके अपनी आय को दोगुना कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आया है। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों को आच्छादित कर चिंताएं दूर कर दी हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर वर्ष 6000 रुपये की आर्थिक मदद 2000 रुपये की तीन समान किस्तों में दी जा रही है। इसी क्रम में पीएम धन-धान्य कृषि योजना से कृषि और किसानों की सेहत संवरेगी, इसकी उम्मीद जरूर की जानी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मानसून सत्र

राज कुमार सिंह

# पक्ष-विपक्ष की मानसूनी परीक्षा

रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। संसद का मानसून सत्र एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

आम तो संसद का कोई सत्र नहीं होता, पर सोमवार से शुरू हो रहा मानसून सत्र बेहद खास है। दरअसल बजट सत्र के बाद राजनीति की गंगा-जमुना में इतना पानी बह चुका है कि उसका असर मानसून सत्र पर पड़े बिना नहीं रहेगा। संसदीय कामकाज के आंकड़े जो भी कहें, पर सत्तापक्ष का आत्मविश्वास और आक्रामकता लौट आने के बावजूद विपक्ष के तेवर बजट सत्र में ढीले तो हरगिज नहीं थे। अब जबकि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संघर्ष विराम संबंधी दावों, चीन से रिश्तों और बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची परीक्षण समेत तमाम मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में आ गए हैं तो वह सरकार को घेरने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगा। जिन परिस्थितियों में पाक-प्रायोजित आतंकी पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की हत्या कर भागने में सफल हो गए और फिर जवाबी कार्रवाई के रूप में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से शुरू भारत-पाक संघर्ष में अचानक विराम का श्रेय लेने के दावे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने किए, उस पर चर्चा के लिए विपक्ष ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। विपक्ष ने अतीत के उदाहरण भी दिए थे। सरकार ने संसद में चर्चा का सही समय न होने का तर्क देते हुए उस मांग को न सिर्फ ठुकरा दिया, बल्कि विपक्ष के राष्ट्र प्रेम पर सवाल भी उठाए। हां, उसी के चलते संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से बुलाने का ऐलान अवश्य 47 दिन पहले ही कर दिया, जो एक महीने चलेगा। इस बीच विदेश भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों के चयन को लेकर भी सत्तापक्ष और विपक्ष में जुबानी जंग हो चुकी है।

कमोवेश इसी समय संसद का मानसून सत्र हर वर्ष होता है, इसलिए सरकार की विधायी कार्यों की अपनी तैयारी है। सरकार आठ महत्वपूर्ण विधेयक पेश और पारित कराने का इरादा रखती है, जिनमें लंबे अरसे से जातीय हिंसा से ग्रस्त मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी विधेयक भी शामिल है। लगता है कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद भाजपा वहां अभी तक अपना घर भी दुरुस्त नहीं कर पाई है। अनुभव बताता है कि संसदीय गतिरोध के बावजूद सरकारें विधायी कार्य निपटाने का रास्ता निकाल ही लेती हैं, लेकिन पहलगाम से लेकर बिहार में विधानसभा चुनाव से चंद महीने पहले विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण तक विपक्ष के तरकश में मौजूद मुद्दों के तीर उसकी मुश्किलें अवश्य बढ़ाएंगे। दशकों से आतंकवाद ग्रस्त कश्मीर के पहलगाम सरीखे प्रमुख पर्यटक स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था न होने पर उठे सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। बेशक सरकार ने सिंधु जल संधि स्थगित करने समेत कई बड़े कदम पाकिस्तान के विरुद्ध उठाए। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने ध्वस्त करते हुए उसकी सेना को भी कड़ा सबक सिखाया, लेकिन अपनी सेना की बढ़त के बावजूद अचानक संघर्ष विराम से उठे सवाल भी अनुत्तरित हैं। विदेश मंत्रालय के खंडन के बावजूद ट्रंप संघर्ष विराम का श्रेय लेने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी भी स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान से जुड़े मामलों में भारत ने न तो कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही कभी करेगा। जी-7 शिखर सम्मेलन में ट्रंप और मोदी की मुलाकात होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी लौट जाने के चलते नहीं हो पाई। बाद में फोन पर हुई बातचीत में ट्रंप ने मोदी को वापसी में अमेरिका आने का न्योता दिया, लेकिन प्रधानमंत्री ने पूर्व निधारित कार्यक्रमों के चलते असमर्थता जता दी। उसी फोन वार्ता में मोदी ने पाक से जुड़े मामलों पर भारत की परंपरागत नीति दोहरायी।


तर्क दिया जा सकता है कि प्रधानमंत्री के स्पष्टीकरण के बाद संघर्ष विराम के श्रेय संबंधी विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए, लेकिन चुनाव केंद्रित राजनीति में ऐसा होता नहीं है। इसलिए विपक्ष मानसून सत्र में पहलगाम में सुरक्षा संबंधी चूक से लेकर अचानक संघर्ष विराम तक हर मुद्दे पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना को क्षति की अटकलों का हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल खंडन कर चुके हैं, लेकिन 'पांच युद्धक विमान गिरे' जैसे ट्रंप के अस्पष्ट बयान के बाद विपक्ष के रुख से लगता है कि यह सवाल सरकार से संसद के अंदर भी पूछा जाएगा। ऑपरेशन सिंदूर के समय जिस तरह चीन, तुर्की और अजरबैजान, पाकिस्तान के साथ खड़े नजर आए तथा रूस और इजरायल के अलावा किसी बड़े देश ने भारत के प्रति समर्थन नहीं जताया, उसे ले कर विदेश नीति पर भी विपक्ष ने सवाल उठाए। अपने देश में विदेश नीति पर राजनीतिक सहमति की परंपरा रही है, लेकिन अब वह इतिहास की बात बनती दिख रही है। ऑपरेशन सिंदूर से शुरू संघर्ष में पाकिस्तान द्वारा बड़े पैमाने पर चीनी हथियारों के इस्तेमाल का खुलासा हुआ था। उसी चीन से रिश्ते सुधारने विदेश मंत्री जयशंकर यात्रा पर गए। उस पर उठ रहे सवाल भी संसद में गूंजेंगे। पाकिस्तान के साथ अब चीन भी भारतीय विदेश नीति के लिए जटिल पहेली बनता जा रहा है। अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी रस्साकशी के मद्देनजर चीन से रिश्ते और भी संवेदनशील मसला है। देश की सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े इन मसलों पर विपक्षी हमलों से सरकार अपना बचाव कैसे करेगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

ईवीएम की विश्वसनीयता पर उठते सवाल अब चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर ही केंद्रित होते जा रहे हैं। मतदान समाप्ति के कई दिन बाद मत प्रतिशत के अंतिम आंकड़े जारी करने और उसमें चौंकाने वाली वृद्धि पर उठते सवालों में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या में भारी वृद्धि पर सवाल भी जुड़ गए हैं, लेकिन तर्कसंगत जवाब नहीं मिला है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति वाले भारतीय चुनाव आयोग की साख पर देश में ही उठते सवाल दुखद हैं, लेकिन इनसे बचने की जिम्मेदारी उसी की है। इसी साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से चंद महीने पहले बिहार में विशेष गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से चुनाव आयोग ने विपक्ष को अपने विरुद्ध एक और बड़ा मुद्दा दे दिया है। इसमें दो राय नहीं कि अवैध मतदाता चुनाव प्रक्रिया की शुचिता पर ही सवाल हैं, लेकिन कम समय में पुनरीक्षण की जटिल प्रक्रिया से अगर वैध मतदाता भी मताधिकार से वंचित हो गए तो वह चुनावों की निष्पक्षता और स्वतंत्रता पर बड़ा सवालिया निशान होगा। बेशक इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 28 जुलाई को सुनवाई है, लेकिन उससे पहले ही संसद में सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का जवाब देना पड़ सकता है। अगर आ पाया तो उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा के विरुद्ध महाभियोग भी मानसून सत्र में बड़ा मुद्दा बनेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# एकनिष्ठ भक्ति




संकलित

**दर्शन**

अनेक महापुरुष हैं, अनेक देवी-देवता हैं, अनेक मार्ग हैं, किंतु एकनिष्ठता आवश्यक है। इसी कारण इष्ट देवता की अवधारणा है। घर की बहू सास, ससुर, जेठ, जेठानी सबका आदर सम्मान करती है, किसी की अवज्ञा या उपेक्षा नहीं करती। सबकी सेवा करती है, किंतु अपने पति को वह सबसे अधिक चाहती है। इसी तरह तुम भी अपने इष्ट देवता पर दृढ़ एकनिष्ठ भक्ति रखो, जबकि अन्य देवी-देवताओं का सम्मान करो, सबके प्रति श्रद्धा रखो। सभी देव एक ही परमेश्वर के रूप हैं। किंतु किसी एक के प्रति एकनिष्ठ रहो। चौसर के खेल में गोटी सब खानों का चक्कर लगाए बिना लक्ष्य पर नहीं पहुंचती। यदि दो गोटियां जोड़ी बांधकर इकट्ठी चलें तो उन्हें कोई काट नहीं सकता, नहीं तो अकेली गोटी लक्ष्य के पास पहुंचकर पकते-पकते भी कट जा सकती है। इसी प्रकार साधना के मार्ग पर भी यदि गुरु अथवा इष्ट के साथ युक्त होकर आगे बढ़ा जाए तो बाधा विघ्न का भय नहीं रहता, यात्रा निर्विघ्न रूप से सफल हो सकती है। एक बार किसी यात्री ने एक आदमी से कलकत्ता (अब कोलकाता) जाने का रास्ता पूछा। उस आदमी ने कहा, इस रास्ते से चले जाओ। थोड़ी दूर चलकर उसने और एक जन से रास्ता पूछा। उसने दूसरा रास्ता बताया। इस तरह वह थोड़ा सा आगे बढ़कर किसी से रास्ता पूछता तो पहले वाले का रास्ता छोड़ उस पर चल देता। ऐसा करते हुए वह रास्तों पर ही भटकता रहा, कलकत्ता नहीं पहुंच पाया। उसे किसी ऐसे व्यक्ति से रास्ता पूछना चाहिए था, जिस पर विश्वास हो कि वह सही मार्ग जानता है। एक उसी व्यक्ति से पूछकर उसके ही बताए मार्ग पर चलना चाहिए था।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित

**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भीधीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## श्रावण मास



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सोमवार को पवित्र श्रावण मास के दूसरे सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए कांवड़िए कतारों में प्रतीक्षा करते हुए।

## आज की पाती


### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा।

*-रवि शर्मा, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# टीआरएफ को आतंकवादी घोषित करना सही कदम



अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति ने पहलगाम हमले में संलिप्त पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को वैश्विक आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने का स्वागत किया है। मिति ने कहा कि जो लोग आम नागरिकों की हत्या करते हैं, उन्हें माफ नहीं किया जाता, बल्कि उन्हें सजा दी जाती है। पिछले सप्ताह अमेरिका ने टीआरएफ को विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) घोषित किया था। रिपब्लिकन सांसद ब्रायन मास्ट की अध्यक्षता वाली समिति ने शनिवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप सच बोलते हैं। 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' एक विदेशी आतंकवादी संगठन है और इसे यह दर्जा मिलना ही चाहिए।'' समिति ने कहा, ''जब आप निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं, तो आपको माफी नहीं मिलती, सजा मिलती है। यह बात साफ और स्पष्ट है कि यह (पहलगाम हमला) एक आतंकी हमला था।'' उसने 'एक्स' पर 22 अप्रैल के अपने एक पुराने पोस्ट का भी जिक्र किया, जिसमें उसने पहलगाम हमले पर 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस खबर की कड़ी आलोचना की थी जिसका शीर्षक था: ''कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी।''

## ऑफ बीट

# क्या पानी को एक से अधिक बार उबालना ठीक है



केतली लगभग हर घर में एक आवश्यक वस्तु है - इसके बिना हम गर्म पेय कैसे बनाएंगे? लेकिन क्या केतली में पिछली बार के बचे पानी को दोबारा उबालना ठीक है? हालांकि पानी को उबालने से वह कीटाणुरहित हो जाता है, लेकिन आपने सुना होगा कि पानी को एक से ज्यादा बार उबालने से वह हानिकारक हो जाता है और इसलिए आपको हर बार केतली खाली कर देनी चाहिए। ऐसे दावों के साथ अक्सर यह तर्क भी दिया जाता है कि दोबारा उबाले गए पानी में कथित रूप से खतरनाक पदार्थ जमा हो जाते हैं, जिनमें आर्सेनिक जैसी धातुएं या नाइट्रेट और फ्लोराइड जैसे लवण शामिल हैं। यह सच नहीं है। यह समझने के लिए आइए देखें कि हमारे नल के पानी में क्या है और उसे उबालने पर असल में क्या होता है। हमारे यहां नल से आने वाले पानी में क्या है? अगर आप इस पानी से चाय बनाते हैं, तो उसे दोबारा उबालने से कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होगी। जानिए क्यों। रसायनों के इतने कम स्तर को सांद्रित करना कठिन है। पानी में पदार्थों को सांद्रित करने के लिए, आपको कुछ तरल को वाष्पित करना होगा जबकि रसायन वहीं रह जाएंगे। पानी किसी भी तापमान पर वाष्पित हो जाता है, लेकिन ज़्यादातर वाष्पीकरण क्वथनांक पर होता है - जब पानी भाप में बदल जाता है।

## ट्रेंड


### रोजगार में अभूतपूर्व वृद्धि



प्रधानमंत्री मोदी के सुधारों से संचालित भारत का रोजगार इंजन सारे रिकॉर्ड तोड़ रहा है! ईपीएफओ ने मई 2025 में अब तक का सबसे ज़्यादा सदस्य जोड़ दर्ज किया है। मोदी के गतिशील नेतृत्व में औपचारिक रोज़गार पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व वृद्धि देख रहा है।

**-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री**

### नोटिस दिया है



मैंने पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद की स्थिति पर नियमों के मुताबिक सदन में नोटिस दिया है। पहलगाम आतंकी हमला 22 अप्रैल को हुआ था और उसे अंजाम देने वाले आतंकी आज तक न पकड़े गए और न मारे गए।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### लोकतंत्र के द्वार बंद किए थे



स्वतंत्र, निडर और गरिमापूर्ण मतदान का अधिकार, जिसे आज हम सहजता से लेते हैं, एक समय बंगाल के लोगों को एक दमनकारी शासन के तहत नकार दिया गया था, जिसने असहमति को दबा दिया था और लोकतंत्र के द्वार बंद कर दिए थे।

**-ममता बनर्जी, सीएम प. बंगाल**

### शब्द वापस नहीं लिए जा सकते



अगर आप फिसलकर गिर भी जाएं, तो आप हमेशा खुद को संभाल सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन अगर आप किसी से कुछ ग़लत कह देते हैं, तो आप माफ़ी मांग सकते हैं, लेकिन एक बार बोले गए शब्दों को वापस नहीं लिया जा सकता।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# संविधान जेब में रखकर संवैधानिक संस्था पर हमला ठीक नहीं: शेखावत

# राहुल खुद बोलना नहीं चाहते, कहते हैं हमें बोलने नहीं दिया जाता: पाल




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के मानसून सत्र में सोमवार को बार-बार व्यवधान देखने को मिला। इसके चलते लोकसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के बावजूद, केंद्र सरकार ने कहा कि वह विपक्ष की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। इस बीच सत्ता पक्ष ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी जमकर पलटवार किए। सत्ता पक्ष ने कहा कि संविधान जेब में रखकर चलते हैं और संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करते हैं ये दोहरा बात कैसे स्वीकार हो सकती है। राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। जबकि ये कभी नहीं कहते हैं कि वे खुद बोलना नहीं चाहते है। राहुल ने आरोप लगाया है कि उन्हें लोकसभा में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर उस वक्त सदन की अध्यक्षता कर रहे सांसद जगदंबिका पाल ने कहा, मैं उस समय सदन में था और अध्यक्षता कर रहा था मैंने राहुल गांधी से कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, आपकी पार्टी के सांसद वेल में हैं और नारे लगा रहे हैं। प्रश्नकाल के दौरान मैंने विपक्ष के नेता से कहा कि आप अपने सांसदों को अपनी सीटों पर बैठने के लिए कहें, मैं उन्हें बोलने का मौका देता, लेकिन वे खुद बोलना नहीं चाहते।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी पवित्रता को कम करना बेहद विरोधाभाषी ये कतई स्वीकार नहीं है।

## सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी पर किए चौतरफा हमले

**सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है**



पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बनाई आगामी रणनीति

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने तंज कसा है। शेखावत ने कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और संवैधानिक पद पर हमला विरोधाभाषी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि संविधान की एक प्रति जेब में रखना और साथ ही संवैधानिक संस्थाओं पर हमला करना और उनकी पवित्रता को कम करना बेहद विरोधाभाषी है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। यह पहली बार नहीं है, बल्कि देश में चौथी बार ऐसा हो रहा है, ऐसे में इस तरह की अनुचित टिप्पणी करना उनकी अपनी विश्वसनीयता को ही कम करता है। संसद के आगामी मानसून सत्र पर शेखावत ने कहा कि मेरा मानना है कि देश के सामने कई महत्वपूर्ण और प्रासंगिक मुद्दे हैं, जिन पर खुली चर्चा और संवाद होना चाहिए। संसद संवाद का प्लेटफार्म है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इसका इस्तेमाल रचनात्मक विचार-विमर्श के लिए किया जाएगा, ना कि इसे व्यवधान या अराजकता का मंच बनाया जाएगा।

### सदन में बोले रक्षा मंत्री
### विपक्ष के मुद्दों पर हम चर्चा को तैयार



लोकसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन को आश्वासन दिया कि सरकार पहलगाम हमले सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विस्तृत बहस के लिए पूरी तरह तैयार है। राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सांसदों को भरोसा दिलाता हूं कि सुरक्षा से जुड़े किसी भी मुद्दे पर, चाहे चर्चा कितनी भी लंबी क्यों न हो, हम पूरी तरह से चर्चा के लिए तैयार हैं। जब भी स्पीकर समय देंगे, हम चर्चा में भाग लेंगे। यह बात उन्होंने उस समय कही जब विपक्षी सांसदों ने पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संसद में गैरहाजिरी पर सवाल उठाए।

### मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करें: रिजिजू



संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में यह तय हुआ था कि इस सत्र में ज्यादा से ज्यादा चर्चा होनी चाहिए। सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष के सांसद सदन के वेल में आकर विरोध कर रहे हैं। सत्र के पहले ही दिन इस तरह का विरोध करना ठीक नहीं है। अगर किसी को कोई मुद्दा उठाना है तो उसे नियमों के तहत चर्चा करनी चाहिए। पहले, स्पीकर ओम बिरला ने शुरुआती व्यवधान के बाद लोकसभा की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी। दुबारा हंगामा हुआ तब पीठासीन जगदंबिका पाल को सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए फिर से स्थगित कर दी।

### पीएम मोदी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक

संसद के मानसून सत्र का पहला दिन काफी हंगामेदार रहा। सरकार और विपक्ष एक दूसरे पर तमाम मुद्दों को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आए। वहीं, संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक भी आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत कई मंत्री शामिल हुए। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक संसद सत्र को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें सत्र की रूपरेखा, विधायी एजेंडा और विपक्ष से संभावित रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

## देश में बेरोजगारी दर घटकर 3.2 फीसदी हुई, महंगाई दर भी रिकॉर्ड निचले स्तर पर : निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज सोमवार को लोकसभा में जानकारी दी कि सरकार की विभिन्न पहलों के चलते देश में बेरोजगारी दर 6 वर्षों में 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई है। वहीं



महंगाई दर भी 6 वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। वित्त मंत्री ने लोकसभा में लिखित उत्तर में बताया कि महंगाई को नियंत्रित करने और खासकर गरीबों, युवाओं के बीच रोजगार बढ़ाने के लिए कई ठोस कदम उठाए गए हैं। इनमें जरूरी खाद्य वस्तुओं का बफर स्टॉक बढ़ाना, खुले बाजार में अनाज की रणनीतिक बिक्री, आपूर्ति में कमी के समय आयात को बढ़ावा और निर्यात पर रोक, स्टॉक लिमिट लागू करना, भारत ब्रांड के तहत सस्ती दरों पर खुदरा बिक्री और 81 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण जैसे कदम शामिल हैं। इसके साथ ही सरकार ने कर छूट की सीमा बढ़ाकर व्यक्तियों की आय में बढ़ोतरी की है। अब सालाना 12 लाख रुपये तक की आय (और वेतनभोगी के लिए 12.75 लाख तक) कर-मुक्त कर दी गई है। वित्त मंत्री ने बताया कि इन उपायों से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर खुदरा महंगाई दर 2023-24 में 5.4% से घटकर 2024-25 में 4.6% हो गई है, जो पिछले छह वर्षों में सबसे कम है। 2025-26 की पहली तिमाही में सीपीआई और गिरकर औसतन 2.7% रही और जून 2025 में यह 2.1% पर पहुंच गई।

### कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए

वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री सीतारमण ने एक लिखित उत्तर में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए।

### कब होगा 8वें वेतन आयोग का गठन

दो सांसदों के सवाल पर लोकसभा में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद इसकी अधिसूचना जारी कर दी जाएगी।

### 32 दिन चलेगा संसद का मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक यानी कुल 32 दिन चलेगा। इस दौरान 18 बैठकें होंगी, 15 से ज्यादा बिल पेश होंगे। स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण 13-14 अगस्त को संसद की कार्यवाही नहीं होगी। केंद्र सरकार मानसून सत्र में 8 नए बिल पेश करेगी, जबकि 7 लंबित बिलों पर चर्चा होगी। इनमें मणिपुर जीएसटी संशोधन बिल 2025, इनकम टैक्स बिल, नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल जैसे विधेयक शामिल हैं। पहले दिन नए इनकम टैक्स बिल पर बनी संसदीय कमेटी की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होगी। कमेटी ने 285 सुझाव दिए हैं। 622 पन्नों वाला बिल 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को रिप्लेस करेगा।

## खबर संक्षेप

### सात्विक ने चावल पर उगाई कीड़ाजड़ी

**शिमला।** हिमालयी क्षेत्रों में पाई जाने वाली दुर्लभ और मूल्यवान कीड़ाजड़ी को एक छात्र ने भूरे चावल के दानों पर उगा दिया। यह



दावा किया है डॉ. वाईएस बागवानी परमार एवं वानिकी विवि नौणी के सात्विक चौहान ने। उन्होंने तीन महीने के अंदर आधा किलो कीड़ाजड़ी मशरूम उगाकर कर युवाओं को स्वरोजगार की राह दिखाई है।

### वैष्णो देवी जाने वाले मार्ग पर भूस्खलन, 1 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर के पुराने



यात्रा मार्ग पर सोमवार सुबह भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। भूस्खलन त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा हुई भारी बारिश के कारण हुआ है।

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री की पत्नी को दी राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने ईडी को लगाई फटकार-कहा हमें मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जमकर लताड़ लगाई और ईडी के कथित राजनीतिक रूप से इस्तेमाल होने को लेकर तीखी टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सीएम की पत्नी के खिलाफ दायर ईडी की याचिका को खारिज कर दिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि 'श्रीमान राजू, कृपया हमें अपना मुंह खोलने के लिए मजबूर न करें। वर्ना हमें ईडी के खिलाफ कुछ कड़े शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ेगा। दुर्भाग्य से, मुझे महाराष्ट्र में इसे लेकर कुछ अनुभव है। इसे पूरे देश में मत फैलाइए। राजनीतिक लड़ाई को मतदाताओं के सामने लड़ने देना चाहिए, उसमें आप क्यों इस्तेमाल हो रहे हैं।' अदालत ने ईडी की याचिका खारिज कर दी और कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा। इस पर खुशी जताते हुए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि आखिरकार न्याय हुआ और मुडा मामले का भी अंत हो गया है।

*कोर्ट ने सवाल किया कि राजनीतिक लड़ाई को मतदाताओं के सामने लड़ने देना चाहिए, उसमें आप क्यों इस्तेमाल हो रहे हैं*



### महंगी जमीन आवंटित की

बता दें कि मूडा (मैसूर अर्बन डेवलेपमेंट अथॉरिटी) मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती सिद्धारमैया को जमीन आवंटन में अनियमितता के आरोप लगे थे। आरोप है कि मुख्यमंत्री की पत्नी को मुडा ने एक जमीन अधिग्रहण के बदले में मैसूर में पॉश इलाके में ज्यादा महंगी जमीन आवंटित की। इस मामले में करोड़ों रुपये के घोटाले के आरोप लगे थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर की तीखी टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने ईडी की याचिका पर सुनवाई की। ईडी ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उच्च न्यायालय ने कर्नाटक सीएम की पत्नी पार्वती के खिलाफ मूडा घोटाले में कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। ईडी की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए थे।

### कर्नाटक सीएम ने जताई फैसले पर खुशी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई और एक बयान जारी कर कहा कि आखिरकार न्याय हुआ। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि 'सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय का आदेश बरकरार रखा और ईडी की याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने ईडी के खिलाफ टिप्पणी करने में सावधानी बरती और उन्होंने कहा कि मामले का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट को उच्च न्यायालय के फैसले में कोई गलती नहीं लगी।

## दिल्ली हाई कोर्ट को मिले 6 नए जज, अब कॉलेजियम में भी जल्द होगा बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट में सोमवार को छह नए न्यायाधीशों ने पद की शपथ ली। जिससे अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित एक समारोह में इन छह नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले छह न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी, न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल, न्यायमूर्ति अरुण कुमार मोंगा और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला शामिल हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सज्जन उर्फ राम जने, पुत्र:** तेजपाल, **पता:** एफ–7/डब्ल्यू–48 झुग्गी नंबर 253 सुल्तान पुरी, दिल्ली **FIR No. 583/2013, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सज्जन उर्फ राम जने,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सज्जन उर्फ राम जने,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सज्जन उर्फ राम जने, FIR No. 583/2013, U/s: 457/380/411/34 IPC, पुलिस थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सान्या दलाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पश्चिम कोर्ट नं. 102, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय कोर्ट, दिल्ली

DP/9546/OD/2025
(Court Matter)

**F MEC INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES LIMITED**
CIN: L65100DL1993PLC053936
Registered office: 908, 9th Floor, Mercantile House, 15 K.G. Marg, New Delhi- 110001
Tel No: 011-49954225, Website: www.fmecinternational.com
Email: fmecinternational@gmail.com

**NOTICE FOR 1st EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING AND REMOTE E-VOTING**

(A) **Extra-Ordinary General Meeting:**
Notice is hereby given that the **1st Extra-Ordinary General Meeting (EGM)** of the members of the Company is scheduled to be held on **Thursday, 21st August, 2025 at 12:30 P.M. through video conferencing / other audio video visual means** to transact the business as set out in the Notice convening the said EGM.
The electronic copies of the Notice of the EGM of the Company has been sent to all the members on 22nd July, 2025 whose email Ids are registered with the Company/RTA/Depository participant(s) as on 18th July, 2025. The other communications sent electronically have been displayed on the Company's website http://fmecinternational.com/investor.html.

(B) **E-voting:**
In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules. 2014, as amended, and Regulation 44 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and Secretarial Standards on General Meetings, the Company is providing remote e-voting facility for its shareholders to cast their vote electronically from a place other than the venue of the EGM for all the resolutions set forth in the Notice, for which the Company has engaged the services of NSDL as e-voting agency.
All the members are informed that:
1. The cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means is 13th August, 2025
2. Date of completion of sending Notice of EGM: 22nd July, 2025
3. Any person, who acquires shares and becomes member of the Company after dispatch of the notice of the EGM and holding shares as on the cut-off date, i.e 13th August, 2025 may obtain the login-id and password by sending an e-mail to fmecinternational@gmail.com and evoting@nsdl.co.in by mentioning their Folio No./ DP ID and Client ID No. However, if such shareholder is already registered with NSDL for remote e-voting then existing user-id and password can be used for casting their vote.

| | |
|---|---|
| Date & time of commencement of remote e-voting | Monday, 18th August, 2025 9:00 A.M. (IST) |
| Date & time of end of remote e-voting | Wednesday, 20th August, 2025, 5:00 P.M. (IST) |

4. The remote e-voting through electronic means shall not be allowed beyond 5:00 p.m. (IST) on Wednesday, 20th August, 2025.
5. The Notice of the Extra-Ordinary General Meeting is available on Company's website viz. http://fmecinternational.com/ and on NSDL's website viz. www.evoting.nsdl.com

Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the EGM may also attend the EGM; however those Members shall not be entitled to cast their vote through e-voting again during the EGM.

In case of any grievance in respect of e-voting, Members may refer to the Help & Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual www.evoting.nsdl.com under help section or write an email to evoting@nsdl.co.in or call Helpdesk: 18001020990 or email to www.fmecinternational.com or call : 011-49954225.

The result of e-voting shall be announced on or after the EGM of the Company. The results declared along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the Company's website and on the website of NSDL for information of the Members, besides being communicated to the Stock Exchanges.

The detailed instructions regarding the above will be provided in the Notice of the EGM and Shareholders are requested to take note of the same.

For and on behalf of the Board
F Mec International Financial Services Limited
Sd/-
Ronika Dhall
ACS 39463
Company Secretary & Compliance officer

New Delhi
22-07-2025

### राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने की केंद्रीय कृषि मंत्री से मुलाकात

## शिवराज बोले, नकली बीज-खाद को लेकर हम अत्यंत गंभीर, कानून कड़ा बनाएंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को कृषि भवन में राजस्थान के कृषि, बागवानी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने मुलाकात की।



राजस्थान के मंत्री मीणा ने बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को राजस्थान में की गई नकली बीज-खाद संबंधी कार्रवाई की रिपोर्ट दी, साथ ही उनसे कृषि एवं ग्रामीण विकास को लेकर अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

इस दौरान शिवराज सिंह ने कहा कि नकली बीज-खाद एवं पेस्टीसाइड को लेकर वे अत्यंत गंभीर है और इस संबंध में सख्त से सख्त कार्रवाई के लिए तत्संबंधी कानून को कड़ा बनाया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा चुकी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस बारे में उन्होंने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भी भेजकर कार्रवाई करने को कहा है, केंद्र सरकार किसानों के साथ धोखा नहीं होने देगी, गड़बड़ियां करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## युवक की हत्या से जयपुर में भड़का आक्रोश गुस्साए लोगों ने जमकर किया पथराव

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के जामडोली थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या ने सोमवार सुबह शहर के हालात को अशांत कर दिया। मृतक युवक विपिन की हत्या से गुस्साए लोगों ने जयपुर-आगरा हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया और जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया। यह विरोध प्रदर्शन देखते ही देखते उग्र रूप ले बैठा, जिससे क्षेत्र में भारी तनाव फैल गया।

### केन्द्रीय कृषि मंत्री ने असम के लिए राजमा, मसूर, अरहर, सूर्यमुखी की उपयुक्त वैरायटी अधिसूचित करने के दिए निर्देश

# असम का दौरा कर बाढ़ व सूखा प्रभावित किसानों से मिलेंगे शिवराज सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सोमवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में असम के कृषि, बागवानी, पशुपालन, पशु चिकित्सा मंत्री अतुल बोरा ने मुलाकात की।

असम के मंत्री बोरा के साथ बैठक के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने उनसे वहां हाल ही में कुछ जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित किसानों के बारे में पूछा और कहा कि मैं जल्द ही असम के इन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आऊंगा, ताकि वहां के किसानों की पीड़ा को सुन-देख सकूं।



उन्होंने कहा कि असम के कुछ जिलों में बाढ़ आई, वहीं कुछ अन्य जिलों में सूखे की स्थिति का सामना भी हाल ही में किसानों ने किया है, मैं इन दोनों समस्याग्रस्त इलाकों का दौरा करूंगा।

शिवराज सिंह ने राज्य के किसानों के हित में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को निर्देशित किया कि वो असम के हिसाब से उपयुक्त राजमा, मसूर, अरहर, सूर्यमुखी, चारा-मक्का, लहसुन, प्याज की वैरायटी को अधिसूचित करें।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में आवेदक किसानों को लाभ देने को लेकर शिवराज सिंह ने डिजिटल फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता से छूट देकर राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने असम के अनुरोध पर पूर्वोत्तर जैविक कृषि मूल्य श्रंखला विकास मिशन की अवधि असम के लिए और एक साल बढ़ाने के निर्देश भी दिए।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 11, एम.सी. रोहतक में बेरान पाना गांव बलियाना में अशोक के मकान से रिंकू तक आईपीबी टाइल गली का प्रावधान व बिछाना और रिंकू से सतपाल तक नाला का निर्माण + 5 कार्य। | 18.07.2025 25.07.2025 | 97,25,407/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | सुनारियां कलां, वार्ड नं. 22, एम.सी. रोहतक में एक वर्ष हेतु कुतन वाला तालाब में डिस्पोजल / पम्पिंग स्टेशन का प्रचालन और रखरखाव समेत सबमर्सिबल पम्प, कंट्रोल पैनल और अन्य आवश्यक वैद्युत फिटिंग का प्रावधान व फिक्सिंग + 4 कार्य। | 18.07.2025 25.07.2025 | 1,90,08,384/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | एकता कॉलोनी, वार्ड नं. 21, एम.सी. रोहतक में हेरा सिंह से जाखड़ मैटीरियल सप्लायर तक और दीपक के मकान से मनीष पुत्र मोहिन्दर सिंह के मकान तक तथा पूनम पत्नी अजय से मोती राम के मकान तक और सावित्री के मकान से पण्डित जी के मकान तक और राकेश से कर्मबीर वाया भाटिया स्कूल की तरफ प्रदीप के मकान म. नं. 1146/20 तक सी.कंक्रीट गलियों का निर्माण और अन्य विविध कार्य + 1 कार्य। | 18.07.2025 25.07.2025 | 84,14,528/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 4 | नगर निगम रोहतक | न्यू चिन्योट कॉलोनी, रोहतक में वैद्युत अवसंरचना की आपूर्ति और स्थापना। | 18.07.2025 25.07.2025 | 16,80,637/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/36784/I/88/7 दि. 21.07.25

### आईडीबीआई बैंक का मुनाफा 17% बढ़कर 2,007 करोड़

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक का चालू वित्त वर्ष (2025-26) की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 2,007 करोड़ रुपये रहा है। एलआईसी के नियंत्रण वाले इस बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,719 करोड़ रुपये रहा था। आईडीबीआई बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 8,458 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 7,471 करोड़ रुपये थी।

# अब ग्राहक यूपीआई के जरिए ही निकाल सकेंगे गोल्ड लोन और एफडी का पैसा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने यूपीआई यूजर्स को बड़ी खुशखबरी दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने यूपीआई के जरिए पेमेंट करने के नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब यूजर्स गोल्ड लोन, बिजनेस लोन और एफडी की रकम भी यूपीआई के जरिए कहीं भेज सकते हैं। लोन अकाउंट को यूपीआई अकाउंट से भी लिंक किया जा सकेगा। इससे आप क्रेडिट कार्ड से लेकर बिजनेस लोन तक का पेमेंट पेटीएम, फोनपे, गूगलपे जैसे यूपीआई ऐप से कर सकेंगे। यह नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा।

## नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने पेमेंट करने के नियम में किया बड़ा बदलाव

### बैंक जाए बिना निकाल सकेंगे लोन का पैसा

पेमेंट करने के तरीके को और आसान और सिक्योर बनाने के लिए एनपीसीआई ने हाल ही में कई अहम फैसले लिए। अब एक बार फिर से पेमेंट करने के दायरे को बढ़ाने का ऐलान किया गया है। फिलहाल यूपीआई यूजर्स केवल सेविंग्स अकाउंट या ओवरड्राफ्ट अकाउंट ही यूपीआई से लिंक कर सकेंगे। इनके जरिए ही पेमेंट किया जा सकेगा। कुछ रुपे क्रेडिट कार्ड को भी यूपीआई से जोड़ा गया है, लेकिन इनकी संख्या कम है। अब नए नियम के साथ, ग्राहक बिना बैंक जाए गोल्ड लोन और पर्सनल लोन का पैसा ऑनलाइन निकाल सकेंगे।




### एनपीसीआई ने तय किए कुछ नियम

यूपीआई के मौजूदा नियमों में पी2एम मनी ट्रांसफर की सुविधा है, लेकिन नए नियम के लागू होने के साथ पी2पी के साथ-साथ पी2पीएम ट्रांजेक्शन भी कर सकेंगे। इतना ही आप कैश भी निकाल सकेंगे। हालांकि, एनपीसीआई ने इसके लिए कुछ नियम भी तय किए हैं जैसे कि यूजर्स एक दिन में ज्यादा से ज्यादा 1 लाख रुपए तक का ही पेमेंट कर पाएंगे। साथ ही एक दिन में कैश निकालने की लिमिट 10,000 रुपए ही है। इसके अलावा, पी2पी डेली ट्रांजेक्शन की लिमिट भी 20 कर दी गई है।

### बैंक के चक्कर काटने नहीं होंगे

इसके साथ ही आप यूपीआई के जरिए कौन-सा पेमेंट कर पाएंगे इसका फैसला भी बैंक लेगा। मान लीजिए कि आपने पर्सनल लोन लिया है, तो बैंक हॉस्पिटल बिल या स्कूल या कॉलेज की फीस के लिए ही लोन के पैसों की इजाजत दे। यह सुविधा खासतौर पर उन छोटे कारोबारियों के लिए फायदेमंद होगी, जो 2-3 लाख रुपए तक बिजनेस लोन लेते हैं और हर बार उन्हें पेमेंट करने के लिए बैंक के बार-बार चक्कर काटने नहीं काटने होंगे।

## भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल आयात किया

# घरेलू खेती के विस्तार के साथ-साथ भारत बना मलेशिया का सबसे बड़ा पाम बीजों का खरीदार

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

पाम पेड़ के बीजों के आयात के मामले में भारत, मलेशिया का सबसे बड़ा आयातक बनकर उभरा है। भारत द्वारा घरेलू पाम तेल उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के साथ-साथ पामतेल की मांग का बढ़ना भी इसका एक कारण है। भारत ने वर्ष 2024 में मलेशिया से 30.3 लाख टन पाम तेल का आयात किया, जो मलेशिया के कुल पाम तेल निर्यात का 17.9 प्रतिशत है। यह इसे मलेशियाई पाम तेल का शीर्ष गंतव्य बनाता है। मलेशियाई पाम तेल बोर्ड के महानिदेशक अहमद परवीज़ गुलाम कादिर ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयासों का हवाला देते हुए बताया, ''मलेशियाई पाम तेल के बीज या छोटे पौधों की मांग में, विशेष रूप से भारत से, उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।''

## भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार



### पूर्वोत्तर राज्यों पर ध्यान केंद्रित

भारत का लक्ष्य, वित्त वर्ष 2025-26 तक पाम तेल की खेती का विस्तार तेजी से 10 लाख हेक्टेयर तक करना है और अपने राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-तेल पाम योजना के तहत 2029-30 तक लगभग 28 लाख टन कच्चे पाम तेल का उत्पादन स्तर हासिल करना है। देश में फिलहाल वर्ष 2025 के मध्य तक लगभग 3,70,000 हेक्टेयर क्षेत्र में पाम तेल की खेती हो रही है, जिसमें विशेष रूप से पूर्वोत्तर राज्यों और द्वीपीय क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### मलेशिया तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है

कादिर ने बताया कि हालांकि, यह बीज व्यापार काफी हद तक अनौपचारिक बना हुआ है, जिसमें आपूर्ति औपचारिक अनुबंधों या दीर्घकालिक समझौतों के बिना एकमुश्त खेपों के माध्यम से तदर्थ आधार पर की जाती है। अधिकांश लेन-देन व्यापार-से-व्यापार व्यवस्था के माध्यम से होते हैं जहां मलेशियाई निर्यातक गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। कादिर ने कहा, ''मलेशिया इसका स्वागत करता है क्योंकि यह हमारे बीजों की गुणवत्ता और भारत के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी में भरोसे को दर्शाता है।'' यह स्थिति ऐसे समय बनी है जब भारत द्वारा हाल ही में कच्चे पाम तेल पर शुल्क में कटौती के बाद भारत को मलेशिया के पाम तेल निर्यात में कमी आई है।

### नई उच्च उपज वाली किस्मे विकसित

मलेशियाई पाम तेल बोर्ड ने प्रजनन कार्यक्रमों के माध्यम से नई उच्च उपज वाली किस्में विकसित की हैं, जिनसे प्रति हेक्टेयर सालाना 30 टन से अधिक ताजे फलों के गुच्छों का उत्पादन हो सकता है, जो वित्त वर्ष 2020-2023 के बीच दर्ज मलेशिया के राष्ट्रीय औसत 15.47-16.73 टन से लगभग दोगुना है।

### जीवनकाल 30 वर्ष से अधिक होता है

उन्नत किस्मों की ऊंचाई वृद्धि भी धीमी होती है, जिससे आर्थिक जीवनकाल 25 वर्ष से बढ़कर 30 वर्ष से अधिक हो जाता है और कटाई कार्य भी आसान हो जाता है। कादिर ने कहा कि वर्तमान मलेशियाई व्यावसायिक बीज, उचित कृषि पद्धतियों और पर्याप्त सिंचाई के साथ भारत में खेती के लिए उपयुक्त हैं।

# दिल्ली की औद्योगिक नीति के मसौदे में एआई, फिनटेक को बढ़ावा देने पर जोर

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने औद्योगिक नीति 2025-35 का मसौदा तैयार किया है। इसके तहत कृत्रिम मेधा (एआई) और वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) सहित अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए 400 करोड़ रुपये का उद्यम पूंजी कोष स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही इसमें 50 करोड़ रुपये के पूंजीगत निवेश की वापसी (रिइम्बर्समेंट) करने की बात भी कही गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। नीति के मसौदे में अनुसंधान और नवाचार के साथ ही आतिथ्य को भी केंद्रित क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है। इसपर 30 जुलाई तक हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं। यह मसौदा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कृत्रिम मेधा, बिग डेटा, बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा (बीएफएसआई), गेमिंग, एनिमेशन, बायोटेक, आईटी और आईटी आधारित सेवाओं सहित अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवाओं में निवेश पर केंद्रित है। दस्तावेज में कहा गया, ''वित्तीय प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा, जैव प्रौद्योगिकी और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) क्षेत्रों के लिए निवेशक अनुकूल पहल शुरू करने की जरूरत है, जिससे अग्रणी वैश्विक कंपनियों को दिल्ली में मुख्यालय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।'' दस्तावेज में कहा गया है कि वाणिज्यिक कार्यालय स्थलों की कमी के चलते दिल्ली की अर्थव्यवस्था में आईटी और आईटीईएस क्षेत्र के योगदान में उल्लेखनीय कमी हुई है। इसमें कहा गया है कि सरकार का लक्ष्य बड़े कार्यालय स्थलों की उपलब्धता बढ़ाना, भरोसेमंद बिजली और परिवहन अवसंरचना सुनिश्चित करना और नवीन प्रौद्योगिकियों में मजबूत अनुसंधान एवं विकास प्रयासों को बढ़ावा देना है। नीति के मसौदे में कहा गया है कि अग्रणी प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए पांच वर्षों में स्थिर पूंजी निवेश के 50 प्रतिशत की वापसी की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा प्रति परियोजना 50 करोड़ रुपये तक है।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, नोएडा ने किया सेंटर फॉर सोशल इनोवेशन एण्ड इम्पैक्ट का अनावरण




**नोएडा।** भारत के प्रमुख मैनेजमेन्ट शिक्षा संस्थानों में से एक जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, नोएडा ने सेंटर फॉर सोशन इनोवेशन एण्ड इम्पैक्ट के लॉन्च की घोषणा की है। 'मैनेजमेन्ट की शिक्षा हमारे संचालन का बढ़ा हिस्सा बनाती हे, लेकिन हमें संस्थान की सीमाओं को आगे बढ़ाते हुए कुछ नया करना है। मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे पास एक बेहतरीन अडवाइज़री कमेटी है। मुझे विश्वास है कि यह नया सेंटर तेज़ी से विकसित होगा, बहुत से लोग इसके साथ जुड़ेंगे।' प्रोफेसर सुभाज्योति रे, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट नोएडा ने कहा। सेंटर का आधिकारिक लॉन्च मुख्य अतिथि डॉ अनिल के. गुप्ता, प्रोफेसर, आईआईटी रूड़की; श्री चन्द्र मिश्रा, संस्थापक- सीईओ, बेगर्स कॉर्पोरेशन; श्री सुशील खोसला, हैड- ऑपरेशन्स मैनेजमेन्ट, सीएसआर, टीसीएस; श्री अनूप राऊ, मैनेजिंग डायरेक्टर, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर, फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी; डॉ प्रवाकर साहु, प्रोग्राम डायरेक्टर, नीति आयोग, प्रोफेसर सुभाज्योति रे, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट नोएडा, और डॉ अमरनाथ त्रिपाठी, चेयरपर्सन, सीएसआईआई की मौजूदगी में हुआ।'मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं अडवाइज़री कमेटी और जयपुरिया इंस्टीट्यूट के साथ जुड़ा हूं। संस्थान के चारों कैंपस के पास टैग ऑफ एक्सीलेन्स है।

# बैंक शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 443 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। तिमाही वित्तीय नतीजों के बाद एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.61 अंक यानी 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 516.3 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 122.30 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर 25,090.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी शुक्रवार को एक महीने के निचले स्तर 25,000 अंक से नीचे बंद हुआ था। एशियाई बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी बाजारों को समर्थन दिया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 5.38 प्रतिशत की तेजी रही। पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम के बाद कंपनी का शेयर मजबूत हुआ। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 2.76 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर भी लाभ के साथ बंद हुए।

### सोना 250 रुपए चढ़ा और चांदी 500 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्ट की मांग में तेजी के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 98,770 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 250 रुपये बढ़कर 98,550 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इसका पिछला बंद भाव 98,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, चांदी की कीमतें 500 रुपये बढ़कर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। शुक्रवार को चांदी 1,10,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सराफा कारोबारियों ने कहा कि मांग में तेजी से कीमती धातु की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 15.16 डॉलर या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 3,365.56 डॉलर प्रति औंस हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी शुल्क नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं और डॉलर में गिरावट के बीच सोमवार को सोने में तेजी आई, जिससे कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला।''

### रुपया 14 पैसे टूटकर 86.30 प्रति अमेरिकी डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 14 पैसे टूटकर 86.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। तेल आयातकों की ओर से डॉलर की लगातार बढ़ती मांग का दबाव घरेलू मुद्रा पर पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये के 86 के स्तर तक कमजोर होने के बाद आज के सत्र में भी इसमें गिरावट जारी रही। रुपया नकारात्मक रुख के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.27 पर खुला।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सर्व साधारण के संज्ञान में लाया जाता है कि आईसीआईसीआई बैंक लि. द्वारा जारी श्री आर एस सिंह का एक आईडी कार्ड, जिसका आईडी कार्ड नं. 2511473 है, जो 17 जुलाई 2025 को गुम हो गया / खो गया है। कोई व्यक्ति जिसको उक्त आईडी कार्ड मिले, से आग्रह किया जाता है कि उक्त आईडी कार्ड प्रबंधक ऋण सेवाएं एवं प्रबंधन ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड को लौटाये।

इसलिये आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को उक्त आईडी कार्ड नं. 2511473 धारक अनाधिकृत व्यक्ति को कोई भुगतान नहीं करने के लिये एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त कृपया समझ लें कि उक्त आईडी कार्ड धारक किसी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई व्यक्ति उसके स्वयं के लागत, जोखिम और विपत्ति पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भुगतान हेतु बाध्य और / अथवा उत्तरदायी नहीं होगा।

**कृते आईसीआईसीआई बैंक लि.**
प्लॉट नं. 7, कम्यूनिटी सेंटर, एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

## राशिफल

**मेष** — परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क** — सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

### रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 - यात्रियों के लिए एक समर्पित सेवा

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे देश की जीवन रेखा है, जो प्रतिदिन करोड़ों यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुँचाने का कार्य करती है। न केवल यात्रा की सुविधा, बल्कि यात्रा के दौरान यात्रियों की आवश्यकताओं, सुझावों और समस्याओं का शीघ्र समाधान भी रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारतीय रेलवे ने रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 की सुविधा उपलब्ध कराई है।यात्री यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा, सेवा में कमी, सफाई, कैटरिंग, कोच की स्थिति, स्टेशन सुविधाएँ, समय-सारणी, टिकटिंग आदि से संबंधित शिकायतें 139 पर कॉल या **SMS** के माध्यम से दर्ज करा सकते हैं। हेल्पलाइन नंबर 139 का समन्वय **RailMadad** पोर्टल से किया गया है, जिससे दर्ज शिकायतें स्वचालित रूप से संबंधित विभाग को अग्रेषित हो जाती हैं और उनके निवारण की निगरानी की जाती है। हेल्पलाइन सेवा हिंदी, अंग्रेजी सहित कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है, जिसमे यात्रियों को अपनी भाषा में सहायता प्राप्त करने में सुविधा होती है। यात्रा के दौरान चिकित्सा, **PNR** की जानकारी, ट्रेन की स्थिति, रिफंड संबंधी जानकारियाँ, ट्रेन रद्द/विलंब आदि जैसी सेवाओं की जानकारी भी 139 नंबर पर कॉल करके प्राप्त की जा सकती है। यह सेवा भारत के सभी मोबाइल नेटवर्कों पर उपलब्ध है।

## निवेश बढ़ाने के लिए रेपो दर में कटौती कोई 'जादू की गोली' नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा है कि हाल के दिनों में केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती कोई 'जादुई की गोली' नहीं है जो एकदम से निवेश को बढ़ावा दे। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में कई अन्य कारक भी भूमिका निभाते हैं। राजन ने कहा कि इस समय ब्याज दर बहुत ज्यादा नहीं हैं और आरबीआई की कटौती का असर दिखने में समय लगेगा। राजन ने बातचीत में कहा, ''... पहले उच्च ब्याज दर को लेकर एक तर्क था, लेकिन मुझे नहीं लगता कि अब यह तर्क बना रह सकता है।'' राजन ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि आरबीआई द्वारा नीतिगत दर में कटौती निवेश को बढ़ावा देने के लिए कोई जादुई गोली साबित होगी। उल्लेखनीय है कि आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने छह जून को प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.5 प्रतिशत की कटौती की। इसके अलावा, नीतिगत रुख को उदार से बदलकर तटस्थ कर दिया गया। यह पूछे जाने पर कि क्या हाल में आरबीआई द्वारा रेपो दर में कटौती से कंपनियां अपनी निवेश योजनाओं को बढ़ाने के लिए प्रेरित होंगी, जाने-माने अर्थशास्त्री ने कहा, ''अधिक पारदर्शी चीजें और विभिन्न क्षेत्रों में अधिक प्रतिस्पर्धा से उद्योग जगत अपने लाभ और नेतृत्व को बनाए रखने के लिए निवेश पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित होंगे।''

**उत्तर रेलवे**


**आवेदन आमंत्रण की सूचना**

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा रेलवे द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटों जैसे JTBS, RTSA, RTA, STBA आदि और आई आर सी टी सी द्वारा नियुक्त अधिकृत टिकट एजेंटों से आवेदन आमंत्रित करता हैं, जिसे दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार में विभिन्न स्थानों पर यात्री टिकट सुविधा केंद्र YTSK) कहा जाएगा। इच्छुक आवेदक/व्यक्ति जो निर्धारित मापदंडों को पूरा करते हैं, वह यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के लिए आवेदन कर सकते है। 2. इस योजना का पूर्ण विवरण जैसे – आवेदन पत्र, मापदंड, नियम और शर्तों, वाई टी एस के के मसौदा – समझौते उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.nr.indianrailways.gov.in** में उपलब्ध है। 3. आवेदक द्वारा सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ आवेदन को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/ पीएस के कार्यालय के वाणिज्य शाखा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं। 4. आवेदन–पत्र को दिनांक 22.07.2025 से रेलवे की वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है जिसे दिनांक 18.08.2025 को 13:00 बजे तक या उसके पहले तक डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र दिनांक 22.07.2025 से दिनांक 18.08.2025 को समय 15:00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे, जिसे दिनांक 18.08.2025 को समय 15:30 बजे खोला जाएगा। ऐसे आवेदन – पत्र जो कि दिनांक 18.08.2025 को 15:00 बजे के बाद प्राप्त होंगे, उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**No. C-6/PRS/YTSK/Policy-II/2019** 2199/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5935




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना–5
5.चतुर, जहीन–5
9.दया, तरस–3
10.कामदेव–3
11.लीन, तल्लीन–2
13.बोली, आवाज–2
14.राजदुर्वा–2
15.एक प्रकार का बिस्किट–2,3
18.मत, सलाह–2
19.जो लायक न हो–4
20.अधीनस्थ–4
21.कहानी, गाथा–2
22.श्रवर्णेद्रिय–2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा–4
26.दान देने वाला–4
29.वरदान, दूल्हा–2
30.पत्नी का नाना–2,3
33.सूर्य, दिनकर–2
34.भीगा हुआ–2
35.सुर आलाप–2
36.फूलों का रस,अर्क–3
38.तरंग, हिलोर–3
41.जरुरतमंद–5
42.सेंधमार–5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण–5
2.टैक्स,हाथ–2
3.महीना, मास–2
4.नामवर, प्रसिद्ध–4
5.संधि, सामंजस्य–4
6.सरुर, नशा–2
7.झंकार–2
8.रमण योग्य–5
12.तगारी, नांद–3
13.सुअर–3
15.अभिमान मर्दित होना –2,3
16.समाप्त–2
17.नेकनीयत–5
23.हनुमान–3,2
24.मुलायम–3
25.उम्मीद, आशा–2
27.बहादुरी–3
28.शिव, रविलोचन–2,3
31.नामचीन–4
32.सुसंचालन–4
36.चेहरे का तेज, दर्प–2
37.रिश्तेदार–2
39.अधिकार–2
40.ईश्वर, भगवान–2

### शब्द पहेली- 5934 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |



# महिला क्रिकेट : सीरीज 1-1 की बराबरी पर, निर्णायक मुकाबले में भारत की इंग्लैंड से कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| चेस्टर ली स्ट्रीट (ब्रिटेन)

भारतीय टीम को लॉर्ड्स की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने गलत शॉट चयन के कारण दूसरे मैच में हार झेलनी पड़ी थी और अब मंगलवार को होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में उसे इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। भारत ने बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से पहला मैच चार विकेट से जीता था, लेकिन शनिवार को लंदन में खेले गए बारिश से प्रभावित दूसरे मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा, जिससे तीन मैचों की श्रृंखला अंतिम वनडे से पहले 1-1 से बराबरी पर है।

## श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण

यह श्रृंखला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व कप दो महीने बाद शुरू होने वाला है। वनडे का यह प्रतिष्ठित महिला टूर्नामेंट 30 सितंबर से शुरू होगा, जिसकी मेजबानी श्रीलंका और भारत के पांच शहर करेंगे। भारत की ऑलराउंड ताकत तथा कुछ खिलाड़ियों की अच्छी फॉर्म के कारण उम्मीद की जा रही थी कि वह दूसरे मैच में ही श्रृंखला अपने नाम कर देगा लेकिन खराब शॉट चयन और परिस्थितियों के अनुकूल ढलने में असमर्थता ने उसकी योजनाओं पर पानी फेर दिया और 29 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए वह आठ विकेट पर 143 रन ही बना सका।



**तीसरा और अंतिम वनडे आज, मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे से होगा शुरू**

## असफल रहे भारतीय गेंदबाज

भारतीय गेंदबाज भी असफल रहे और इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने काफी ओवर शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। अब निर्णायक मुकाबले से पहले भारतीय टीम को कुछ विभागों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर विचार विमर्श करना होगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना और दीप्ति शर्मा को छोड़कर भारत के अन्य बल्लेबाज सोफी एक्लेस्टोन, एम. अर्लट और लिंसी स्मिथ जैसे गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते हुए नजर आए और उसके गेंदबाज भी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए। एक्लेस्टोन की सटीक गेंदबाजी के कारण भारतीय बल्लेबाजों को विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा और वे चेस्टर ली स्ट्रीट में धीमी गति के गेंदबाजों के खिलाफ निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे।

## दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत

भारत को अगर श्रृंखला जीतनी है तो भारत मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, प्रतीका रावल और हरलीन देओल में से कम से कम दो खिलाड़ियों को बड़ी पारी खेलने की जरूरत होगी। निचले क्रम में रिचा घोष और दीप्ति को उन्हें सहयोग देना होगा। जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो वह श्रृंखला के पहले मैच के बाद की तुलना में काफी बेहतर स्थिति में है। उसे गेंदबाजी में एक्लेस्टोन तथा अर्लट और बल्लेबाजी में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट तथा कप्तान नैट साइवर ब्रंट से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, माइया बाउचियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, एम्मा लैंब, लिंसी स्मिथ।

---

## खबर संक्षेप




### एशिया कप हॉकी के लिए अपनी टीम को भारत नहीं भेजना चाहता पाकिस्तान

**कराची।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने खेल की वैश्विक नियामक संस्था एफआईएच को सूचित किया है कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसके लिए अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए अपनी टीम को भारत भेजना मुश्किल होगा। पीएचएफ के प्रमुख तारिक बुगती ने कहा कि उन्होंने एफआईएच और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) को पत्र लिखकर टीम को भारत भेजने को लेकर अपने फैसले से अवगत करा दिया है। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें सूचित किया है कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी टीम को भारत में खेलते समय सुरक्षा संबंधी खतरों का सामना करना पड़ सकता है। हमने उन्हें बता दिया है कि हमारे खिलाड़ी एशिया कप के लिए भारत जाने के इच्छुक नहीं हैं।'

### द ओपन गोल्फः शीर्ष 35 में रहे भाटिया और राय

**पोर्टरश (उत्तरी आयरलैंड)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया 153वें 'द ओपन' गोल्फ में संयुक्त 30वें स्थान पर रहकर मेजर (गोल्फ के चार बड़े टूर्नामेंट) में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल किया। भाटिया लगातार दूसरे साल चारों मेजर खेलने में सफल रहे। इस 23 साल के खिलाड़ी ने चार बर्डी और दो बोगी की मदद से दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर चार अंडर (73-68-70-69) का रहा। भारतीय मूल के ब्रिटेन के गोल्फर आरोन राय संयुक्त 34वें स्थान पर रहे। इस साल के चारों मेजर के कट में जगह बनाने सफल रहे राय ने भी आखिरी दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 69-72-71-69) का रहा।



### अनुष अग्रवाला ने जर्मनी में ड्रेसेज स्पर्धा जीती

**हॉफगेइसमर (जर्मनी)।** भारत के अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ जुबिलमस्टर्नियर हॉफगेइसमर ओपन के ड्रेसेज स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरिस ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले अग्रवाला ने 69.891 प्रतिशत अंकों के प्रभावशाली स्कोर के साथ छह खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें बाकी के अन्य प्रतियोगी जर्मनी के थे। पिया पियोट्रोव्स्की और कथरीना हेमर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। यह जीत इस जोड़ी के लिए 'एस' स्तर पर पहली सफलता है। अग्रवाला और सात साल की उनकी इस मादा घोड़े की यह एकसाथ सिर्फ दूसरी प्रतियोगिता थी। अग्रवाला ने कहा, 'मैं फ्लोरियाना पर अविश्वसनीय रूप से गर्व महसूस कर रहा हूं। यह उसकी केवल दूसरी 'एस' प्रतियोगिता थी।



---

चौथा टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान में कल से होगा शुरू


# चोट ने बिगाड़ा भारतीय टीम का हाल, रेड्डी इंग्लैंड दौरे से बाहर, नहीं खेल पाएंगे अर्शदीप

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारतीय ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं जबकि चोटिल तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह चौथे टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। दूसरे और तीसरे टेस्ट में खेलने वाले रेड्डी रविवार को जिम में अभ्यास करते हुए चोटिल हो गए थे और अब वह स्वदेश लौटेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा,'नीतीश कुमार रेड्डी बाएं घुटने की चोट के कारण शेष दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं। नीतीश स्वदेश लौट आएंगे और टीम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती है।'अर्शदीप को पिछले सप्ताह बेकेनहैम में अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स पर गेंदबाजी करते समय बाएं अंगूठे में चोट लग गई थी। उन्होंने श्रृंखला में अब तक कोई मैच नहीं खेला है। बयान में कहा गया है, बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी प्रगति पर नजर रख रही है।'

हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है और वह मैनचेस्टर में टीम से जुड़ चुके हैं। चौथा टेस्ट मैच बुधवार को ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होगा। इंग्लैंड पांच मैचों की एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 से आगे चल रहा है।



**चौथे टेस्ट के लिए भारत की टीम** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, कुलदीप यादव, अंशुल कंबोज।

## ओल्ड ट्रैफर्ड में इंजीनियर और लॉयड के नाम के होंगे स्टैंड

भारत और इंग्लैंड के बीच यहां प्रतिष्ठित ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर होने वाले चौथे टेस्ट के इतर पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज फारुख इंजीनियर और वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी क्लाइव लॉयड के नाम स्टैंड (दर्शक दीर्घा) को दिए जाएंगे। इंजीनियर और लॉयर्ड की पूर्व काउंटी टीम लंकाशर ने इन दोनों के नाम पर स्टैंड के नाम रखने का फैसला किया है।




इंजीनियर लगभग एक दशक तक लंकाशर की ओर से खेले जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान लॉयर्ड लगभग दो दशक तक क्लब के साथ रहे और क्लब के इतिहास में बहुमूल्य योगदान दिया। सूत्रों नेबताया कि स्टेडियम के नामकरण का समारोह 23 जुलाई के शुरू हो रहे टेस्ट मैच के पहले दिन होगा। इंग्लैंड बेहद कड़े मुकाबलों के बाद पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है। सूत्र ने कहा, 'यह क्लब के दोनों दिग्गजों के लिए उचित सम्मान है।' वर्ष 1968 से 1976 के बीच 87 वर्षीय इंजीनियर ने 175 मैचों में लंकाशर के लिए 5942 रन बनाए, 429 कैच लिए और 35 स्टंपिंग की। दूसरी ओर दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज की टीम के कप्तान लॉयड ने 1970 के दशक की शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में आने के बाद क्लब की किस्मत बदल दी। जब मुंबई में जन्मे इंजीनियर ने लंकाशर के लिए पदार्पण किया तो क्लब ने 15 साल से अधिक समय तक कोई बड़ा खिताब नहीं जीता था लेकिन उन्होंने 1970 से 1975 के बीच चार बार जिलेट कप जीतने में टीम की मदद की। दिलचस्प बात यह है कि इंजीनियर ने अपना अधिकतर क्रिकेट ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला लेकिन वहां उनके नाम पर कोई स्टैंड नहीं है।

---

चाइना ओपन

# विश्व चैंपियनशिप की तैयारी, कोर्ट पर उतरेगी सात्विक-चिराग की जोड़ी




एजेंसी ▶▶| चांग्झू

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे चाइना ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए लय हासिल करने के लक्ष्य के साथ कोर्ट पर उतरेगी।

चाइना ओपन पेरिस में 25 से 31 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होगा। वर्तमान में विश्व में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे हैं लेकिन अभी तक फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। यही नहीं उन्हें पिछले सप्ताह जापान ओपन में पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग से हार का सामना करना पड़ा था।

विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले दौर में जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा का सामना करेगी।

## फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगी सिंधु

एकल वर्ग में लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय और पीवी सिंधू 20 लाख डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म वापस पाने की उम्मीद करेंगे। पिछले कुछ समय से फॉर्म में वापसी करने के लिए संघर्ष कर रहे लक्ष्य पिछले सप्ताह जापान ओपन में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। यहां उनका पहला मुकाबला चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे का सामना करेंगे।अब 16वीं रैंकिंग पर काबिज सिंधू के लिए इंडिया ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचना इस साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है।

---

फिडे ने की घोषणा

# भारत 23 साल बाद करेगा चेस वर्ल्ड कप की मेजबानी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत इस साल 30 अक्टूबर से 27 नवंबर तक शतरंज विश्व कप की मेजबानी करेगा और इस प्रतियोगिता के लिए मेजबान शहर की घोषणा उचित समय पर की जाएगी। विश्व में शतरंज की सर्वोच्च संस्था फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इस टूर्नामेंट में 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित खिताब और 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के क्वालीफिकेशन स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत ने पिछली बार 2002 में हैदराबाद में इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। तब विश्वनाथन आनंद ने खिताब जीता था।

### गुकेश, प्रज्ञानानंद और एरिगैसी लेंगे हिस्सा

आगामी प्रतियोगिता में खिलाड़ी नॉकआउट प्रारूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां प्रत्येक राउंड में हारने वाला खिलाड़ी बाहर हो जाएगा। फिडे ने कहा, 'विश्व कप में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी 2026 के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।' मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश, विश्व कप 2023 के उपविजेता आर. प्रज्ञानानंद और वर्तमान में विश्व में पांचवें नंबर के खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी उन स्टार खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो इस पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, 'हम फिडे विश्व कप 2025 को भारत में आयोजित करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक ऐसा देश है जहां शतरंज के प्रति काफी जुनून है।'

## हरिका को हराकर दिव्या देशमुख सेमीफाइनल में

**बातुमी (जॉर्जिया)।** भारत की प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरती हुई अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली हमवतन डी हरिका को टाईब्रेक में 2-0 से हराकर यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्लासिकल बाजी दो बार ड्रॉ होने के बाद रैपिड टाईब्रेक में हरिका पर दबाव था। दिव्या ने दृढ़ निश्चय के साथ पहली बाजी जीती जिससे हरिका पर काफी दबाव बन गया। दिव्या ने इसके बाद दूसरी बाजी भी जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। हरिका तीन अलग-अलग मौकों पर इसी तरह के प्रारूप में सेमीफाइनलिस्ट रही हैं जिसे तब विश्व महिला चैंपियनशिप कहा जाता था। हम्पी और अब दिव्या दो भारतीय बन गई हैं जिन्होंने महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह प्रतियोगिता नए विश्व चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है। इसका मतलब यह भी है कि अगले साल होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक भारतीय का प्रवेश पक्का हो गया है।

---

## 6 भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को विश्व विश्वविद्यालय खेलों से प्रतिबंधित किया

**नई दिल्ली।** जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) में मिश्रित टीम कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय बैडमिंटन टीम चयन को लेकर विवादों में घिर गई है क्योंकि चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को कथित प्रशासनिक चूक के कारण भाग लेने से रोक दिया गया है। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया था लेकिन केवल छह को ही प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति दी गई क्योंकि अधिकारी 16 जुलाई को प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत करने में विफल रहे। बाहर की गई एक खिलाड़ी अलीशा खान ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ''यह केवल कुप्रबंधन नहीं है- यह करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम जवाब, जवाबदेही और हमारी आवाज सुनी जाने की मांग करते हैं। हमने कोई मैच नहीं गंवाया - हमने भाग लेने का अपना अधिकार ही खो दिया।'' उन्होंने लिखा, ''यह केवल एक गलती नहीं है। यह एआईयू और हमारी टीम के अधिकारियों द्वारा करियर को नुकसान पहुंचाने वाला है। हम न्याय की मांग करते हैं।'' सूत्रों के अनुसार बीवी राव और अजीत मोहन भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अधिकारी थे जो बैठक में शामिल हुए थे। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों के लिए नोडल संस्था एआईयू ने इस घटना को स्वीकार किया है। एआईयू सचिव डॉ. पंकज मित्तल ने आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार करते हुए बताया, ''हमें इसकी जानकारी दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है।''

---

# मिचेल ओवन का धमाकेदार डेब्यू, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले टी20 में दी मात

एजेंसी ▶▶| किंग्स्टन (जमैका)

मिशेल ओवेन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जमाया और एक विकेट लिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की।

ओवेन ने 27 गेंद पर छह छक्कों की मदद से 50 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन (26 गेंदों पर 51 रन, दो चौके, पांच छक्के) के साथ पांचवें विकेट के लिए 40 गेंदों पर 80 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने मैच में सात गेंद शेष रहते 190 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया। वेस्टइंडीज की टीम ने पहले बल्लेबाजी थी आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 189 रन बनाए। उसकी शुरुआत अच्छी रही लेकिन अंतिम नौ गेंदों पर पांच रन पर चार विकेट गंवाने के कारण वह 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सकी।

**पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 3 विकेट से दर्ज की जीत**



## ड्वारशुइस ने 36 रन देकर 4 विकेट झटके

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज बेन ड्वारशुइस ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 36 रन देकर चार विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने चार गेंदों में तीन विकेट हासिल किए। जेसन होल्डर ने उनकी हैट्रिक नहीं बनने दी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। वेस्टइंडीज के शीर्ष चार बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की। रोस्टन चेज ने 32 गेंदों पर 60 रन बनाए और शाई होप (55) के साथ दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। उनके अलावा शिमरोन हेटमायर ने 38 रन का योगदान दिया।

---

डीसी ओपन से वीनस विलियम्स करेंगी वापसी

# एक साल बाद फिर टेनिस कोर्ट में दिखेगा वीनस का जलवा

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

वीनस विलियम्स एक साल से अधिक समय के बाद पहली बार टेनिस कोर्ट पर लौटने के लिए तैयार हैं और उनकी दिली इच्छा है कि उनकी छोटी बहन सेरेना भी वापसी करें। वीनस डीसी ओपन से टेनिस कोर्ट पर वापसी करेंगी। दूसरी तरफ सेरेना का हाल में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह रैकेट घुमाती दिख रही हैं। वीनस से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी टीम से कहती रहती हूं कि अगर वह यहां होती तो बहुत अच्छा होता। हमने शुरू से काफी कुछ साथ में किया है और इसलिए मुझे निश्चित तौर पर उसकी कमी खलती है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर वह वापसी करती है तो मुझे पूरा विश्वास है कि वह इस बारे में आप सबको अवगत कर देगी।'



**वीनस ने जीते सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब**

सेरेना 43 वर्ष की है और उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन के बाद कोई मैच नहीं खेला था। इसके बाद उन्होंने उस खेल से दूर जाने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने लंबे समय तक दबदबा बनाए रखा था। इस दौरान उन्होंने 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब और वीनस के साथ 14 युगल खिताब जीते थे। अमेरिका की राजधानी में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट शुरू होने से एक दिन पहले वीनस ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि वह क्या करने जा रही है। मैं उससे इस बारे में नहीं पूछती। मुझे लगता है कि वह हमेशा गेंद को हिट करती रहती है क्योंकि हम ऐसे ही हैं।'

## वीनस ने आखिरी टूर्नामेंट मियामी ओपन मार्च 2024 में खेला था

वीनस ने कहा कि, हाल ही में उनके एक अभ्यास सत्र के दौरान सेरेना वहां आईं और लगभग 15 या 20 मिनट तक उनके साथ रहीं। वीनस ने कहा, 'वह छह महीने की छुट्टी ले सकती है और फिर आसानी से वापसी कर सकती है। आप उस जैसी प्रतिभा को सिखा नहीं सकते।' पिछले महीने 45 साल की हुईं वीनस ने सात ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं, जिनमें दो अमेरिकी ओपन और पांच विंबलडन खिताब शामिल हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट मार्च 2024 में मियामी ओपन में था, जहां वह पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।



# नौसेना और तटरक्षक बलों की बढ़ाएगा और ताकत

**» मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया गया**

**» अगले साल मिलेगा पहला स्वदेशी ट्रांसपोर्ट विमान**

**मेड इन इंडिया सी-295 विमान**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना में पुराने विमानों को नए विमानों से बदला जा रहा है, इनमें 60 के दशक से सेवाएं दे रहे छोटा ट्रांसपोर्टर विमान की जगह ले रहा है सी-295एमडब्ल्यू मीडियम लिफ्ट टैक्टिकल विमान। वायुसेना के साथ-साथ अब सी-295एमडब्ल्यू की खरीद भारतीय नौसेना और तटसुरक्षा बलों के लिए भी की जा रही है।

सी-295एमडब्ल्यू के मरीन वर्जन के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) 13 मार्च 2025 को जारी किया गया था। 15 मार्च 2024 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई डीएसी की बैठक में एओएन को मंजूरी दी गई थी।

कुल 15 सी-295एमडब्ल्यू की खरीद की जानी है, जिनमें से 9 विमान नेवी के लिए और 6 कोस्टगार्ड के लिए होंगे। इसकी कमर्शियल बिड के निविदा की अंतिम तारीख दिसंबर 2025 है।

### 11 घंटे तक भर सकता है उड़ान

*480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। इस विमान में स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट लगा हुआ है। मेडिकल इवेक्यूएशन ऑपरेशन के दौरान इस विमान में 24 स्ट्रेचर लगाए जा सकते हैं।*

### वायुसेना के पास आ चुके हैं 15 विमान

भारत सरकार ने स्पेन से 56 नए सी-295एमडब्ल्यू विमानों की खरीद का करार साल 2021 में किया था। इसका निर्माण गुजरात के वडोदरा में किया जा रहा है और इसका पहला स्क्वाड्रन भी वहीं स्थापित किया गया है। भारत में एयरबस का पार्टनर टाटा कंसॉर्टियम है। समझौते के मुताबिक स्पेन से कुल 56 विमान भारतीय वायुसेना के लिए जा रहे हैं, जिनमें से 16 विमान स्पेन से पूरी तरह तैयार होकर फ्लाई वे कंडीशन में भारत आ रहे हैं, जिनमें से 15 अब तक वायुसेना को मिल चुके हैं। इसके अलावा बाकी 40 को लाइसेंस के तहत भारत में बनाया जा रहा है। अगले साल अगस्त-सिंतबर में देश में बना पहला ट्रांसपोर्ट विमान एयरफोर्स को मिलने की उम्मीद है।



**नए विमान ला रही सेना**

*पुराने विमान में एवरो की जगह सी-295एमडब्ल्यू ले रहा है। एएन-32 विमान साल 2032 के बाद सेना से हटना शुरू हो जाएंगे, जबकि आईएल-76 कुछ और साल अपनी सेवाएं देंगे। एएन-32 के रिप्लेसमेंट के लिए भी सी-295एमडब्ल्यू की आवश्यकता वायुसेना की तरफ से जारी की गई है।*

### छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ करने में सक्षम

नए विमान की माल ढोने की क्षमता 5 से 10 टन की है, यानी लगभग 70 सैनिकों और पूरे बैटल लोड के साथ 50 पैराट्रूपर को आसानी से ले जा सकता है। इस विमान से सैनिक और कार्गो को पैरा ड्रॉप करने के लिए रीयर रैंप डोर भी है। यह विमान नीची उड़ान भरने में सक्षम है। यह विमान छोटे रनवे से लैंडिंग और टेकऑफ कर सकता है। टेकऑफ महज 670 मीटर से और लैंडिंग 320 मीटर के रनवे पर कर पाने की क्षमता है।

## खबर संक्षेप

### ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए गूगल और मेटा

**नई दिल्ली।** अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए के प्लेटफॉर्म को प्रमोट करने से जुड़े मनी लॉड्रिंग मामले में सोमवार को गूगल और मेटा (फेसबुक) कंपनियों के अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए। अब उन्हें 28 जुलाई को फिर से समन भेजा गया है। मामले में ईडी इन कंपनियों से यह जानना चाहती है कि अवैध सट्टा और जुए के प्लेटफॉर्म उनके सोशल मीडिया और एप्स पर कैसे विज्ञापन चला पा रहे हैं। इन विज्ञापनों के जरिए लोगों से ठगी की जा रही है और कई करोड़ की मनी लॉड्रिंग हो रही।




### ब्रिटिश एफ-35बी विमान ठीक हुआ, जल्द लौटेगा

**कोच्चि।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ-35बी लड़ाकू विमान 14 जून को इमरजेंसी लैंडिंग के बाद केरल के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसा हुआ था। अब ये विमान उड़ान भरने और वापस ब्रिटेन जाने के लिए तैयार हो गया है। तकनीकी मरम्मत के लिए 6 जुलाई को आई 14 सदस्यीय इंजीनियर्स की टीम एयरबस ए400एम एटलस विमान से ब्रिटेन लौटेगी। जल्द ही एफ-35 फाइटर जेट भी ब्रिटेन वापसी के लिए टेक ऑफ करेगा। ब्रिटेन ने भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डा टीमों का आभार जताया है।



### जापान के पीएम चुनाव हारे, पद पर बने रहेंगे

**टोक्यो।** जापान के पीएम शिगेरू इशिबा ने सोमवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के उच्च सदन का चुनाव हार जाने के बावजूद वह पद पर बने रहेंगे ताकि देश बढ़ती कीमतों और उच्च अमेरिकी शुल्क जैसी चुनौतियों से निपट सके। इशिबा का सत्तारूढ़ गठबंधन सोमवार को अहम संसदीय चुनाव में 248 सीट वाले ऊपरी सदन में बहुमत हासिल नहीं कर सका। इशिबा की 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' (एलडीपी) और उसके गठबंधन सहयोगी 50 सीटें जीतनी थीं लेकिन गठबंधन 47 सीट ही जीत सका।



## बांग्लादेश वायुसेना का प्रशिक्षण चीनी विमान कॉलेज परिसर में गिरा

# पायलट समेत 19 की मौत, 164 से अधिक लोग घायल हुए, सेना राहत और बचाव कार्य में जुटी

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की वायुसेना का चीन में बना एफ-7 बीजीआई प्रशिक्षण विमान सोमवार को ढाका के उत्तरा क्षेत्र के दियाबारी इलाके में माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज परिसर में गिर गया।

हादसे में अब तक पायलट समेत 19 लोगों की मौत हो गई है। 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को वायुसेना के हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। यह विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा। विमान से आग की लपटें उठीं और कैंपस में धुआं फैल गया। घटना के बाद कॉलेज में अफरातफरी मच गई। कई छात्रों को बसों से घर भेजा गया। एयरक्राफ्ट में लगी आग को बुझाने के लिए फायरब्रिगेड कर्मचारियों को बेहद मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद बांग्लादेशी सेना स्कूल कैंपस में तैनात है। सेना राहत और बचाव कार्य में भी जुटी है।

**सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की**

**हादसे के समय कॉलेज में क्लासेस चल रही थीं**



### चीन में बना है यह विमान

*एफ-7बीजीआई बांग्लादेश एयरफोर्स (बीएएफ) का मल्टीरोल लड़ाकू विमान है। यह चीन के चेंगदू जे-7 लड़ाकू विमान का उन्नत फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के मिग-21 की तर्ज पर बनाया गया था। बीएफएएफ ने 2011 से 2013 के बीच यह विमान खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। यह विमान एयर डिफेंस, ग्राउंड अटैक और समुद्री इलाकों में हमले जैसी कई भूमिकाओं में काम आता है।*

### राहत और बचाव कार्य जारी

*नेशनल बर्न इंस्टीट्यूट के अधिकारी प्रोफेसर मोहम्मद सईदुर रहमान और हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी घटना की पुष्टि की है। सूचना मिलने पर बांग्लादेशी सेना के सदस्य, अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा की 8 गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। माइलस्टोन स्कूल और*



*कॉलेज के प्रवक्ता ने कहा कि विमान स्कूल के गेट के पास गिरा। हादसे के वक्त माइलस्टोन कॉलेज में बच्चे मौजूद थे। प्लेन क्रैश होने के बाद स्कूल-कॉलेज में अफरातफरी मच गई। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए।*

### यूनुस ने हादसे पर दुख जताया

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा कि इस विमान हादसे में वायुसेना के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही।



## पीएम मोदी जाएंगे यूनाइटेड किंगडम

# भारत व ब्रिटेन व्यापार समझौते पर 24 जुलाई को होंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। उनकी यात्रा का मकसद व्यापार, निवेश और रक्षा क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है। एक अधिकारी ने बताया कि इस यात्रा में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 जुलाई को लंदन में हस्ताक्षर किए जाएंगे।

इस अवर पर पीएम के साथ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रहेंगे। दोनों देशों ने छह मई को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी।

मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, इसे लागू करने से पहले ब्रिटिश संसद और भारत में केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी लेनी होगी। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद इसे लागू होने में लगभग एक साल लगेगा।

**छह मई को एफटीए पर पूरी हुई थी चर्चा लागू होने में लगभग एक साल लगेगा**

### भारत-ईयू के बीच सितंबर में वार्ता

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अगले दौर की वार्ता सितंबर में होगी। दोनों पक्षों के बीच वार्ता का 12वां दौर ब्रसेल्स में संपन्न हुआ था। भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ ने आठ वर्ष से अधिक के अंतराल के बाद जून, 2022 में एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते, एक निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों (जीआई) पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की थी। बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह समझौता रुक गया था। भारत और यूरोपीय संघ इस वर्ष के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। पीएम मोदी और यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष ने इस वर्ष के अंत तक बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने को लेकर 28 फरवरी को सहमति व्यक्त की थी।

### 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक होगा व्यापार

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते में चमड़ा, जूते और कपड़ा जैसे श्रम-प्रधान उत्पादों के निर्यात पर कर हटाने का प्रस्ताव है। साथ ही ब्रिटेन से व्हिस्की और कारों के आयात को सस्ता किया जाएगा। उम्मीद है कि इस समझौते से 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## मुंबई में विमान रनवे से आगे निकला

# सभी सवार लोग सुरक्षित, इंजन को नुकसान, 3 टायर फटे, जांच जारी



एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का एआई2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया।

### हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ

हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। विमान के दाहिने इंजन के नैसेल को नुकसान पहुंचा है। हादसे में विमान का एक पंख भी क्षतिग्रस्त हुआ। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए। हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। जानकारी मिलते ही डीजीसीए की एक टीम जांच के लिए मुंबई एयरपोर्ट पहुंची है।

## इजराइल ने किया भीड़ पर हमला, 80 लोग मरे

एजेंसी ▶▶ दीर अल-बलाह


संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने इजराइल पर आरोप लगाया है कि उसने टैंक, स्नाइपर और अन्य हथियारों का उपयोग करके मदद मांगने वाले सहायता मांगने वाले फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की। डब्ल्यूएफपी ने एक बयान में उत्तरी गाजा में हिंसा की निंदा की। फिलिस्तीनी लोग भोजन लाने वाले ट्रकों के काफिले तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इस घटना में 80 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने 'तत्काल खतरे को हटाने' के लिए चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं और आंकड़ों को झूठा बतलाया।

## नासा और इसरो के संयुक्त उपग्रह 'निसार' का होगा प्रक्षेपण

# 30 जुलाई को पृथ्वी से 743 किमी दूर स्थापित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह 'निसार' को 30 जुलाई की शाम 5 बजकर 40 मिनट पर प्रक्षेपित किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 सिंथेटिक अपर्चर रडार (निसार) उपग्रह को 743 किलोमीटर दूर सूर्य-समकालिक कक्षा में स्थापित करेगा और इसका झुकाव 98.4 डिग्री होगा। इसरो ने एक बयान में बताया कि निसार पहली बार



स्वीपएसएआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगा, जिसके तहत 242 किलोमीटर के दायरे में पृथ्वी की निगरानी करेगा।

**पूरी दुनिया की निगरानी करेगा:** इसरो ने बताया कि निसार उपग्रह पूरी दुनिया की निगरानी करेगा और हर 12 दिन में हर मौसम, दिन और रात के आंकड़े व जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे कई क्षेत्रों में इसका उपयोग किया जा सकेगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, निसार उपग्रह पृथ्वी की सतह पर होने वाले बदलाव, हिमस्खलन और पेड़-पौधे तथा वनस्पति में किसी भी तरह के बदलाव और यहां होने वाले हर छोटे-छोटे परिवर्तन का भी पता लगा सकता है। इसके अलावा समुद्री बर्फ का वर्गीकरण, जहाज का पता लगाना, तटरेखा की निगरानी, मिट्टी की नमी में परिवर्तन, सतही जल संसाधनों का मानचित्रण और निगरानी तथा आपदा मोचन आदि में भी यह काम करेगा।

### 12,500 करोड़ रुपये की लागत से किया गया तैयार

निसार 2,392 किलो वजन वाला एक अद्वितीय पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है। करीब 1.5 अरब डॉलर (लगभग 12,500 करोड़) की लागत से तैयार यह सैटेलाइट अब तक का सबसे महंगा अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट होगा। निसार सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) नामक खास तकनीक का इस्तेमाल करेगा। इस तकनीक से रडार सिस्टम की मदद से बहुत अच्छी तस्वीरें ली जा सकेंगी। इसके लिए रडार को एक सीधी लाइन में आगे बढ़ना होगा। यह मिशन पृथ्वी पर हो रहे तीन बड़े बदलावों को समझने में मदद करेगा। इससे हमें इकोसिस्टम, कार्बन चक्र, पृथ्वी की सतह में बदलाव, समुद्र के स्तर में बढ़ोतरी और अन्य प्रभावों के बारे में पता चलेगा।

## वॉल स्ट्रीट जर्नल पर फिर भड़के डोनाल्ड ट्रंप

# फेडरल चीफ की बर्खास्तगी वाली रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट को 'झूठा और भ्रामक' बताया। यह रिपोर्ट कहती है कि ट्रंप को उनके ट्रेजरी सेक्रेटरी ने समझाया था कि फेडरल रिजर्व चेयरमैन जेरोम पॉवेल को हटाना शेयर बाजार के

### मैं जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही

ट्रंप ने इस खबर को सिरे से खारिज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि डब्ल्यूएसजे ने एक और झूठी स्टोरी छापी है कि ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने मुझे समझाया कि पॉवेल को हटाने से बाजार गिर जाएगा। किसी को मुझे समझाने की जरूरत नहीं, मैं खुद जानता हूं कि बाजार और अमेरिका के लिए क्या सही है। अगर मैं नहीं होता, तो बाजार आज रिकॉर्ड ऊंचाई पर नहीं होता बल्कि कब का क्रैश हो

## 2006 का मुंबई लोकल ट्रेन सीरियल ब्लास्ट केस मामला

# 19 साल बाद सभी 12 आरोपी बरी, हाईकोर्ट ने 'सबूतों के अभाव' में रद्द कर दी फांसी की सजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

11 जुलाई 2006 को मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सात धमाकों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। करीब 19 साल बाद, बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 12 लोगों को बेगुनाह करार देते हुए बरी कर दिया।

इनमें से पांच को विशेष अदालत ने मौत की सजा और बाकियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट का कहना है कि अभियोजन पक्ष इस मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा है। यह फैसला उस दर्दनाक हादसे के करीब दो दशक बाद आया, जब मुंबई की लोकल ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार धमाकों ने सैकड़ों जिंदगियों को तबाह कर दिया था। जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांदक की विशेष बेंच ने कहा कि अभियोजन पक्ष मामले को साबित करने में पूरी तरह नाकाम रहा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सबूतों और गवाहों के बयानों में कई खामियां थीं, जो इस केस को कमजोर करती थीं।

### गवाहों पर कोर्ट को नहीं हुआ यकीन



कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के लगभग सभी गवाहों के बयानों को अविश्वसनीय करार दिया। फैसले में कहा गया कि टैक्सी ड्राइवरों और ट्रेन में मौजूद लोगों के लिए धमाकों के 100 दिन बाद आरोपियों को याद करना मुश्किल था। इसके अलावा, बम, बंदूकें, नक्शे जैसे सबूतों की बरामदगी को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया। कोर्ट का कहना था कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि धमाकों में किस तरह के बम का इस्तेमाल हुआ था। इसलिए ये बरामद सबूत मामले से जुड़े नहीं माने गए।

### 11 मिनट में 7 धमाके हुए थे

11 जुलाई 2006 को शाम के वक्त, जब मुंबई की लोकल ट्रेनें यात्रियों से खचाखच भरी थीं, सात जगहों पर आरडीएक्स बम धमाके हुए। ये धमाके खार-सांताक्रूज़, बांद्रा-खार, जोगेश्वरी, माहिम, मीरा रोड-भायंदर, माटुंगा-माहिम और बोरीवली में हुए। सिर्फ 11 मिनट के अंदर इन धमाकों ने शहर को दहला दिया। पहले सात अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गईं, लेकिन बाद में मामले को एटीएस को सौंप दिया गया। एटीएस ने गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। 2015 में निचली अदालत ने 13 में से 12 लोगों को दोषी ठहराया, लेकिन एक शख्स वाहिद शेख को बरी कर दिया गया था। अब हाई कोर्ट के इस फैसले ने बाकी 12 लोगों को भी बेगुनाह करार दिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109